शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



वाडियार अब अधिशेष राजस्व के कारण चामुंडी हिल पर स्वामित्व का ... @ नम्मा बेंगलूरु


Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | शनिवार, 17 अगस्त, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-229

### बंटवारे का बीज बोने वाले की रचनाएं नहीं पढ़ाई जाएंगी

### जिस इकबाल का कोई इकबाल नहीं

# ...तो क्यों ढोते रहे हम इतने साल!

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** अल्लामा इकबाल के नाम से प्रसिद्ध मोहम्मद इकबाल ने कभी सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा लिखा था, वही इकबाल देश के विभाजन के लिए सबसे मुखर और बड़े जिम्मेदार था। इकबाल न सिर्फ मुस्लिम लीग, बल्कि जिन्ना के लिए भी अगुवा की भूमिका निभा रहे थे। मोहम्मद इकबाल ने ही मजहबी आधार पर मुस्लिमों के लिए सबसे पहले अलग देश की मांग की थी। विडंबना यह है कि ऐसे ही नस्लदूषित शख्स को अब तक भारत में काफी इज्जत मिलती रही। लेकिन अब दिल्ली विश्वविद्यालय ने तय किया है कि मोहम्मद इकबाल से जुड़े अध्याय डीयू सिलेबस से हटा दिए जाएं।



दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. योगेश सिंह ने कहा, मोहम्मद इकबाल भारत विभाजन की शुरुआत करने वालों में से थे, और पाकिस्तान के संस्थापक माने जाने वाले मोहम्मद अली जिन्ना के सलाहकार भी थे। उन्होंने 1904 में लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाई करते हुए सारे जहां से अच्छा, हिंदोस्तां हमारा लिखा, उन्होंने तराना-ए-हिंद भी लिखा, लेकिन खुद कभी इसे स्वीकार नहीं किया। इकबाल उर्दू और फारसी के शायर थे, जिन्होंने हिंदुस्तान को छोड़कर पाकिस्तान को चुना और उसके निर्माण की वैचारिक नींव डाली थी। अब दिल्ली विश्वविद्यालय के किसी भी वर्ग में इकबाल की रचनाएं नहीं पढ़ाई जाएंगी। विश्वविद्यालय मोहम्मद इकबाल से जुड़े सभी अध्याय सिलेबस से हटाने जा रहा है।

बुधवार 14 अगस्त 2024 को विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को ▶10 पर


### मूर्ख इस्लामिक कट्टरपंथियों ने महान फिल्मकार को भी नहीं बख्शा

### यह कैसा धर्म जहां महानता की इज्जत नहीं!

# ...और धर्मांधों ने ऋत्विक घटक का घर ढहा दिया

**ढाका, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामिक हिंसा के बीच बंगाली और आर्ट सिनेमा के महान फिल्मकारों में से एक ऋत्विक घटक के पुश्तैनी घर को कट्टर इस्लामिक तत्वों ने ध्वस्त कर दिया है। उनका यह पुश्तैनी घर बांग्लादेश के राजशाही जिले में था, जहां उनके पिता जिला मजिस्ट्रेट थे। ऋत्विक का जन्म ढाका में हुआ था। ऋत्विक घटक की किशोरावस्था और युवावस्था राजशाही जिले में ही बीती थी।

ऋत्विक घटक का घर राजशाही जिले के मियांपाड़ा में था। उनके भवन के अगले हिस्से में राजशाही होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज था, जबकि पिछले हिस्से में उनका परिवार रहा करता था। यह घर अभी अभी बीते 6 अगस्त को ध्वस्त कर दिया गया, जिस दिन बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर जाना पड़ा था।




साल 2017 में प्रसिद्ध कलाकार ऋत्विक घटक के इस घर को विरासत स्थल घोषित करने का प्रस्ताव दिया गया था। राजशाही की ऋत्विक घटक फिल्म सोसायटी की तरफ से सरकार के समक्ष यह प्रस्ताव दिया गया था। प्रस्ताव में इस घर को ऋत्विक सेंटर के तौर पर विकसित करने की मांग की गई थी, जहां फिल्मों पर शोध हो और जहां फिल्मों के अकादमिक पक्ष का अध्ययन अध्यापन हो सके। ऋत्विक घटक का घर करीब 5 बीघा जमीन में बना हुआ था। इस घर पर रवींद्रनाथ टैगोर, उस्ताद अली अकबर खान और उस्ताद बहादुन खान जैसे मशहूर लोग आ चुके थे। फिल्म रिसर्चर संजय मुखोपाध्याय ने इसे इतिहास का टुकड़ा खोने सरीखा बताया है।

ऋत्विक घटक एक बेहतरीन निर्माता निर्देशक तो थे ही इसके ▶10 पर

### जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा

# जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में होगा चुनाव

- 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को होगा मतदान
- हरियाणा की 90 सीटों पर एक अक्टूबर को ही होगी वोटिंग

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** चुनाव आयोग ने जम्मू कश्मीर में बहुप्रतीक्षित विधानसभा के चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही हरियाणा में भी विधानसभा के चुनाव होंगें। जम्मू कश्मीर में विधानसभा का चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को होगा। हरियाणा में भी एक अक्टूबर को ही विधानसभा चुनाव होगा। दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम चार अक्टूबर को घोषित होंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। जबकि हरियाणा में एक ही दिन सभी 90 विधानसभा सीटों पर ▶10 पर

विधानसभा चुनाव: 2024

**दो राज्यों में बजा चुनावी बिगुल**

जम्मू कश्मीर — सीटें 90, बहुमत 46

| | पहला चरण | दूसरा चरण | तीसरा चरण |
|---|---|---|---|
| अधिसूचना | 20 अगस्त | 29 अगस्त | 05 सितंबर |
| नामांकन | 27 अगस्त | 05 सितंबर | 12 सितंबर |
| नामांकन की जांच | 28 अगस्त | 06 सितंबर | 13 सितंबर |
| नाम वापसी | 30 अगस्त | 09 सितंबर | 17 सितंबर |
| मतदान | 18 सितंबर | 25 सितंबर | 01 अक्टूबर |

हरियाणा — सीटें 90, बहुमत 46

| | तारीख |
|---|---|
| अधिसूचना | 05 सितंबर |
| नामांकन | 12 सितंबर |
| नामांकन की जांच | 13 सितंबर |
| नाम वापसी | 17 सितंबर |
| मतदान | 01 अक्टूबर |

नतीजे: 04 अक्टूबर

### महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव बाद में

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव की घोषणा पर लोगों की नजर थी, लेकिन आयोग ने फिलहाल इस राज्य में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा नहीं की है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, पिछली बार महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। उस समय जम्मू-कश्मीर कोई फैक्टर नहीं था। उन्होंने कहा कि इस साल 4 चुनाव हैं और इसके तुरंत बाद 5वां चुनाव भी कराया जाना है। जिन प्रदेशों में ▶10 पर

### बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मो. यूनूस ने पीएम मोदी से बात की

# हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की हिफाजत का वादा

- स्थिति सामान्य होने तक भारत निलंबित रखेगा वीजा सेवाएं
- बांग्लादेश में जारी हिंसा की जांच करेगी संयुक्त राष्ट्र की टीम

**ढाका/दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की हिफाजत का भरोसा दिलाया। मोहम्मद यूनुस ने पीएम मोदी से बांग्लादेश में लोकतंत्र और शांति बहाली के मुद्दों पर विस्तार से बात की। पीएम मोदी ने इस बातचीत का जिक्र अपने सोशल मीडिया मंच पर भी किया। पीएम



मोदी ने कहा, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने फोन पर बात की। मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

मोहम्मद यूनुस के साथ बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ▶10 पर

### डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या का मामला

# हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार को जिम्मेदार ठहराया

**हाईकोर्ट ने आरजी कर अस्पताल बंद करने की चेतावनी दी**

**कोलकाता, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की रेप के बाद बर्बर तरीके से हत्या के बाद प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों पर हमले का कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार 16 अगस्त 2024 को घटनास्थल पर सबूतों को मिटाने के लिए शुरू किए गए निर्माण कार्य को राज्य सरकार से पूछा कि क्या वहां मरम्मत का कार्य इतना जरूरी था? इसके अलावा आरजी कर मेडिकल अस्पताल में प्रदर्शनकारी डॉक्टरों पर हुए हमलों को लेकर भी राज्य सरकार पर सवाल उठाया है।

हाईकोर्ट के उठाए सवालों पर राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की थी, लेकिन 5000 से 7000 लोगों की भीड़ ने आगे बढ़ते हुए अवरोधकों को तोड़ दिया। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल भी हो गए। इस पर मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगनम और न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने इसे खुफिया जानकारी हासिल करने में पुलिस की ▶10 पर



### डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार सख्त, नया निर्देश जारी

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के लिए एक सख्त निर्देश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि अस्पताल परिसर में कर्मचारियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ कोई भी हिंसा होने पर छह घंटे के भीतर पुलिस में शिकायत दर्ज करानी होगी। इसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्थान के प्रमुख की होगी। ▶10 पर

# इसरो का ईओएस-08 उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचा

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** इसरो ने श्री हरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से सुबह नए रॉकेट एसए-सएलवी डी-3 की लॉन्चिंग कर दी। इसके साथ ईओएस-08 मिशन के तौर पर नई अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट लॉन्च की गई, जो कि आपदाओं के बारे में अलर्ट देगी। इसे सफलतापूर्वक कक्षा में प्रक्षेपित किया गया। यह एसएसएलवी की अंतिम प्रदर्शन उड़ान होगी। इसरो ने बताया कि एसए-सएलवी-डी3-ईओएस के प्रक्षेपण से पहले काउंटडाउन 02: 47 बजे शुरू हो चुका था।

अर्थ ऑब्जरवेशन सेटेलाइट ईओएस-08 पृथ्वी की निगरानी करने के साथ ही पर्यावरण और आपदा को लेकर जानकारी देगा। इसके साथ ही तकनीकी प्रदर्शन भी करेगा। लगभग



175.5 किलोग्राम वजन वाला ईओएस-08 कई वैज्ञानिक और व्यावहारिक क्षेत्रों में मूल्यवान डाटा और अंतर्दृष्टि का योगदान देने के लिए तैयार है। ईओएस-08 में तीन अत्याधुनिक पेलोड हैं: एक इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (ईओआईआर), एक ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस-आर) और एक एसआईसी यूवी डोसिमीटर। ईओआईआर पेलोड को मध्य-तरंग आईआर और लंबी-तरंग आईआर बैंड में दिन और रात दोनों छवियों को कैप्चर करने के लिए डिजाइन किया गया ▶10 पर

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

**सोना : 73,330/- (प्रति 10 ग्राम)**

**चाँदी : 84,116/- (प्रति किलोग्राम)**

## मौसम बेंगलूरु

**अधिकतम : 28⁰**
**न्यूनतम : 21⁰**


### जम्मू-कश्मीर में अब विधानसभा चुनाव ने दे दी दस्तक

# 370 हटने के बाद बहुत बदल चुका जम्मू-कश्मीर

**जम्मू/श्रीनगर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो गया। लंबे इंतजार के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। अनुच्छेद 370 हटने और केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद से ही जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की मांग हो रही थी। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी भारत सरकार से कहा था कि वहां शीघ्र ही विधानसभा चुनाव करा लिए जाएं।

जम्मू-कश्मीर में इस बार जो चुनाव होने जा रहे हैं, वह पूरी तरह अलग हैं। पांच साल के अंदर जम्मू-कश्मीर की विधानसभा पूरी तरह बदल चुकी है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन सम्पन्न हो गया है। उस वजह से जम्मू और कश्मीर संभाग में सीटों में परिवर्तन देखने को मिला है। अब जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें कर दी गई हैं,

### परिसीमन के बाद बहुत बदल चुकी विधानसभा सीटें




इसमें 24 सीटें पाक अधिकृत कश्मीर की शामिल हैं। अगर इन 24 सीटों को हटा दिया जाए तो 90 विधानसभा सीटें निकलती हैं। पहले यह आंकड़ा 83 हुआ करता था। ऐसे में कुल सात सीटें बढ़ चुकी हैं। यहां भी जम्मू संभाग में 6 सीटें बढ़ी हैं, वहीं कश्मीर संभाग में एक सीट का इजाफा हुआ है। जम्मू क्षेत्र में 43 सीटें रहने वाली हैं और कश्मीर संभाग में अब 47 सीटें होंगी।

अगर पहले की स्थिति की बात करें तो जम्मू-कश्मीर में 83 सीटें होती थीं, तब जम्मू संभाग से ज्यादा कश्मीर संभाग में सीटें थीं। अब परिसीमन के बाद हालात बदल सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में अनुसूचित जाति के लिए पहली बार 7 सीटें रिजर्व कर दी गई हैं। वही दूसरी तरफ अनुसूचित जनजाति के लिए 9 सीटें आरक्षित रखी गई हैं। एसटी के लिए रिजर्व होने वाली सीटों में राजौरी, कोकरनाग, थाना मंडी, सुरनकोट, पुंछ हवेली, बुधल मेंधर, गुरेज और गुलबर्ग शामिल हैं। ▶10 पर

## कार्टून कॉर्नर



शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# स्वतंत्रता दिवस पर कामधेनु गौशाला में सेवा व पार्श्व लब्धिधाम में दर्शन वंदन का लाभ

## सदस्यों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
जीतो महिला विंग बेंगलूरु साउथ द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सेवा एवं जीवदया के अन्तर्गत कामधेनु गौशाला नेलमंगला एवं पार्श्व लब्धिधाम में दर्शन वंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 35 सदस्यों ने भाग लिया। नवकार महामंत्र तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जीतो महिला विंग चेयरपर्सन सुनीता गांधी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी एवं जीवदया के कार्य में सभी सदस्यों की उपस्तिथि हेतु आभार प्रकट किया। महामंत्री मोनिका पिरगल ने देशभक्ति एवं जीवदया के इस अनुपम कार्यक्रम की अनुमोदना करते हुए सहयोग प्रदान किया। नेशनल कॉलेज मेट्रो स्टेशन बसवनगुड़ी से बस के द्वारा सर्वप्रथम चन्द्रप्रभु स्वामी मंदिर एवं कामधेनु गौशाला हेतु प्रस्थान किया गया। जीतो महिला विंग के सदस्यों व कामधेनु गौशाला के सदस्यों द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया। अल्पाहार के पश्चात चन्द्रप्रभु स्वामी मंदिर में सेवा, पूजा, दर्शन एवं भक्ति के पश्चात गौशाला में सभी सदस्यों द्वारा गौमाता की सेवा का अनुपम लाभ लिया गया। इस हेतु सदस्यों द्वारा कामधेनु गौशाला ट्रस्ट को जीवदया हेतु अनुकम्पा दान राशि देने में सहयोग किया गया। इसके पश्चात् पार्श्वलब्धिधाम मंदिर में दर्शन वंदन एवं भक्ति करते हुए, भोजन एवं सभी तपस्वियों के एकासने की व्यवस्था के साथ इस कार्यक्रम को पूर्ण किया गया। चन्द्रप्रभु मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण ओसवाल एवं कामधेनु गौशाला की व्यवस्थापिका रेखा भरत, राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा चौधरी, अध्यक्ष पुष्पा बोहरा, महामंत्री नंदा मेहता ने जीतो महिला विंग के सदस्यों का स्वागत करते हुए हॉस्पिटल निर्माण के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजिका नंदा मेहता एवं सहसंयोजिका ललिता नागोरी ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था एवं इसे सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। सदस्यों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। सभी सदस्यों ने जीतो महिला विंग के द्वारा पूर्व में किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए इसमें सभी जैन समाज की महिलाओं को जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि जीतो के इस मंच पर हम सभी आर्थिक एवं सामाजिक रूप से अपना विकास कर सकते है। उन्होंने अपने अनुभवों के माध्यम से जीतो महिला विंग के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए, भविष्य में इसकी प्रगति की कामना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस पर देश भक्ति की भावना को जागृत करते हुए, प्राणी मात्र के प्रति दया, करुणा एवं समर्पण की भावना को उजागर करना है। इस अवसर पर जीतो महिला विंग मैनेजिंग कमेटी सदस्य लता बोहरा एवं साक्षी नाहर उपस्थित रहे।

# आज की शाम वीरों के नाम समारोह का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद बिहार भवन में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर आज की शाम वीरों के नाम नामक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। उसके बाद अतिथियों एवं गणमान्य लोगों ने मिलकर दीप प्रज्वलित किया। परिषद अध्यक्ष डॉ विनय कुमार यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नाटक मिथिला परिषद के अध्यक्ष पवन मिश्रा थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में राष्ट्र प्रेम की भावना व्यक्त की। समाज सेवी एवं स्वतंत्रता आंदोलन सहकर्मी गिरिजा हेगडे जो स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार में पली बढ़ी हैं, का शॉल, माला एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। उन्होंने जय जगत का नारा दिया। संस्था के द्वारा वीटीयु एग्जीक्यूटिव मेंबर सनी राज, कॉरपोरेटर ना-गराज, आशुतोष सिंह, डॉ रणजीत सिंह, डीआरडीओ पवन मिश्रा, रघुपति झा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। रघुपति झा एवं उनके कंपनी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

जिसमें आज की शाम वीरों के नाम पर उपस्थित लोगों ने खूब तालियां बजाई। कार्यक्रम अध्यक्ष उदय कुमार ने देश के नाम संदेश दिए। राजेंद्र बाबू मेमोरियल ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह शरीर देश के लिए होता है। ट्रस्टी सचिव राम लखन सिंह ने शहीदों के प्रति अपनी सद्भावना व्यक्त की। परिषद अध्यक्ष डॉ विनय कुमार यादव ने कहा कि यह वीरों की धरती है, हमें अपने कर्म के बदौलत देश को कर्मशील एवं विकसित बनाना है। यही हमारी सच्ची आजादी है। मैनेजिंग ट्रस्टी सीके करूण, उपाध्यक्ष रामकिंकर सिंह, कोषाध्यक्ष दीपेश कुमार, मिंटू दुबे, संजय सिंह, पारस नाथ, कुमार, विनय कुमार, यशवंत सिंह, डेजी शर्मा, बिंदु देवी, एसके उपाध्याय, रवि रंजन, राहुल शर्मा, पवन कुमार इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में परिषद सचिव पंडित राजगुरु ने देश के वीर सपूतों, कर्नाटक के शहीदों, बिहार के वीर जवानों तथा उपस्थित सभी देश प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिन आगम और जिन प्रतिमा का आलंबन लेकर आत्मा को उर्ध्वगामी बनाएं



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी स्वर्णांजना श्री जी ने अपने प्रवचन में कहा कि विरति में रहने वालों की कभी दुर्गति नहीं होती है। व्रत लेकर हमें इस दुषम पंचम काल में जिन प्रतिमा और जिन आगम का आलम्बन लेकर हमारी आत्मा को उर्ध्वगामी बनाना है। हमें व्रतों में आना है जिसमें प्रथम अहिंसा व्रत जिसमें आरम्भ समारम्भ और ज्यादा हिंसा होती है, वह कार्य नहीं करना है। दूसरा झूठ नहीं बोलना और वो भी ऐसा झूठ जिससे आगे वाले जीव के प्राणों की हानि हो। तीसरे विरति धर्म का पालन करते हुए श्रावक के बारह व्रतों को हमें स्वीकार करना है, इन्हें स्वीकार करने से ही हमारी आत्मा विरति में आ सकती है। जिन चीजों का उपयोग हम नहीं करते उन सभी वस्तुओं का त्याग करके ही हमें इस जीवन से विदा होना है। श्रावकाचार आचार्य दिनकर और स्यादनिधि प्रकरण ग्रन्थ में श्रावकों के समस्त आचारों का वर्णन विस्तार पूर्वक कथानुयोग के माध्यम से बताई गई है। चतुर्थ अपरिग्रह व्रत में वस्तुओं का परिमाण हमें करना है। हमें कम से कम वस्तुओं का परिग्रह रखना चाहिए। सुविहित परम्परा के वांचन में गुरुवर्या श्री जी ने अभयदेव सूरी जी द्वारा रचित ग्रन्थों के बारे में बताया। गुणी जनों के गुणों का बहुमान करने से सम्यक् दर्शन पुष्ट होता है। आगामी रविवार को श्रावकों के बारह व्रतों का प्रत्याख्यान साध्वीवर्या द्वारा करवाया जाएगा।

# हनुमंतनगर में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्व-ावधान एवं साध्वी श्री धर्म प्रभा जी व साध्वी स्नेह प्रभा जी के पावन सानिध्य में 15 अगस्त को 78 वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह उमंग के साथ मनाया गया। नन्हें मुन्हें छोटे- छोटे बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित आजादी के महानायकों की सुन्दर वेशभूषा में उनके प्रेरक व्यक्तित्व से जुड़ें फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी बच्चों ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर साध्वी धर्मप्रभा जी ने अपने विशेष प्रवचन में 78 वें स्वाधीनता दिवस के पावन प्रसंग पर श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम सबको आजादी के क्रान्तिकारियों, मतवालों, रखवालों, शहीदों और देश पर अपना तन-मन-धन सब कुछ कुर्बान करने वालों को याद करके उनके सामने अपना शीष झुकाना चाहिये। इस आजादी के लिये हमारे देश को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी।

हजारों-लाखों - करोड़ों भारतियों के त्याग व बलिदान पर हमें आजादी मिली। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हुई सभी महत्व-पूर्ण घटनाओं और महान क्रान्तिकारियों, महानायकों, अहिंसा के बल पर आजादी दिलाने में महान योगदान करने वाले महात्मा गांधी, भगतसिंह, सुभाषचन्द्र बोस, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, तांल्या टोपे, सरदार पटेल, राजगुरु, तिलक, लाल बहादुर शास्त्री आदि सभी वीर सपूतों की महानता का विस्तार से वर्णन किया। साध्वी ने जब देश के दिवाने हमारी भारत माता के वीर सपूत जैन कुल में जन्में अमर चंद बांठिया के बलिदान की कथा सुनाई तो सबकी आँखें नम हो गई।

अमरचंद बांठिय स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम नायक थे, जिनका नाम इतिहास के पन्नों पर अमर हो गया। देश तिजोरी है धर्म सोना हैं। साध्वी स्नेह प्रभा जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को देश के 78 वें स्व-ाधीनता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी धर्मों में राष्ट्र-धर्म सर्वेपिरि हैं। आजादी के वीर सपूतों से प्रेरणा लेकर हमारे समस्त भारतवासियों को भी अपने राष्ट्र के निर्माण, प्रगति, खुशहाली, विकास में यथासंभव अपना श्रम, योगदान देने में हमेशा तत्पर रहना चाहिये। समारोह में संपूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार धर्मीचंद, महा-वीरचंद बुबकिया परिवार - हनुमंतनगर का श्रीसंघ के पदाधिकारियों ने बहुमान-स्वागत किया। इस अवसर पर हनुमंतन-गरनगर संघ अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने सभी का स्वागत किया। युवक मंडल अध्यक्ष शीतल रांका, मंत्री किशोर बाफना, महिल मंडल अध्यक्ष मंजूबालिया, मंत्री संगीता धोका, बालिका मंडल और उनकी पूरी टीम ने व्यवस्था में सहयोग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संघ मंत्री सुरेश कुमार धोका ने किया।

# स्कूली बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु शाखा ने स्वतंत्रता दिवस हर साल की तरह इस साल भी सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ मनाया। बनेरघट्टा रोड के डोडाकमनहल्ली स्थित एक सरकारी प्राइमरी स्कूल में जाकर वहां के शिक्षकों और प्रायमरी क्लास के विद्यार्थियों के साथ ध्वजारोहण किया गया। सभी ने मिलकर राष्ट्रगान और देशभक्ति के गानों के साथ इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। बच्चों को शिक्षा का बढ़ावा देने के लिए मायूम शाखा ने सभी बच्चों में पाठ्य सामग्री का वितरण किया। उसके बाद सभी शिक्षक और विद्यार्थियों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। मायूम शाखा से अध्यक्ष स्नेहकुमार जाजू, सचिव शुभम लोहिया, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सदस्य गौरव शर्मा, सत्यम ढोकनिया और दीपाक्षी जाजू उप-स्थित रहे।

# माध्यम गौशाला की दसवीं वर्षगांठ एवं स्वतंत्रता दिवस पर समारोह आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
पंद्रह अगस्त को शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज बेंगलूरु के प्रमुख कार्यवाहक सुनील शर्मा के नेतृत्व में सरजापुर रोड स्थित माध्यम गौशाला में 78 वां स्वतंत्रता दिवस एवं गौशाला स्थापना की 10वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई।

गौशाला के संस्थापक एवं गौ भक्त सुनील शर्मा ने सभी समाज बंधुओं के साथ मिलकर गौशाला परिसर में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उन्होने देश के उन वीर सपूतों को याद किया जिनके त्याग एवं बलिदान की वजह से हमे आजादी प्राप्त हुई। प्रवक्ता भूपेश कश्यप ने बताया कि शर्मा ने अपनी धर्मपत्नि संतोष शर्मा के साथ मिलकर गौ पूजन किया। दस साल पूर्व आज ही के दिन सुनील शर्मा ने बड़े ही भव्य तरीके से गौशाला का शुभारंभ किया था, जिसमे पूरे कर्नाटक, चैन्नई, कोयम्बत्तू, सेलम, हैदराबाद और दूर दूर से समाज बंधु पधारे थे। उस समय जिन जिन भामाशाहों ने गौ सेवा के रूप में आर्थिक सहयोग प्रदान किया था, उन सबको धन्यवाद देते हुए शर्मा ने कहा कि आपके सहयोग को मैं कभी भूल नही सकता। उनको सपरिवार मंच पर बुलाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस समारोह मे विशेष तौर पर भामाशाह तेजराज शर्मा को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, जिन्होने गौ सेवा में आर्थिक सहयोग प्रदान किया था। माध्यम महिला मंडल की भी पहली वर्षगांठ थी।

महिला मंडल की अध्यक्ष संतोष शर्मा ने महिला मंडल की सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि हमने पिछले एक साल में कई अच्छे-अच्छे कार्यक्रम किये हैं और आगे भी हम सब मिलकर अच्छे अच्छे कार्य करते रहेंगे। इस मौके सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित थे।

# श्री माँ जीण सिंधारा उत्सव में झूमे भक्तगण



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जीण माँ के दीवाने ग्रुप के तत्वावधान में माँ जीण के सिंधारा उत्सव का आयोजन राजेन्द्र नाटाणी के निवास पर गुरुवार को धूमधाम से किया गया। जीण परिवार की पायल भामा ने बहुत ही सुंदर संगीतमय मंगलपाठ और भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आमंत्रित भजन गायक कलाकारों ने अपने भजनों की प्रस्तुति देकर माँ को खूब रिझाया। सभी भक्तों ने झूमते हुए माँ को झूला झुलाया। आयोजक परिवार ने बहुत सुंदर व्यवस्था के साथ भक्तों की आव भगत की। माँ जीण के दीवाने ग्रुप ने आभार प्रकट किया। राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि आगामी 15 सितम्बर को ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कोलकाता के भजन गायक नीरज अग्रवाल एवं सोनी अरोड़ा द्वारा माँ जीण भवानी के चरित्र पर आधारित संगीतमय मंगलपाठ का वाचन होगा।

# रक्तदान शिविर का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मानव सेवा समिति हक्का-बुक्का क्षेमा अभिवृद्धि संघ एवं मारुति मेडिकल्स के संयुक्त तत्वावधान में 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में मालगला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सभी ने मिलकर ध्वजारोहण कर मां भारती एवं क्रांतिवीर संगोली रायण्णा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। शिविर में 40 से भी ज्यादा युवाओं ने रक्तदान किया। एकत्रित रक्त का संग्रहण बेंगलूरु ब्लड बैंक ने किया। महेंद्र मुणोत ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर प्रशांत सुराणा, भगवत अग्रवाल, टेकचंद तंवर, रमेश एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 78वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित तेरापंथ महिला मंडल आर आर नगर द्वारा 78वें स्वतंत्रता दिवस पर मागड़ी रोड स्थित कन्नड़ा इंग्लिश मॉडेल प्राइमरी स्कूल में कन्या सुरक्षा सर्कल के तहत ध्वजारोहण किया गया। अध्यक्ष सुमन पटावरी ने सभी बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों ने महिला मंडल का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात बच्चों को गिफ्ट वितरित किए गए। इस मौके पर उपाध्यक्ष मंजू बोथरा, मंत्री पदमा महेर, सहमंत्री ममता दुगड़, संगठन मंत्री शारदा बैद एवं स्वेता चोपड़ा मौजूद थी।

# भारतीय राजपूताना सेवा संगठन द्वारा व्हाइटफील्ड में ध्वजारोहण का भव्य आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। भारतीय राजपूताना सेवा संगठन के बेंगलूरु अध्यक्ष सुनील सिंह और व्हाइटफील्ड टीम के नेतृत्व में व्हाइटफील्ड में ध्वजारोहण का आयोजन किया गया।

इस विशेष अवसर पर कई महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गौरवशाली बना दिया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह सिकरवार, राष्ट्रीय महासचिव प्रेम सिंह, राष्ट्रीय मातृशक्ति अध्यक्ष ममता सिंह, बेंगलूरु उपाध्यक्ष परमेश्वर सिंह, आयोजन सचिव संजय सिंह, व्हाइटफील्ड युवा अध्यक्ष रोहित सिंह, व्हाइटफील्ड मातृशक्ति उपाध्यक्ष रोहणी सिंह, निर्मला सिंह, रिंकी सिंह, सीमा सिंह, गोपाल सिंह, रंजन सिंह, रोहित सिंह, राजवीर सिंह, अभिषेक सिंह, रोहन सिंह सहित कई अन्य प्रमुख सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह सिकरवार ने देश की आजादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, स्वतंत्रता के लिए हमारे वीर जवानों द्वारा किए गए संघर्ष की गाथा सुनाई। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि मेहनत और लगन से हासिल की गई आजादी की कीमत क्या होती है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम के बारे में अवश्य बताएं, ताकि आने वाली पीढ़ी इस महान बलिदान को समझ सके।

# वाडियार अब अधिशेष राजस्व के कारण चामुंडी हिल पर स्वामित्व का कर रहे दावा: कर्नाटक कांग्रेस

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति (केपी-सीसी) के प्रवक्ता एम लक्ष्मण ने कहा कि, पूर्व राजपरिवार के सदस्य वाडियार अब मैसूरु में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर सहित चामुंडी हिल पर स्वामित्व का दावा कर रहे हैं, क्योंकि मंदिर अधिशेष राजस्व अर्जित कर रहा है। शुक्रवार को मैसूरु में एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए, लक्ष्मण प्रमोदा देवी वाडियार द्वारा कर्नाटक सरकार द्वारा श्री चामुंडेश्वरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2024 को लागू करने पर उठाई गई आपत्ति का जिक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने इसे असंवैधानिक बताया था, क्योंकि चामुंडी हिल उनकी निजी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि, वाडियार ने 1974 में अपने निजी राजेंद्र विलास पैलेस को छोड़कर मंदिर और अन्य संरचनाओं का प्रबंधन कर्नाटक सरकार को सौंप दिया था, यह दावा करते हुए कि वे उनका प्रबंधन करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कहा अब, चूंकि मंदिर का राजस्व बढ़ गया है, इसलिए वाडियार प्राधिकरण के गठन पर आपत्ति जता रहे हैं। हालांकि, वर्तमान में चामुंडी पहाड़ी वन, राजस्व, पर्यटन और हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (पूर्व में मुजराई) विभागों, मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण और चामुंडी बेट्टा ग्राम पंचायत के नियंत्रण में है। अब, मंदिर या पहाड़ी को वाडियार को वापस सौंपने का कोई मौका नहीं है।



वाडियार समुदाय के दावे का समर्थन करने के लिए भाजपा और जेडी(एस) नेताओं - जैसे पूर्व सांसद प्रताप सिम्हा, एमएलसी एएच विश्वनाथ और विधायक जी टी देवेगौड़ा, की आलोचना करते हुए लक्ष्मण ने कहा कि यही नेता, विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों, पहाड़ी के निवासियों और पर्यटन उद्योग के हितधारकों के साथ मिलकर लंबे समय से पहाड़ी और मंदिर के व्यापक विकास के लिए प्राधिकरण के गठन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा इस प्रकार, अधिनियम लागू किया गया है। अब, वाडियार समुदाय के दावे के बाद भाजपा और जेडी(एस) नेताओं ने यू-टर्न ले लिया है।

लक्ष्मण ने कहा कि अब वाडियार, भाजपा और जद (एस) के नेता दावा कर रहे हैं कि वे पहाड़ी को बचाने और संरक्षित करने के लिए प्राधिकरण का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने पूछा लेकिन, वे पहाड़ी के आसपास की भूमि पर मठों सहित विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाओं द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण पर चुप क्यों हैं, जो पहाड़ी की पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचा रहा है? हालांकि, इस सवाल पर कि क्या कांग्रेस ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाओं द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कुछ करेगी, लक्ष्मण ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि विश्वनाथ जैसे नेता, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया कि वे प्रेस वार्ता आयोजित करने के आदी हैं, बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं, खासकर मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के खिलाफ। लक्ष्मण ने कहा विश्वनाथ को तथ्यों की पुष्टि किए बिना किसी और की बात को दोहराने की आदत है।

कोलकाता बलात्कार और हत्या मामला

## आईएमए उडुपी-करावली आज क्लीनिक बंद रखेगी



### विरोध में मौन मार्च निकालेगी

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने घोषणा की है कि कोलकाता में हाल ही में एक मेडिकल छात्रा के साथ बलात्कार और उसके बाद हुई हत्या के विरोध में, राष्ट्रीय निकाय ने शनिवार को सुबह 6 बजे से रविवार को सुबह 6 बजे तक आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी सेवाओं को निलंबित करने का निर्देश दिया है। इसके जवाब में, आईएमए उडुपी-करावली शाखा के सदस्यों ने सूचित किया है कि वे आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अपने क्लीनिक और अस्पताल 24 घंटे के लिए बंद रखेंगे।

इसके अतिरिक्त, कोलकाता में हाल ही में हुई घटना की निंदा करते हुए और कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए, आईएमए उडुपी करावली, समान विचारधारा वाले संगठनों के सहयोग से, शनिवार को एक मौन मार्च का आयोजन करेगा। यह मार्च शाम 6 बजे से 7 बजे तक उडुपी के बोर्ड हाई स्कूल से शुरू होकर जोडुकट्टे पर समाप्त होगा।

# बंटवाल के पास निजी बस पलटी, 10 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

बंटवाल के फरंगीपेटे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित 10वें माइलस्टोन के पास एक निजी बस पलट गई, जिसके परिणामस्वरूप दस से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

बेंगलूरु से मेंगलूरु जा रही बस फरंगीपेटे के पास 10वें माइलस्टोन पर पलट गई। दुर्घटना का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन स्थानीय निवासियों को संदेह है कि या तो चालक की अत्यधिक गति या वाहन में कोई तकनीकी खराबी दुर्घटना का कारण हो सकती है। घायल यात्रियों की पहचान अभी तक जारी नहीं की गई है। सभी घायल व्यक्तियों को उपचार के लिए मेंगलूरु के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय युवाओं ने घायलों को तेजी से अस्पताल पहुंचाकर सराहनीय मानवता का परिचय दिया। बंटवाल यातायात पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया और आगे की जांच कर रही है।



रेणुकास्वामी हत्याकांड मामला

# अंतिम रिपोर्ट जल्द ही अदालत में पेश की जाएगी: दयानंद

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

बेंगलूरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने शुक्रवार को कहा कि रेणुकास्वामी हत्याकांड के संबंध में अंतिम रिपोर्ट, जिसमें कन्नड़ अभिनेता दर्शन और अन्य आरोपी हैं, शेष फोरेंसिक रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस द्वारा जल्द से जल्द अदालत में पेश की जाएगी। इस मामले के संबंध में दर्शन और उनके मित्र पवित्रा गौड़ा सहित कुल सत्रह लोग वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। दयानंद ने कहा रेणुकास्वामी हत्याकांड के संबंध में जांच अपने अंतिम चरण में पहुंच रही है। कई मौखिक, परिस्थितिजन्य और तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। एकत्र किए गए साक्ष्यों को फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल), बेंगलूरु भेजा गया है और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को हैदराबाद में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) भेजा गया है। यहां संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा हमें कुछ रिपोर्ट मिली हैं, संबंधित एफएसएल अधिकारियों ने हमें बताया है कि जल्द ही और रिपोर्ट भेजी जाएंगी। रिपोर्ट मिलने पर आगे की जांच के तहत यदि आवश्यक हुआ तो कुछ स्पष्टीकरण मांगे जाएंगे। उसके बाद, जल्द से जल्द हम अदालत को अंतिम रिपोर्ट सौंप देंगे। उन्होंने कहा लगभग 70 प्रतिशत रिपोर्टें बेंगलूरु एफएसएल से आई हैं, और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बारे में शेष जो हमने सीएफएसएल हैदराबाद को भेजी थीं, वे रिपोर्टें अभी भी लंबित हैं। बुधवार को यहां की एक अदालत ने दर्शन और अन्य सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 28 अगस्त तक बढ़ा दी थी।



पुलिस सूत्रों के अनुसार, अभिनेता के प्रशंसक 33 वर्षीय रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गए और कथित तौर पर उनकी हत्या कर दी गई। उनका शव यहां सुमनहल्ली में एक अपार्टमेंट के बगल में एक नाले के पास मिला था। चित्रदुर्ग में दर्शन के फैन क्लब का हिस्सा रहे आरोपियों में से एक राघवेंद्र ने रेणुकास्वामी को यहां आरआर नगर में एक शेड में इस बहाने से लाया था कि अभिनेता उनसे मिलना चाहते हैं। इसी शेड में उन्हें कथित तौर पर प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, चित्रदुर्ग निवासी रेणुकास्वामी की मौत कई चोटों के कारण सदमे और रक्तस्राव के कारण हुई।

# सरकारी वेनलॉक अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट स्वीकृत की जाएगी: दिनेश गुंडू राव

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जिला प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव, जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री भी हैं, ने कहा कि सरकारी वेनलॉक अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट जल्द ही शुरू की जाएगी। अस्पताल के सर्जिकल सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि 17 करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट विकसित की जाएगी। यूनिट के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

वेनलॉक अस्पताल में निजी अस्पतालों जैसी सभी सुविधाएं हैं। नए सर्जिकल ब्लॉक में मॉड्यूलर ओटी और सभी आवश्यक आधुनिक उपकरण हैं। केएमसी की मदद से सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि अस्पताल में सभी सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध हों। नए ब्लॉक में न्यूरो, कार्डियोथोरेसिक और अन्य सर्जरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कैथ लैब दो महीने के भीतर काम करना शुरू कर देगी। विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने कहा, इमारत सुंदर हो, यह काफी नहीं है। अस्पताल को डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ द्वारा मरीजों के प्रति की जाने वाली देखभाल के लिए जाना जाएगा। मेंगलूरु में जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च, निम्हांस और किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी की इकाइयां खोलने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। डीके सांसद कैप्टन बृजेश चौटा ने कहा कि राज्य को मेंगलूरु में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) इकाई को मंजूरी देने का प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहिए। वेनलॉक अस्पताल को क्षेत्रीय अस्पताल के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए और कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। अस्पताल में जल्द से जल्द कैंसर उपचार इकाई शुरू करने की जरूरत है। विधायक डी वेदव्यास कामथ ने कहा कि वेनलॉक अस्पताल में आधुनिक उपकरणों के रखरखाव के लिए एक ऐप विकसित किया जाना चाहिए। डॉ राजेश्वरी देवी, जिन्होंने वेनलॉक अस्पताल के जिला सर्जन और अधीक्षक के रूप में कार्य किया था, डॉ मोहनचंद्र सुवर्णा, प्रोफेसर दिवाकर राव, प्रोफेसर सुरेश पाई जिन्होंने 30 से अधिक वर्षों तक अस्पताल की सेवा की थी, को सम्मानित किया गया। महापौर सुधीर शेट्टी कन्नूर, विधायक अशोक कुमार राय और अन्य उपस्थित थे।



# मरम्मत के लिए 19 अगस्त से पुराने कुलूर पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

दक्षिण कन्नड़ जिला प्रशासन ने आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण तीन दिनों के लिए पुराने कुलूर पुल पर दिन के समय भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने का फैसला किया है। 19 से 21 अगस्त तक भारी वाहनों को पुराने पुल से सटे नए पुल का उपयोग केवल रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच और सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक करने की अनुमति होगी। मरम्मत के दौरान, नया पुल दो-तरफा यातायात की सुविधा प्रदान करेगा। इस अवधि के दौरान, सुबह 6 बजे से 11 बजे तक और दोपहर 3 बजे से रात 10 बजे तक, उडुपी से केरल की ओर जाने वाले भारी वाहनों को मुल्की-सूरतकल-एमआरपीएल-बाजपे-केपीटी-नान्थूर मार्ग लेना होगा। इस परीक्षण के परिणाम के आधार पर, डिप्टी कमिश्नर मुल्लई मुहिलान के आदेश के अनुसार प्रतिबंध 25 अगस्त से 25 सितंबर तक बढ़ाया जा सकता है। करीब सात दशक पहले बने इस पुल का उद्घाटन मद्रास प्रांत के मंत्री एन रंगारेड्डी ने 1952 में किया था। नए पुल के निर्माण के बावजूद, प्रगति काफी धीमी रही है, जिससे पुराने पुल पर रोजाना हजारों वाहनों का बोझ पड़ रहा है। 2018 में, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने दक्षिण कन्नड़ जिला प्रशासन को कुलूर पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की सलाह दी थी। हैदराबाद के मेसर्स आरवी एसोसिएट्स द्वारा किए गए निरीक्षण से एक रिपोर्ट सामने आई, जिसके बाद 2020 में 38 लाख रुपये की लागत से माइक्रो कंक्रीट तकनीक का उपयोग करके पुल का नवीनीकरण किया गया। उस समय, तत्कालीन सांसद नलिन कुमार कटील ने जनता को पुल की सुरक्षा का आश्वासन दिया था और समुदाय ने उनके आश्वासन पर अपना भरोसा जताया था।



# गारंटी परियोजनाएं किसी भी कारण से नहीं रुकेंगी: मंत्री राजन्ना

**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जिला प्रभारी मंत्री केएन राजन्ना ने कहा कि गारंटी योजनाओं को किसी भी कारण से रोकने का सवाल ही नहीं उठता, यथास्थिति बनी रहेगी। शहर के जिला स्टेडियम के हॉकी ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में की गई पांच गारंटी परियोजनाएं पूरी तरह से जारी रहेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य का दौरा करने वाले सुरजेवाला सहित अन्य आलाकमान नेताओं ने राज्य सरकार को पांच गारंटी जारी रखने के निर्देश दिए हैं। महादेवप्पा, सतीश जारकीहोली और मुनियप्पा की दिल्ली यात्रा के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वह राजमार्ग परियोजनाओं के संबंध में केंद्रीय मंत्री गडकरी से बातचीत करने गये थे और इसका अलग मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए। इस बार जिले में अच्छी बारिश हुई है, जलाशयों में घास-फूस उग आया है, तालाब भर गये हैं और किसान खुश हैं। लेकिन कुछ जगहों पर अत्यधिक बारिश के कारण फसल को नुकसान हुआ है और सड़कों समेत संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। अब तक 524 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और मुआवजा वितरण एनडीआरएफ और एसडीआर मानकों के अनुसार किया जा रहा है। भारी बारिश के कारण मरने वाले तीन लोगों को राहत प्रदान की गई है। गाय एवं बछड़ों की मृत्यु पर मालिकों को मुआवजा वितरण की कार्यवाही की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार हर तरह की सुविधाएं देगी ताकि किसानों के साथ कोई अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि सरकार नई परियोजनाएं लाने से पहले ही कार्यान्वयन के अधीन परियोजनाओं को जारी रखने और लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। हासन हवाई अड्डे के काम को पूरा करने के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है। राजन्ना ने कहा कि हासन नगर में रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए 60 करोड़ रुपये की जरूरत है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और केंद्रीय मंत्री सोमन्ना से बात की। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस काम के लिए रेलवे रॉयल्टी के पैसे का उपयोग करने के लिए मंत्री से चर्चा की है। हासन नगर परिषद को निगम में अपग्रेड करने के लिए सरकार को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि हाल ही में 25 ग्राम पंचायतों को नगर परिषद में जोड़ा गया है और यहां जिन दस्तावेजों का ई-खाता किया गया है, उन पर भी नगर परिषद में विचार करने के निर्देश दिये गये हैं। मुडा घोटाले को लेकर सीएम पर आरोप लगाने वालों के पास भी प्लॉट हैं। सिद्धरामैया को 15 साल पहले भाजपा सरकार में जगह दी गई थी और वह मुख्यमंत्री पर कलंक लगाने के लिए इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। इससे उन्हें महिमा नहीं मिलेगी, क्योंकि राजनीति में कोई सत्य हरिश्चंद्र नहीं होता।



शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे

# पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए जेडीएस की तैयारी

## कल जेपी भवन में होगी जेडीएस की बैठक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जेडीएस ने आगामी जिला, तालुक पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय और बीबीएमपी चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव के बाद, जद (एस) आगामी शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में अधिक सीटें जीतने की रणनीति बना रही है। जिला पंचायत, तालुक पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय चुनाव, पार्टी सदस्यता अभियान और पार्टी संगठन की तैयारियों पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को जेपी भवन में जेडीएस की बैठक बुलाई गई है। उस दिन सुबह 11 बजे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई है। बैठक में जेडीएस पार्टी के सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, वर्तमान और पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, महासचिव, तालुक अध्यक्ष, राज्य कोर समिति के अध्यक्ष,



संयोजक, सदस्य, राज्य पदाधिकारी, 2023 विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार, विभिन्न प्रभागों के अध्यक्ष शामिल होंगे। जेडीएस के प्रदेश महासचिव और पूर्व मंत्री वेंकटराव नाद गौड़ा ने इसमें भाग लेने का अनुरोध किया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ गठबंधन करने वाली जद (एस) आगामी विधानसभा उपचुनाव और स्थानीय निकाय चुनावों में भी भाजपा के साथ गठबंधन बनाना चाहती है। बैठक में इस पर चर्चा कर निर्णय लिये जाने की संभावना है। हाल ही में भाजपा के साथ मिलकर राज्य सरकार के खिलाफ बेंगलूरु से मैसूरु तक मार्च निकाला गया था। अधिवेशन में संयुक्त संघर्ष भी किया गया। गठबंधन के बाद अक्सर दोनों पार्टियों के बीच कुछ न कुछ मतभेद देखने को मिलते रहते हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी रहती है। हालांकि, दोनों दलों के नेताओं के बीच गठबंधन को लेकर सहमति बनी हुई है और दोनों दलों के नेता कई बार इस बात का जिक्र कर चुके हैं कि आगामी चुनाव में भी गठबंधन जारी रहेगा। वहीं, जेडीएस सूत्रों ने बताया कि चुनाव से पहले स्थानीय संगठनों में गठबंधन जारी रखने के नफा-नुकसान पर चर्चा कर उचित फैसला लेने की संभावना है।

## स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शहर के इलेक्ट्रॉनिक सिटी में नीलाद्री नगर रेजिडेंसी वेलफेयर फेडरेशन द्वारा 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में करीब तीन हजार लोगों की भागीदारी ने इसे बेंगलूरु की सबसे बड़ी पदयात्राओं में से एक बना दिया। इस यात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सिटी के औद्योगिक सुरक्षा बल के डिप्टी कमांडेंट अभिषेक इंगले और उनकी बटालियन के कमांडों और अधिकारियों के साथ सीआईएसएफ के जवान, पुलिस, स्कूल के बच्चे और स्थानीय नेता भी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम. कृष्णप्पा (विधायक, बेंगलूरु दक्षिण) ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में नारायण हेल्थ के निदेशक डॉ. दयानंद दिलीप कामथ, फेडरेशन के अध्यक्ष परशुराम यारागुड्डी, कोषाध्यक्ष अमित भार्गव, आर. सुब्रमण्यम, हार्दिक ठक्कर आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

इस आयोजन ने देशभक्ति और एकता की भावना को प्रकट किया और स्वतंत्रता दिवस के महत्व को बड़े धूमधाम से मनाया।

## 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सिद्धार्थ सांस्कृतिक समिति एवं राजेंद्र बाबू मेमोरियल ट्रस्ट ने बिहार भवन के प्रांगण में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धुमधाम से मनाया। सर्वप्रथम राजेन्द्र बाबू मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव रामलखन सिंह ने समिति अध्यक्ष का सम्मान किया। तत्पश्चात अध्यक्ष के. के. सिंह (कुमार बाबू) के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण सम्पन्न किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि देश को अविच्छिन्न रखने के लिए देश के हर नागरिक को सजग तथा प्रखर होना जरुरी है। आजकल कई देशों की हालत अति गंभीर हो गई है। ऐसे वक्त में जितनी सरकार की जिम्मेदारी है उतनी जनता की जिम्मेदारी भी है। सचिव सुबोध सिंह ने सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य एक ही होना चाहिए देश के प्रति वफादार रहें तभी देश का हर नागरिक खुशहाल हो पायेगा। इस वर्ष होने वाली दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी पर भी विचार-विमर्श किया गया।



***बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सीरवी समाज होसूर बडेर भवन में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। सचिव भुण्डाराम सैणचा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं कोषाध्यक्ष ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। पारसमल ने सभी को लड्डू बांटकर मुंह मीठा करवाया। उपस्थित देशभक्त बंधुओं ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और लहराते हुए तिरंगे की आन बान और शान की रक्षा की कसम खाई।*



***मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बन्नूर स्थित बाल गंगाधरनाथ स्वामी शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुनीता वीरप्पा गौड़ा रही। पर्यावरण जागृति वैदिके बन्नूर के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने झंडारोहण किया। भारत माता के जयकारे लगाकर शहीदों को याद किया। इस अवसर पर अश्वथ, अशोक कुमार, आनंद गौड़ा, उमाशंकर सहित छात्र, परिजन व शिक्षकगण उपस्थित रहे।*

## मंत्री ने जांच रिपोर्ट के बाद केट्टीकल पहाड़ी मिट्टी माफिया पर कार्रवाई का दिया आश्वासन





**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जिला प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव ने आश्वासन दिया है कि सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के नेतृत्व में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत होने के बाद केट्टीकल पहाड़ी पर अवैध मिट्टी उत्खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, गुंडू राव ने कहा रिपोर्ट से पता चलता है कि केट्टीकल पहाड़ी की चोटी पर 2018 से मिट्टी की खुदाई चल रही है। जांच दल यह आकलन करेगा कि संबंधित विभागों ने अब तक क्या कार्रवाई की है। इस बीच, पहाड़ी के पास रहने वाले नौ परिवारों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता होगी। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने भी केट्टीकल में पहाड़ी ढहने की जांच की है। जिला प्रशासन उनकी सिफारिशों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करेगा। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कर्नाटक (एनआईटीके) की एक टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया और जल्द ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनए-चएआई) ने भी खुदाई का निरीक्षण किया है। मंत्री ने मेंगलूरु पुलिस क्वार्टर की नई इमारत के काम की गुणवत्ता के बारे में भी चिंता व्यक्त की और कहा कि इस मामले पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आगे घोषणा की कि पडिल में नए डीसी कार्यालय परियोजना को पूरा करने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 20 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जिसका उद्घाटन जल्द ही होने की उम्मीद है।

## संवारे पचपन मुस्कुराए बचपन कार्यशाला



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ कन्या मण्डल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर के अंतर्गत तेरापंथ कन्या मण्डल, विजयनगर द्वारा गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस पर वृद्धाश्रम में संवारे पचपन मुस्कुराए बचपन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र द्वारा हुआ। कन्या मंडल की संयोजिका ध्वनि गन्ना ने सभी का स्वागत किया। महिला मंडल की अध्यक्षा मंजू गादिया ने कन्याओं को देश का भविष्य बताया, उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए सबको अवगत करवाया। कन्याओं ने डांस, सिंगिंग किया, गेम्स खेलें तथा दादी नानी की कहानियां सुनी और कुछ कला भी सीखी। सभी कन्याओं ने उनके साथ पेंटिंग भी की। ब्लैंकेट, जूस एवं स्नैक्स का वितरण किया गया। सभी का आभार मंडल की सह संयोजिका प्रियल बाबेल ने व्यक्त किया।

## अमृत काल का भारत प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु द्वारा अमृत काल का भारत प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। पहला चरण ऑनलाइन से गत 7 अगस्त को किया गया, जिसमें बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय, सी-सीआरजीओ तथा मंडल के 7 प्रशासनिक कार्यालयों के कुल 520 स्टाफ-सदस्यों ने सहभाग किया। पहले चरण की प्रतियोगिता में स्थानीय प्रधान कार्यालय, सीसीआरजीओ तथा मंडल के 7 प्रशासनिक कार्यालयों के स्टाफ-सदस्यों में से उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले दो स्टाफ-सदस्यों का चयन कर कुल 9 टीम बनाए गए। सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) कोंगे दत्तात्रेय राव ने सभी का स्वागत किया। दूसरे चरण की प्रतियोगिता का आयोजन ऑफलाइन से स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को दोपहर 3 बजे स्थानीय प्रधान कार्यालय के सभागार में किया गया, जिसमें इन नौ टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 9 राउंड यथा स्वतंत्रता संग्राम, चित्र देखो और पहचानो, अर्थ की व्यवस्था, कर्नाटक विहंगावल-ोकन, कला और संस्कृति, सिनेमा और मनोरंजन, खेलकूद, विज्ञान एवं मनोरंजन तथा विविधा रखे गए। इस प्रतियोगिता में से सर्वाधिक अंकों के साथ विजयी पाँच टीमों को उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी राजेश चौरे एवं उप महाप्रबंधक (सतर्कता) उदय कुमार बिस्वास द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। अपने सम्बोधन में राजेश चौरे ने कहा कि हम सभी को स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य यो-गदान देने वाले सभी सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद रखना चाहिए। उप महाप्रबंधक (सतर्कता) उदय कुमार बिस्वास ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं को याद करने का अवसर मिलता है। प्रश्नमंच के दौरान दर्शकों से भी प्रश्न पूछे गए और सही उत्तर देने वाले दर्शकों को पुरस्कार दिए गए। क्विज का संचालन शिव कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## खांडल विप्र महिला मंडल ने मनाया तीज उत्सव



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** खांडल विप्र महिला मंडल की महिलाओं ने जोश और उत्साह से पारम्परिक परिधान लहरिया से सजधज कर सावन की तीज का त्योहार धूमधाम से मनाया। महिला मंत्री सुन्दर खांडल ने सबके मनोरंजन के लिए शानदार व्यवस्था की। कंचन, रेखा, सुनीता, जयश्री, अंजलि, गिरजा, विनीता, कैलाश, ज्योति एवं प्रियंका शर्मा ने पहेली बूझो और डांस एवं सावन के गीत की प्रतियोगिता से भरपूर मनोरंजन करवाया। विजेताओं में पुरस्कार वितरित किए गए। अध्यक्ष ममता चोटिया ने बताया कि तीज त्योहार हमारे अपने पूर्वजों की दी हुई विरासत है। इसे हमें सहेज कर रखना चाहिए। त्योहार हमारे आपसी प्रेम प्यार और महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देने में सहायक है। अध्यक्ष ममता चोटिया ने सभी को तीज की शुभकामनाएं दी।

## तेरापंथ भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा ट्रस्ट एच बी एस टी हनुमंतनगर के तत्वावधान में स्थानीय तेरापंथ भवन में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया।

सभाध्यक्ष गौतम दक ने सभी पधारे हुए सदस्यों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि बसवनगुड़ी विधायक एल ए रवि सुब्रमण्यम ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद राष्ट्रगान का सामूहिक संगान किया गया। विधायक ने सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि तेरापंथ सभा, युवक परिषद, महिला मंडल अच्छा कार्य कर रही है। सभा पदाधिकारियों द्वारा विधायक का जैन पट्ट एवं साहित्य द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभा उपाध्यक्ष प्रकाश बोल्या, मुकेश मेहता, गौतम कातरेला, सहमंत्री राजेश मारू, आर महावीर देरासरिया, कोषाध्यक्ष नाथुलाल बोल्या, संगठन मंत्री नवरतन बोहरा, निवर्तमान अध्यक्ष तेजमल सिंघवी, परामर्शक रोशनलाल मांडोत, अमरचंद मांडोत, लक्ष्मीलाल कटारिया, तेयुप अध्यक्ष कमलेश झाबक, मंत्री संदीप चौधरी के साथ ही अन्य लोगों की उपस्थिति रही। संचालन सभा मंत्री हेमराज मांडोत ने किया।

## स्कूली बच्चों में जूते का वितरण



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** तेरापंथ युवक परिषद् राजराजेश्वरी नगर ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए 78वें स्वतंत्रता दिवस पर कास्यपुरा सरकारी प्राइमरी स्कूल रामनगर में पढ़ रहे बच्चों में हनुमानमल, संजय कुमार, मनोज कुमार बैद परिवार नोखा बेंगलूरु के सहयोग से सफेद जूतों का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सामूहिक नमस्कार महामंत्र के संगान के साथ हुआ। परिषद अध्यक्ष विकाश छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया। जूते मिलने पर बच्चों के चहरे पर एक अलग ही खुशी झलक रही थी। स्कूल प्राध्यापक ने तेयुप आर आर नगर का धन्यवाद किया। इस अवसर पर परिषद् से अध्यक्ष विकाश छाजेड़, निवर्तमान अध्यक्ष विकाश छाजेड़, कोष्याधक्ष गौतम नाहटा, संगठन मंत्री संदीप बैद, परामर्शक राजेश भंसाली, सेवा कार्य प्रभारी सौरभ चोरड़िया, कार्यसमिति सदस्य दीपक सुराणा ने अपने समय का विसर्जन कर सेवा कार्य में सहयोग किया।

## आवश्यक सूत्र हमे कठोरता, भूलों और गलतियों का कराता है संशोधन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री श्वेतांबर स्थानक वासी बावीस संप्रदाय जैन संघ के तत्वावधान में गणेश बाग में आयोजित प्रवचन में विनय मुनि जी खींचन ने आवश्यक सूत्र पर प्रवचन में कहा कि आवश्यक सूत्र हमे कठोरता, भूलों और गलतियों का संशोधन कराता है और हमे अजर अमर करने में सक्षम हैं। पश्चाताप से पवित्रता की शुरुआत होती हैं और आत्मा सरल बनती हैं। कार्योत्सर्ग कर हम गलतियों से पीछे लौट सकते है। विनय मुनी जी ने आगे कहा कि सुमन और सामायिक की जोड़ी है। तीर्थंकरों ने सामायिक की और इसका सार गणधरों ने समझ कर सामायिक का प्रवाह प्रारंभ किया। सामायिक के लिए सरलता जरूरी है। सरलता और समता से हमे आत्मिक आनंद का अनुभव हो सकता है। भोजन में संयम से सात्विक भावों का संचार होता है और सात्विक भोजन शरीर के लिए श्रेष्ठ भोजन हैं। सभा में उप-स्थित वयोवृद्ध 87 वर्षीय रायचंद छाजेड़ का उदाहरण देते हुए बताया कि समय पर आहार और रात्रि भोजन त्याग से इस उम्र भी सक्षमता और चुस्ती है। मुनि ने प्रवचन में बताया कि संघर्ष और द्वेष पुण्य को कमजोर करते हैं। जो कषाय करते हैं वे सामायिक करने के योग्य नही होते हैं। सामायिक साधक को व्यवहार कुशल होना चाहिए और सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रवचन सभा में बेंगलूरु महासंघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया के साथ अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। राजु सकलेचा ने संचालन किया। अध्यक्ष लालचंद मांडोत ने स्वागत किया।

# बिहार के बिहटा में नए हवाई अड्डे सहित देश में दो एयरपोर्ट और तीन नई मेट्रो लाइनों की मंजूरी

**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां)।**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को तीन शहरों बेंगलुरु, ठाणे और पुणे में नई मेट्रो रेल परियोजनाओं और पश्चिम बंगाल के बागडोगरा और बिहार के बिहटा में दो सिविल हवाई अड्डा परियोजनाओं को मंजूरी दी। तीनों मेट्रो रेल परियोजनाएं 2029 तक चालू हो जायेंगी।



सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आज शाम हुई मंत्रिमंडल की बैठक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में मेट्रो रेल के तीसरे चरण में 44.65 किलोमीटर की लाइन का विकास होगा, जिस पर 15,611 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इस लाइन पर 31 मेट्रो स्टेशन होंगे और इससे पीनिया औद्योगिक क्षेत्र, बन्नेरघट्टा रोड, आउटर रिंग रोड़ और तुमकुर औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवागमन आसान होगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही आईटी हब के रूप में मशहूर बेंगलुरु शहर में मेट्रो रेल का नेटवर्क 220 किलोमीटर पहुंच जायेगा और मेट्रो से सफर करने वाले दैनिक यात्रियों की संख्या 26 लाख तक पहुंच जायेगी तथा शहर की परिवहन व्यवस्था बेहतर होगी।

श्री वैष्णव ने बताया कि ठाणे में समन्वित मुद्रिका मेट्रो रेल परियोजना के तहत 29 किलोमीटर की नयी लाइन का निर्माण किया जायेगा जिस पर 12,200 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। उन्होंने कहा कि ठाणे मेट्रो रेल का नेटवर्क मुंबई मेट्रो रेल नेटवर्क और निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन नेटवर्क से भी जुड़ेगा। इससे पुणे में मेट्रो रेल का नेटवर्क दोगुना हो जायेगा। कुल 22 स्टेशनों वाले इस मेट्रो मार्ग का निर्माण कार्य 2029 तक पूरा हो जायेंगा, जिसमें तीन किलोमीटर तक का रास्ता भूमिगत होगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने पुणे में स्वारगेट से कातराज के बीच 5.46 किलोमीटर की नयी लाइन के प्रस्ताव को मंजरी दी गयी है। इससे मार्केट यार्ड बिब्वेवाडी और बालाजी नगर जैसे इलाकों को फायदा होगा। इस परियोजना पर 2954.53 करोड़ रुपये खर्च होंगे और यह फरवरी 2029 तक चालू हो जायेगी। इस परियोजना का निर्माण महाराष्ट्र सरकार और केन्द्र सरकार का संयुक्त उपक्रम महा मेट्रो क्रियान्वित करेगा।

हवाई अड्डा परियोजना के बारे में श्री वैष्णव में बताया कि पटना हवाई अड्डे पर बढ़ती भीडभाड और शहर के भविष्य के विस्तार की आवश्यकताओं को देखते हुए पटना से करीब 28 किलोमीटर दूर स्थित बिहटा में सिविल हवाई अड्डे के विकास की नयी परियोजना के भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इस पर 1413 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

बेहटा के सिविल हवाई अड्डे पर 66 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण होगा जिस पर भीड़भाड़ के समय तीन हजार यात्रियों के आनेजाने की सुविधा होगी। बिहटा हवाई अड्डे की सालाना क्षमता 50 लाख सालाना की होगी, जिसे एक करोड़ तक बढ़ाया जा सकेगा। इस हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए एक साथ दस विमान खड़े किया जा सकेंगे। मंत्रिमंडल ने बागडोगरा वायु सैनिक स्टेशन पर एक नया सिविल हवाई अड्डा बनाने के भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। जिस पर 15.49 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। वहां 70390 वर्ग मीटर क्षेत्र में टर्मिनल इमारत बनायी जायेगी। जिसकी क्षमता 300 यात्रियों की होगी और वहां से साल में एक करोड़ यात्रियों का आवागमन हो सकेगा।

## भारत ने रेडियोधर्मी पदार्थ की बरामदगी से किया इंकार

**नई दिल्ली 16 अगस्त (एजेंसियां)।**

भारत ने बिहार में करीब पांच दिन पहले एक रेडियोधर्मी पदार्थ की तस्करी की रिपोर्ट पर पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की टिप्पणियों को खारिज करते हुए आज कहा कि बरामद पदार्थ की गहन जांच में पता चला है कि यह कोई रेडियोधर्मी पदार्थ नहीं था और सभी को उस पर आधारहीन टिप्पणियों के दुष्प्रचार से बचना चाहिये।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हम मीडिया रिपोर्टों और की गई टिप्पणियों से अवगत हैं। भारत सरकार के संबंधित अधिकारियों ने इस मामले की गहन जांच की है। जब्त की गई सामग्री में कैलिफ़ोर्नियम आइसोटोप का कोई निशान नहीं है जैसा कि बयान में दावा किया गया है।

प्रवक्ता ने कहा, ऐसी आधारहीन टिप्पणियां करने वालों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसा कोई दुष्प्रचार करने से बचें, जाहिर तौर पर इसे स्वीकार करने वाला कोई नहीं है।

हम एक बार फिर इस बात पर जोर देते हैं कि भारत के पास रेडियोधर्मी सामग्रियों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा है।

उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह ऐसी खबर आयी थी कि बिहार के गोपालगंज जिले में कैलिफोर्नियम नाम का रेडियोधर्मी पदार्थ तस्करों के पास मिला है। यह रेडियोएक्टिव पदार्थ तीन तस्कर कहीं लेकर जा रहे थे, उसी दौरान सूचना पर पुलिस ने चेकिंग शुरू की और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। रिपोर्ट में इसकी कीमत करीब 850 करोड़ रुपए बतायी गयी थी। इस पर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत में रेडियोधर्मी पदार्थ की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किये थे।

## वन नेशन वन इलेक्शन विकसित भारत का संकल्प: सांसद गुलाम अली खटाना

### कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को रखा पिछड़ा और वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में वन नेशन वन इलेक्शन की बात कही। जिसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच रार-तकरार शुरू हो गई।

जम्मू-कश्मीर के एक गुर्जर मुस्लिम नेता और भाजपा के राज्यसभा सांसद गुलाम अली खटाना ने कहा कि जो लोग 70 सालों से सत्ता में बने हुए थे, उन्होंने देश को एकजुट नहीं किया और न ही देश के लिए सोचा। इन लोगों ने देश को पीछे रखा। उन्होंने लोगों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, उन्हें जाति के आधार पर विभाजित किया, अल्पसंख्यकों को पिछड़ा रखा और केवल वोट बैंक की राजनीति में लगे रहे। एक राष्ट्र, एक चुनाव विकसित भारत का संकल्प है। 2047 तक हमारा लक्ष्य एक विकसित राष्ट्र बनाने का है।

उन्होंने कहा, पहले 18 प्रकार के टैक्स लगाए जाते थे, लेकिन आज केवल एक ही कर व्यवस्था है। आज बिचौलिये खत्म हो गए हैं। सरकार की हर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। कांग्रेस ने देश को घोटाले में धकेलने का काम किया। यूपीए सरकार के दौरान हमारी अर्थव्यवस्था और जीडीपी निचले स्तर पर पहुंच गई थी। आज हम डिजिटल और टेक्नोलॉजी के साथ तरक्की की ओर जा रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा के मोर्चे पर आज हमारा भारत देश मजबूत है।

उन्होंने आगे कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा मुस्लिम बहुसंख्यकों की जिम्मेदारी है और उसी के अनुरूप उनकी सुरक्षा की जानी चाहिए। हमें इस मामले पर कांग्रेस से सीखने की जरूरत नहीं है। दरअसल प्रधानमंत्री ने वन नेशन वन इलेक्शन के लिए देश को आगे आने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बार-बार आने वाले चुनाव इस देश की प्रगति में रुकावट उत्पन्न करते हैं। आज कोई भी योजनाओं को चुनाव के साथ जोड़ना आसान हो गया है। हर 3 महीने 6 महीने बाद चुनाव होते हैं। हर काम को चुनाव के रंग से रंग दिया गया है, इसलिए देश ने व्यापक चर्चा की है। सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं। मैं लाल किले से तिरंगे को साक्षी रखते हुए देश के राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं।

संविधान को समझने वाले लोगों से आग्रह करता हूं कि भारत की तरक्की के लिए, भारत के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग जन सामान्य के लिए हो सके, इसके लिए वन नेशन वन इलेक्शन के लिए हमें आगे आना चाहिए।

## 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेताओं की घोषणा

### कन्नड़ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी ने बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड किया अपने नाम किया

**नई दिल्ली 16 अगस्त (एजेंसियां)।**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (2022) के विजेताओं के नामों का ऐलान कर दिया। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा यहां नेशनल मीडिया सेंटर में की गयी। वर्ष 2022 में विभिन्न भाषाओं में निर्मित सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्मों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जायेगा। बेस्ट फिल्म से लेकर बेस्ट एक्टर-एक्ट्रेस तक कई कैटेगिरी में इन अवॉर्ड्स की घोषणा की गयी। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार एक जनवरी से 31 दिसंबर, 2022 तक सेंसर बोर्ड द्वारा सर्टिफाइड फिल्मों को दिये गये हैं।

70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में कन्नड़ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी ने बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अपने नाम किया है। उन्हें उनकी फिल्म कांतारा के लिये बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है।




इस वर्ष की जूरी में फीचर फिल्म जूरी के अध्यक्ष, राहुल रवैल, नीला माधब पांडा, गैर-फीचर फिल्म जूरी की अध्यक्ष और गंगाधर मुदलैर, सिनेमा जूरी पर सर्वश्रेष्ठ लेखन के अध्यक्ष थे।


मलयालम भाषा के नाटक आत्म ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान नित्या मेनन और मानसी पारेख ने साझा किया। पोन्नियिन सेलवन: 1 ने सर्वाधिक चार पुरस्कार जीते। तिरुचित्राबलम में नित्या मेनन और कच्छ एक्सप्रेस के लिये मानसी पारेख ने अवार्ड जीता। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार सूरज बड़जात्या को फिल्म उंचाई के लिये दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार नीना गुप्ता को फिल्म उंचाईके लिये हीं दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार पवन मल्होत्रा को फिल्म फौजी के लिये दिया गया।

## संसद सुरक्षा में फिर चूक, दीवार कूदकर परिसर में घुसा युवक

**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां)।**

अति सुरक्षित माने जाने वाले संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है और शुक्रवार को एक युवक दीवार फांद कर संसद भवन परिसर में कूद गया।

सूत्रों के अनुसार यह युवक रेड क्रॉस रोड की तरफ से दीवार फांद कर लोकसभा की ओर परिसर में कूदा था। कुछ कर्मचारीयों ने उसे दीवार से कूदते हुए देख लिया था। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। इस वर्ष के शुरू में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा संसद परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने के करीब छह महीने के अंदर ही सुरक्षा में चूक का यह बड़ा मामला सामने आया है। इससे पहले संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस के पास थी।



सूत्रों ने बताया कि परिसर में कूदने से पहले इस युवक को दीवार के पास घूमते देखा गया था। खबर लिखे जाने तक संसद भवन के सुरक्षाकर्मी उससे पूछताछ कर रहे थे। बाद में उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया जायेगा। अभी यह नहीं पता चला है कि वह किस उद्देश्य से संसद भवन परिसर में घुसा था। बताते चलें कि

दिसंबर 2023 में संसद पर 2001 के हमले की वर्षगांठ के दिन दो व्यक्ति लोकसभा की कार्यवाही देखने के नाम पर दर्शक दीर्घा में पहुंच गए थे। बाद में वे सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर सदन में कूद गए और वहां गैस छोड़ी। उस समय लोक सभा की कार्यवाही चल रही थी। उसी समय संसद भवन परिसर के बाहर भी इनके दो सहयोगियों ने गैस छोड़ी।

इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है। इस घटना के बाद संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस से लेकर सीआईएसएफ को सौंप दी गई थी। इस घटना से संसद भवन की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

### पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अनवरत हो रहे बर्बर दुराचार के खिलाफ

# देशभर में भाजपा ने किए संवाददाता सम्मेलन, ममता बनर्जी का इस्तीफा मांगा

### बेटी बचाओ के बजायबलात्कारी बचाओ अभियान पर जोर दे रही तृणमूल कांग्रेस

**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां)।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अनवरत बर्बर दुराचार को लेकर तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ देश भर में संवाददाता सम्मेलनों का आयोजन करके सुश्री बनर्जी पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और सुश्री बनर्जी का इस्तीफा मांगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं, वरिष्ठ नेताओं, केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रियों ने शुक्रवार को हर राज्य में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किये और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार में महिलाओं पर निरंतर हो रहे बर्बर दुराचार को लेकर उन पर जमकर हमला किया। महिलाओं के सम्मान का दम भरते भाजपा नेताओं ने कहा कि कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में महिला पीजी डॉक्टर के साथ बलात्कार और निर्मामातापूर्ण हत्या से पूरा देश शर्मसार हुआ है। पश्चिम बंगाल में जो जघन्य अपराध महिला डॉक्टर के साथ हुआ है, उसे देश अब सहने वाला नहीं है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार प्रदेश में बेटियों को बचाने के बजाय अपरधियों को बचाने में लगी हुई है, इसलिए सुश्री ममता बनर्जी कोलकाता में महिला पीजी डॉक्टर की रेप और हत्या मामले को सीबीआई को सौंपने में टालमटोल कर रही थी। हाथरस में राजनीतिक पर्यटन करने वाले राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता ममता बनर्जी सरकार में महिलाओं पर निरंतर हो रहे बर्बरतापूर्ण दुराचार चुप्पी साध ली है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कोलकाता में कहा कि ममता बनर्जी को यह मामला सीबीआई को सौंपने में मात्र 70 सेकंड लगते और वह ऐसा करने के लिए 7 दिन का समय मांग रहीं थी। यह उनकी हताशा को दर्शाता है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस जिस तरह का असंवेदनशील व्यवहार दिखा रही है, वैसा ही व्यवहार उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी भी दिखा रही है। कन्नौज से लेकर कोलकाता तक नफरत, महिलाओं के प्रति हीन भावना और अपराधियों को संरक्षण देने की खतरनाक मानसिकता देखने को मिल रही है। श्री त्रिवेदी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी सवाल पूछे कि क्या उनकी मोहब्बत की दुकानें केवल अपराधी, भ्रष्ट लोग और बलात्कारी चला रहे हैं? कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र नहीं है और ममता बनर्जी पूरी तरह से तानाशाह हैं और अपराधियों को संरक्षण दे रही हैं। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन में कैसे है। सुश्री बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल महिलाओं के लिए नर्क से भी बदतर बन चुका है। कोलकाता की निर्भया के बाद बर्दवान में भी आधी रात को एक खेत में युवती का खून से लथपथ शव मिला, जिसका गला कटा हुआ था। शक्तिगढ़ में एक दिव्यांग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना घटी। लेकिन बेटी बचाओ पर ध्यान देने के बजाय, तृणमूल कांग्रेस बलात्कारी बचाओ अभियान पर जोर दे रही है। कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा मामले को सीबीआई को सौंपने का आदेश देने के दिन ही अस्पताल की इमरजेंसी बिल्डिंग पर हमला कर दिया, जहां अपराध स्थल और सेमिनार रूम स्थित हैं। ऐसा कैसे संभव है कि बिना योजना बनाए इस तरह से भीड़ घटनास्थल पर हमला कर सकती है। तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल में जंगल राज आ चुका है।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सी आर केशवन ने तमिलनाडु में कहा कि ममता बनर्जी सरकार में पश्चिम बंगाल अराजकता का गढ़ बन गया है। पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। ममता बनर्जी को इस घटना के बाद नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए, लेकिन ममता वाम और राम पर दोष मढ़ रही हैं। मजहब और वोट बैंक की राजनीति के लिए तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल को हिंसा की आग में झोंक दिया है। तुष्टीकरण की राजनीति में ममता बनर्जी इतनी निर्दयी हो गई हैं कि उन्हें बंगाल की बेटियों की भी परवाह नहीं है। दरिंदों ने तो महिला डॉक्टर के शरीर को तड़पाया था लेकिन ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार उसकी आत्मा को तड़पा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सरकार जैसी कोई चीज नहीं है। महिला डॉक्टर के साथ जो हुआ, वह देश के लिए बहुत शर्मनाक है। ममता बनर्जी की सरकार हर स्तर पर विफल रही है।

केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सत्ता के नशे में इतनी चूर हो गई हैं कि उन्हें भगवन राम को गाली देने से भी परहेज नहीं है। राम शांति, सद्भाव और प्रेम के प्रतीक हैं, लेकिन अन्याय होने पर वही राम रावण और ताड़का रूपी अन्यायियों को मिटाने का काम करते हैं। ममता बनर्जी मां, माटी और मानुष भूल चुकी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राजस्थान में कहा कि पश्चिम बंगाल की राज्य मशीनरी ध्वस्त हो चुकी है। वर्दीधारियों का काम राज्य के नागरिकों की रक्षा करना है, लेकिन जब वर्दीधारी और पुलिस पर संविधान की भावना के विपरीत काम करने और राजनीतिक सरंक्षण प्राप्त अपराधियों को बचाने में लगी रहती है, जिस वजह से कोलकाता निर्भय केस जैसी घटनाएं होती हैं। पश्चिम बंगाल में संविधान की मूल भावना को तार-तार किया जा रहा है और संविधान को हांथ में लेकर घूमने वाले इंडी गठबंधन के नेता आज इन अत्याचारों पर चुप्पी साधे बैठे हैं। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के नेता कठुआ और हाथरस पर तो राजनीति करते हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की घटना पर उनके होंठ सिल जाते हैं। राहुल गांधी ने हाथरस की घटना के दौरान कहा था कि हाथरस जाने से मुझे कोई ताकत नहीं रोक सकती, तो अब पश्चिम बंगाल जाने से उन्हें कौन सी ताकत रोक रही है?

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय आलोक ने बिहार में कहा कि राहुल गांधी हर महिला को 1 लाख रुपये दे रहे थे, लेकिन पश्चिम बंगाल मामले पर उन्हें जवाब देने में चार दिन लग गए। प्रियंका गांधी लड़की हूं, लड़ सकती हूं का नारा देती हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल के बारे में नहीं बोल सकतीं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की बोलती बंद हो गई है। इंडी गठबंधन के सारे नेता चुप हैं, कोई भी पश्चिम बंगाल के बारे में नहीं बोल रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कर्नाटक में कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय को पश्चिम बंगाल सरकार और पुलिस पर भरोसा नहीं है। इसीलिए कोलकाता डॉक्टर हत्या मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है। ममता बनर्जी इस घटना की जिम्मेदारी कब लेंगी? वह कब इस्तीफा देंगी? ममता बनर्जी के पास अब एक मिनट भी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बने रहने का कोई नैतिक अधिकार, कानूनी अधिकार या संवैधानिक औचित्य नहीं बचा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल के एंटनी ने असम में कहा कि पिछले कुछ महीनों में पश्चिम बंगाल के संदेशखाली, चोपड़ा, कोलकाता, बर्दवान आदि जगहों पर लगातार महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्ण दुराचार, अत्याचार और नृशंस हत्या की घटनाएँ घट रही है। पुलिस सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने और इस तरह की जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को बचाने की कोशिश कर रही है। राज्य में कानून और व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चूका है।

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भण्डारी ने तेलंगाना में कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के शासन में निर्भया के साथ दरिंदगी की गई थी और आज भी कांग्रेस पश्चिम बंगाल की इस घटना पर चुप है। तब भी देश एकजुट हुआ था और आज भी पूरा देश एकजुट होकर ममता बनर्जी से इस्तीफा मांग रहा है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि

# अटल जी ने रखी थी आधुनिक भारत की नींव: सीएम योगी

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)।**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी। तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनने के साथ ही उन्होंने भारत की राजनीतिक अस्थिरता को दूर किया था। सीएम योगी ने कहा कि 25 दिसंबर 1924 को जन्में अटल जी का लगभग छह दशक का सार्वजनिक जीवन पूर्णतः निष्कलंक रहा। उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सीएम योगी ने अटल जी को भारतीय राजनीति का अजातशत्रु करार देते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में उनकी पहचान एक सर्वमान्य चेहरे के रूप में थी।

सीएम योगी ने शुक्रवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की छठी पुण्यतिथि पर लोकभवन में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश को सुशासन, इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रामीण विकास का मॉडल अटल जी ने दिया था। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी की सरकार में चलाए गए अंत्योदय के कार्यक्रम उनकी दूरदर्शिता को प्रदर्शित करते हैं।

अटल जी की स्मृतियों को नमन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सानिध्य में अटल जी ने अपने सार्वजनिक जीवन का शुभारंभ किया था। 1957 में वह बलरामपुर (वर्तमान में श्रावस्ती) से पहली बार सांसद चुने गए थे। उन्होंने कहा कि अटल जी को लगातार 10 बार लोकसभा एवं दो बार राज्यसभा में जाने का अवसर प्राप्त हुआ था, जिसमें वह पांच बार लखनऊ से सांसद चुने गए थे।

सीएम योगी ने कहा कि आज अटल जी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृतियां, उनकी कविताएं और भारतीय राजनीति के उनके मूल्य एवं सिद्धांत सदैव हमें एक नई प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अटल जी द्वारा किए गए प्रयासों को देश कभी विस्मृत नहीं कर सकता है।






सीएम योगी ने कहा कि अटल जी के सदप्रयासों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि से भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में राज्यसभा सदस्य डॉ दिनेश शर्मा, पूर्व जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## प्रसिद्ध कवि हरिओम पवार ने पढ़ी अटल जी की स्मृति में कविताएं

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)।**
राजनीति मूल्यों और सिद्धांतों की होती है। मूल्य और सिद्धांत विहीन राजनीति मौत का फंदा है। यह मौत का फंदा देश में कथित सेक्युलरिस्ट का वास्तविक चेहरा है, जो हमें समय-समय पर देखने को मिलता है। भारतीय राजनीति के अजातशत्रु के रूप में अटल जी की जो पारी थी, उन्हें एक सर्वमान्य नेता के रूप में हरेक दल का व्यक्ति सम्मान देता था। केवल सत्ता पक्ष ही नहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि दल से बड़ा देश होता है। हम देश के लिए समर्पित होकर काम करेंगे। यह दर्शन भारतीय जनसंघ से जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के अंदर देखने को मिलता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कही। वह अटल जी की पुण्यतिथि पर अटल बिहारी वाजपेयी फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि समारोह और एकल काव्य पाठ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी ने अपने जीवन की शुरुआत जिन मूल्यों और पृष्ठभूमि से की



थी, उसका उन्होंने आजीवन निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ही एक ऐसे राजनेता रहे हैं जिन्होंने सार्वजनिक जीवन के 6 दशक तक जनता जनार्दन की सेवा में सांसद, मंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की। इस दौरान उन पर कहीं कोई धब्बा नहीं लगा। यह अपने आप में भारत ही नहीं दुनिया की राजनीति का एक ऐसा उदाहरण और आदर्श है, जो सार्वजनिक जीवन में कार्य करने वाले हरेक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायी है। राजनीति के बारे में उनका बहुत स्पष्टता के साथ कहना था कि राजनीति बिना मूल्यों और सिद्धांतों के नहीं हो सकती है। यही वजह है कि 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय अटल जी ने कांग्रेस सरकार से देश हित में कहा था कि उन्हें जहां भी सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी, भारतीय जन संघ देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए आपका समर्थन करेगा। वहीं 1975 में जब देश में कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। साथ ही उस समय भारतीय जनसंघ के सभी बड़े नेताओं को जेल के अंदर बंद कर दिया तो अटल जी ने लोकतंत्र के गला घोंटने के कांग्रेस की इस कुत्सित मंशा के खिलाफ प्रखरता के साथ आवाज उठाई थी। साथ ही लोकतंत्र को बचाने के लिए उन्होंने जनसंघ का जनता पार्टी में विलय कर कांग्रेस के खिलाफ एक मोर्चाबंदी भी की थी। फिर, जब उन्हें लगा कि जनता पार्टी के माध्यम से मूल्यों और आदर्शों के साथ खिलवाड़ करने का कुत्सित प्रयास हो रहा है, तो उन्होंने फिर से अंगड़ाई ली और जनसंघ के नेताओं के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की और कहा कि सिर्फ मूल्यों और सिद्धांतों की राजनीति होगी। साथ ही राष्ट्र से बढ़कर और कुछ नहीं हो सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर श्रद्धेय अटल जी की कविता की कई पंक्तियां भी पढ़ी। उन्होंने कहा कि अटल जी के वक्तव्य और उनकी कविताओं को हर एक भारतीय को पढ़ना चाहिये। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी राजनीति के अजातशत्रु के रूप में मान्य हैं, जिन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। चुनाव के परिणाम जो भी रहे हों। वह हारे हों या जीते हों, एक लंबे समय तक उन्होंने लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने लंबे समय तक देश की संसद में रहकर देश की जनता जनार्दन की अमूल्य सेवाएं की, लेकिन अपने मूल्यों और आदर्शों से कभी विचलित नहीं हुए। कठोर से कठोर बात को भी कितनी शालीनता के साथ कहना है, यह उनके वक्तव्यों के माध्यम से हम सब देख सकते हैं। यही श्रद्धेय अटल जी का संदेश हम सबके लिये है। सार्वजनिक जीवन में कार्य करने वाले हर व्यक्ति के लिए वह आदर्श हैं। सीएम ने कहा कि हम तनिक भी उनसे प्रेरणा प्राप्त कर लें तो भारत का लोकतंत्र भी सुरक्षित होगा। साथ ही भारत की एकता और अखंडता को भी कोई चुनौती नहीं दे सकेगा। अंत में सीएम योगी ने महान कवि हरिओम पवार का हृदय से अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, भाजपा नेता नीरज सिंह आदि उपस्थित थे।

## कन्नौज में सपा नेता द्वारा बलात्कार प्रयास का मामला

# नवाब पर हाथ डालने से भी घबराती थी पुलिस



### अब योगी सरकार ने कसा शिकंजा

**कन्नौज, 16 अगस्त (एजेंसियां)।**
पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव का मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

नाबालिग ने दुष्कर्म के आरोपी नवाब सिंह पर पहले 15 मुकदमे दर्ज थे, लेकिन पुलिस ने कभी कार्रवाई नहीं की थी। इस बार नवाब के खिलाफ 16वां मुकदमा दर्ज हुआ तो उस पर शिकंजा कस गया। एक समय सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का करीबी था, लेकिन 2017 के बाद सपा ने उससे दूरी बना ली थी। कहा तो ये भी जाता है कि नवाब सिंह ने अखिलेश यादव के साथ दगाबाजी की थी।

दरअसल, नवाब सिंह यादव का यह सियासी रसूख ही था कि उसके खिलाफ अलग-अलग समय पर कुल 15 मुकदमे दर्ज हुए, लेकिन कभी पुलिस कार्रवाई नहीं कर सकी। यह मुकदमे बसपा, भाजपा, सपा शासन में लगते रहे। भाजपा की पिछली सरकार में भी मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बार चूंकि मामला एक नाबालिग की असमत से जुड़ा था, तो पुलिस ने कार्रवाई करने में कोई हिचक नहीं दिखाई। अब उसे सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। आगे और भी कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

कन्नौज शहर के करीब नसरा-पुर स्थित चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय इन दिनों पुलिस के निशाने पर है। इसी कॉलेज में रविवार की रात पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पास बुआ और उसकी भतीजी पहुंची थी। इसी कॉलेज में वारदात हुई है।

पुलिस ने इसी कॉलेज में पहुंचकर पीड़ित छात्रा के बयान के आधार पर आरोपी नवाब सिंह यादव को दबोचा था। कन्नौज सदर ब्लॉक का प्रमुख नवाब सिंह यादव का अपना डिग्री कॉलेज भी है। अपने पिता चौधरी चंदन सिंह के नाम से संचालित इस कॉलेज में ही उसका अपना अलग से एक कार्यालय है। यहीं बैठकर वह अपनी सियासी गतिविधियों को अंजाम देता है।

रविवार की रात इसी कार्यालय के एक हिस्से में बने रेस्ट रूम में घटना हुई थी। यहीं पहुंची किशोरी ने अपने साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाकर यूपी 112 डायल कर मामले की जानकारी दी थी। उसी आधार पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के पीछे-पीछे जाकर नवाब सिंह यादव को रेस्ट रूम से पकड़ा था। उस समय तो पुलिस आरोपी को वहां से ले आई थी। साथ में शिकायत करने वाली छात्रा और उसकी बुआ को भी वहां से ले गई थी।

# बदसलूकी केस में बाहर आते ही पवन यादव ने जताया अखिलेश का आभार

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)।**
बीते दिनों लखनऊ के गोमती नगर में जल जमाव के दौरान एक युवती से बदसलूकी मामले में गिरफ्तार हुए पवन यादव को आज जमानत मिली है। जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने सबसे पहले अखिलेश यादव का धन्यवाद किया है। मीडिया को दिए अपने बयान में उसने ऐसे दिखाया कि उसकी गलती नहीं थी फिर भी उसे पकड़ा गया। हालांकि पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि आरोपित के ऊपर से आरोप नहीं हटे हैं।

पवन यादव ने जेल से निकलने के बाद कहा, मैं समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव का आभारी हूं। जब घटना घटी तो मैं वहां नहीं था मैं वीडियो में शामिल नहीं था। सीएम योगी आदित्यनाथ को गलत जानकारी दी गई होगी। जो अधिकारी कहेंगे वही तो मानेंगे। उन्होंने शायद मेरा नाम इसलिए लिया क्योंकि मेरा नाम पवन यादव है। अखिलेश जी ने कहा है कि अगर मैंने कुछ गलत नहीं किया है तो मुझे डरने की जरूरत नहीं है। मुझे बहुत बेहतर महसूस हुआ।

वहीं अखिलेश यादव ने इस मामले में बयान दिया कि गोमती नगर घटना में जो लड़के पकड़े गए और जिसका विधानसभा में नाम लिया गया वह मिलने आया है। अखिलेश यादव के अनुसार वे बेचारा चाय पी रहा था उसी दौरान पुलिसवालों ने उसको पकड़ लिया। उन्होंने कहा ये जांच का विषय है जिसके बाद ये लोग छूट जाएंगे। अखिलेश यादव ने अधिकारियों को धमकाने वाले अंदाज में कहा कि जिन अधिकारियों ने अपना रुतबा बढ़ाने के लिए और सरकार की इमेज बनाने के लिए इनको पकड़ा और थाने में ले जाकर हाथ जोड़कर जो तस्वीर छापी। मैं उनसे कहूंगा कि उनको मत भूलना और मैं भी उनको नहीं भूलूँगा। विधानसभा में और भी नाम पढ़े जाने चाहिए थे, लेकिन केवल दो नाम पढ़े गए।

बता दें कि पवन यादव द्वारा मीडिया में दिए गए बयान और लगाए गए आरोप के बाद यूपी पुलिस ने भी इस बाबत बयान जारी कर बताया कि अभी ये साबित नहीं हुआ है कि पवन यादव घटना में शामिल नहीं था। पुलिस ने बताया पवन यादव के खिलाफ जो भी कार्रवाई हुई है वो विधिपूर्ण ढंग से हुई है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, उसके खिलाफ स्थानीय स्तर पर पूर्व में में तीन अभियोग पहले से पंजीकृत हैं। जिसमें आरोप पत्र प्रेषित है और वर्तमान प्रकरण की विवेचना पुलिस द्वारा की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर विवेचना का निस्तारण किया जाएगा। अभी आरोपित को न तो क्लीन चिट दी गई है और न ही उसे आरोप मुक्त किया गया है।

# बुंदेलखंड में इतनी होगी हरियाली कि लोग भूल जाएंगे सूखा

### केन बेतवा लिंक से सिंचित होगी ढाई लाख हेक्टेयर जमीन

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)।**
शौर्य और संस्कार की धरती, बुंदेलखंड। यह धरती उत्तर प्रदेश का स्वर्ग बने, यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है। इसे वह कई बार सार्वजनिक रूप से बोल भी चुके हैं। इस संकल्प को पूरा करने के लिए योगी-1.0 से शुरू सिलसिला योगी-2.0 में भी उसी शिद्दत से जारी है। डिफेंस कॉरिडोर, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, इस एक्सप्रेस वे के किनारे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, कानपुर और झांसी के बीच नोएडा से भी बड़ा इंडस्ट्रियल हब बनाने, यहां के नामचीन किलों को एडवेंचर टूरिज्म के लिए विकसित करने जैसी योजनाएं इसका प्रमाण हैं।

इंडस्ट्री के अलावा बुंदेलखंड का सबसे बड़ा संकट पानी है। चाहे शुद्ध पेयजल की बात हो या खेतों के सिंचाई। योगी सरकार का इस पर भी समान रूप से फोकस रहा है। अर्जुन सहायक नहर के साथ अन्य छोटी और मझोली परियोजनाओं के पूरा होने से यहां सिंचन क्षेत्र का रकबा बढ़ा है। खेत तालाब योजना से न केवल यहां के जमीन के जल धारण की क्षमता बढ़ी है बल्कि सूखे के समय खेतों की सिंचाई और मवेशियों की प्यास भी बुझ रही है। फिलहाल बुंदेलखंड के लोगों और खेतों की प्यास बुझाने की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना केन बेतवा लिंक परियोजना है। नदी जोड़ो योजना के तहत आज से करीब दो दशक पहले यह सपना तबके प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देखा था। योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में ही मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से जुड़ी इस परियोजना को लेकर गंभीर पहल की। दोनों प्रदेशों और केंद्र में भाजपा की सरकार होने के नाते इन पहलों के नतीजे भी सकारात्मक रहे। तीनों सरकारों में इस बाबत समझौता भी हो चुका है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित विभाग के साथ इसकी समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिए कि केन बेतवा लिंक परियोजना से हमीरपुर को भी जोड़ा जाय। पहले इससे बांदा, महोबा, ललितपुर और झांसी को ही जोड़ा जाना था।

उल्लेखनीय है कि करीब तीन साल पहले केन-बेतवा परियोजना पर केंद्रीय कैबिनेट की मुहर लगी थी। इस योजना से बुंदेलखंड में आने वाले उत्तर प्रदेश के पांच और मध्यप्रदेश के आठ जिलों की किस्मत बदल जाएगी। दशकों से पेयजल और सिंचाई संकट का सामना कर रहे इस क्षेत्र के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं होगी। अर्से यह क्षेत्र सूखे का शिकार है। इस कारण क्षेत्र में व्यापक गरीबी के कारण अन्य जिलों की तुलना में यहां से पलायन भी बहुत ज्यादा है। अगर यह परियोजना तय समय, आठ साल में पूरी हुई तो इस पूरे क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल के संकट का स्थायी समाधान हो जाएगा। परियोजना की अहमियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसके जरिये 10.62 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचाई की जद में आएगी। इसके अलावा 62 लाख लोगों को पीने का पानी नसीब होगा। परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश में दो बैराज और मध्य प्रदेश की नदियों पर सात बांध बनाए जाएंगे। 103 मेगावाट हाइड्रो पावर और 27 मेगावाट सोलर पावर का उत्पादन होगा।

बुंदेलखंड क्षेत्र में यूपी के पांच जिले बांदा, महोबा, झांसी, हमीरपुर और ललितपुर शामिल हैं। इस परियोजना से यूपी के इन पांच जिलों को करीब 750 मिलियन क्यूसेक मीटर पानी मिलेगा। इन जिलों की 2.51 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी। इन जिलों का पेयजल संकट हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। इसके अलावा इस परियोजना के तहत यूपी में दो बैराज बनने हैं। बिजली का लाभ अलग से मिलेगा। केन और बेतवा को जोड़ने के लिए जो 221 मीटर लंबी लिंक चैनल बननी है उसका 21 किलोमीटर हिस्सा उत्तर प्रदेश में पड़ेगा।

44,605 करोड़ रुपए की इस परियोजना का नब्बे फीसदी खर्च केंद्र सरकार उठाएगी और यूपी को महज पांच फीसदी ही खर्च उठाना होगा। केंद्र का खर्च 39,317 करोड़ रुपए होगा। शेष दस फीसदी राशि में ही उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सरकार को योगदान देना होगा। सरकार ने इस परियोजना को हर हाल में आठ साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। (आंकड़े तीन साल पहले के हैं। लिहाजा कुछ वृद्धि भी हो सकती है)

# अंबेडकरनगर और अयोध्या में लगेगा रोजगार मेला

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)।**
उत्तर प्रदेश में मिशन रोजगार को रफ्तार देने के लिए योगी सरकार निरंतर नए-नए कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा 17 और 18 अगस्त को क्रमशः अंबेडकरनगर और अयोध्या में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें करीब 150 प्रतिष्ठित कंपनियां 70 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करने जा रही हैं। महत्वपूर्ण बात ये भी है कि रोजगार मेला का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जाएगा। यह रोजगार मेला उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा प्रशिक्षण एवं सेवा योजन निदेशालय और एमएसएमई विभाग के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। रोजगार मेला प्रातः 9:00 से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगा तथा इसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व आईटीआई के प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता छात्रों के साथ ही अन्य सामान्य विद्यार्थी भी प्रतिभाग कर सकेंगे।

प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण उपरांत सेवायोजित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसी क्रम में इन रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। 18 अगस्त को अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय, कुमारगंज में यह वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस वृहद रोजगार मेला में 50,000 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष युवाओं का चयन करने के लिए 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां उपलब्ध रहेगी। इन कंपनियों में एक्सेंचर, अडाणी, बजाज ऑटो, चैंबर ऑफ इंडियन एमएसएमई, फ्लिपकार्ट, होंडा, लावा इंटरनेशनल लि. मिंत्रा, नोकिया, केस कॉर्प, सुजुकी मोटर्स, स्विगी और टाटा मोटर्स प्रमुख होंगी।

इससे पूर्व, 17 अगस्त को अंबेडकरनगर के देव इंद्रावती महाविद्यालय कैंपस, कटेहरी में भी वृहद रोजगार मेला का आयोजन कराया जाना निर्धारित किया गया है। इस रोजगार मेले में 21,000 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष युवाओं का चयन करने के लिए 46 प्रतिष्ठित कंपनियां उपलब्ध रहेंगी। इन कंपनियों में बारबरीक नेशन, चेंबर ऑफ इंडियन एमएसएमई, फ्लिपकार्ट, लावा इंटरनेशनल, ओरियो बिस्कुट्स और केस कॉर्प प्रमुख रूप से शामिल होंगी। यह रोजगार मेला उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं राजकीय आईटीआई अंबेडकरनगर एवं जिला सेवायोजन एवं उपायुक्त उद्योग विभाग अंबेडकरनगर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। जनपद स्तरीय रोज़गार मेले में इच्छुक युवक और युवतियां अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करके तथा अपने अपने बायोडाटा एवम शैक्षिक दस्तावेजों के साथ इस सुनहरे अवसर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकते हैं।

योगी सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ-साथ निजी कंपनियों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर रही है। इसके लिए सरकार की ओर से उनके कौशल विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। सरकार की योजना 2024 में इन रोजगार मेलों के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को निजी कंपनियों में नियोजित करने की है। योगी सरकार के प्रयासों का ही असर है कि साढ़े सात वर्षों में साढ़े छह लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी देने में सफलता मिली है तो वहीं संविदा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी से जोड़ा गया है। वहीं, दो करोड़ लोगों को निजी क्षेत्र/एमएसएमई के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

संपादकीय

## जलवायु अनुकूल फसलें

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के चलते पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों से हमारी खाद्य शृंखला को खतरा पैदा हो गया है। मानसून के पैटर्न में बदलाव, घातक गर्मी की लहरों, समुद्री जलस्तर में वृद्धि तथा आये दिन आने वाले समुद्री तूफान कृषि उत्पादन के लिये संकट पैदा कर रहे हैं। इस बाबत इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की हालिया रिपोर्ट में खतरों के प्रति चेताया गया है। निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है, जिसका मुकाबला नई रणनीति बनाकर किया जा सकता है। आशंका जतायी जा रही है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि के क्षेत्र व फसलों की पैदावार में भारी कमी आ सकती है। खासकर छोटे किसानों के लिये यह संकट बड़ा है जो पूरी तरह से मानसूनी वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन विषम परिस्थितियों में पैदावार को अक्षुण्ण रखने के लिये विशेष उपक्रम किये जाएं। इस दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एक दशक पहले जलवायु अनुकूल खेती में नवाचारों को लेकर अपनी परियोजना शुरू की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा कई अधिक उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की किस्मों का शुभारंभ करना इसी कड़ी का हिस्सा है। इस बाबत सरकार का कहना है कि अधिक पैदावार वाली गेहूं के बीजों की किस्मों को सफलता पूर्वक तैयार करने के बाद जलवायु प्रतिरोधी बीजों के साथ धान का रकबा बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है। निस्संदेह, इस विकट पर्यावरणीय चुनौती का मुकाबला हम निरंतर स्वदेशी समाधानों के जरिये ही कर सकते हैं। जिसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जा रही है। निस्संदेह, देश में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रमों की कोई कमी नहीं है, लेकिन जरूरत इस बात की है कि उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाए। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों से कृषि उत्पादन को संरक्षण देने और किसानों के हितों की रक्षा के लिये संसाधनों का बेहतर उपयोग बेहद जरूरी है। इसके साथ ही जल स्रोतों का संरक्षण, वन क्षेत्र की रक्षा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं के जरिये भूमि की उर्वरता बढ़ाने का उपक्रम भी करने की दरकार है। हमें खेती में कृत्रिम खादों के उपयोग में भी संयम बरतना चाहिये। इसी कड़ी में फसलों के विविधीकरण कार्यक्रम को भी गति देने की आवश्यकता है। इसके लिये किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। यह सुखद है कि देश के कई राज्यों में व्यापक पैमाने पर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन इस कार्यक्रम को राष्ट्रव्यापी बनाया जाना चाहिये। इस दिशा में प्रोत्साहन योजनाएं किसानों का जैविक खेती अपनाने का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। एक तथ्य यह भी कि इस दिशा में नई प्रौद्योगिकी तैयार कर लेने मात्र से ही समस्या का समाधान संभव नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वैज्ञानिक अनुसंधानों को खेतों तक पहुंचाया जाए। किसान सहजता से उनका उपयोग करते हुए फसलों के संरक्षण को गति दे सके। दरअसल, किसान को व्यावहारिक रूप से संतुष्ट करना जरूरी भी है कि उसके लिये वास्तव में क्या उपयोगी है। देश में किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिये देशव्यापी सहमति बनाने की जरूरत है। इसके लिये आधुनिक अनुसंधान के साथ ही अनुभवजन्य अध्ययन को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सही मायनों में इन प्रयासों को गति देने के लिये अनुसंधान हेतु पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने तथा खेती के लिये उपयोगी निष्कर्षों को किसानों तक पहुंचाने की भी जरूरत है। लगातार भयावह होते परिदृश्य में इस चुनौती को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में शामिल करने की आवश्यकता है। इस हकीकत को जानते हुए कि हम दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश हैं। एक बड़ी आबादी की सामाजिक सुरक्षा के लिये तमाम खाद्यान्न योजनाएं सरकारी अन्न भंडारों के जरिये चलायी जा रही हैं। जिसकी पूर्ति खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाकर ही की जा सकती है। यह तभी संभव है जब हमारी कृषि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का मुकाबला करने में सक्षम हो।

मानसून के पैटर्न में बदलाव, घातक गर्मी की लहरों, समुद्री जलस्तर में वृद्धि तथा आये दिन आने वाले समुद्री तूफान कृषि उत्पादन के लिये संकट पैदा कर रहे हैं। इस बाबत इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की हालिया रिपोर्ट में खतरों के प्रति चेताया गया है। निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है, जिसका मुकाबला नई रणनीति बनाकर किया जा सकता है। आशंका जतायी जा रही है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि के क्षेत्र व फसलों की पैदावार में भारी कमी आ सकती है। खासकर छोटे किसानों के लिये यह संकट बड़ा है जो पूरी तरह से मानसूनी वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन विषम परिस्थितियों में पैदावार को अक्षुण्ण रखने के लिये विशेष उपक्रम किये जाएं। इस दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एक दशक पहले जलवायु अनुकूल खेती में नवाचारों को लेकर अपनी परियोजना शुरू की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा कई अधिक उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की किस्मों का शुभारंभ करना इसी कड़ी का हिस्सा है।

### संसद के मंदिर में जातीय गणना की मांग कर रहे हैं और अपनी जाति बताने में अपमान के अनुभव का ढोंग कर रहे है

# राहुल का अनर्गल प्रलाप बढ़ा रहा है जातीय विभाजन

प्रमोद भार्गव

आजकल लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अनर्गल प्रलाप करते हुए, जातीय विभाजन को हवा देने का काम कर रहे है। एक तरफ तो वे पुरजोरी से जातिगत गणना कराने की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कटाक्ष किया कि 'जिनकी जाति का पता नहीं वे जातिगत जनगणना की बात करते है।' निशाने पर बैठे इस तीर ने 'जाति' के मुद्दे पर राहुल को आहत कर दिया।

समग्र भारतीय समाज की यह विडंबना रही है कि मुद्दा कोई भी हो जाति उभरकर आ जाती है। आजकल लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अनर्गल प्रलाप करते हुए, जातीय विभाजन को हवा देने का काम कर रहे है। एक तरफ तो वे पुरजोरी से जातिगत गणना कराने की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कटाक्ष किया कि 'जिनकी जाति का पता नहीं वे जातिगत जनगणना की बात करते है।' निशाने पर बैठे इस तीर ने 'जाति' के मुद्दे पर राहुल को आहत कर दिया। अब वे और अखिलेश यादव पूछ रहे हैं कि 'सदन में जाति कैसे पूछी गई ?' इसे अपमान की असंसदीय भाषा बता रहे है। यह बात सोच से परे है कि जो लोग संसद के मंदिर में जातीय गणना की मांग कर रहे हैं, वे अपनी जाति बताने में अपमान के अनुभव का ढोंग कर रहे हैं। जबकि यही राहुल देष में आम बजट पेष करने से पहले परंपरा बन चुके 'हलवा उत्सव' के समय पूछ रहे थे कि इसमें षामिल अधिकारियों की जाति क्या है। यह भी कह रहे थे कि इसमें अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधीकारी षामिल थे या नहीं। जाति पूछने का जो सवाल राहुल को गाली लगा, क्या इन अधिकारियों को नहीं लगा होगा ? बहरहाल जातीय कुचक्र को बढ़ावा देने की संसद में यह स्थिति देष की संवैधानिक व्यवस्था के लिए बड़ा संकट बनकर पेष आ सकती है।

डॉक्टर आंबेडकर ने भारतीय समाज की इस भेदभाव से जुड़ी बुराई को पहले ही समझ लिया था। इसीलिए उन्होंने जातिवीहिन समाज के निमर्ण की कल्पना की थी। डॉक्टर राममनोहर लोहिया ने भी जाति तोड़ों अभियान चलाया था। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भगवत को कहना पड़ा है कि 'भेदभाव पैदा करने वाली 'वर्ण' और 'जाति' जैसी हर व्यवस्था निर्मूल करने की जरूरत है।' दरअसल सामाजिक समानता भारतीय परंपरा का हिस्सा रही है। लेकिन इसे भुला दिया गया। नतीजतन घातक परिणाम सामने आए। वर्ण और जाति व्यवस्था वैदिक कालखंड में जातीय भेदभाव से दूर थी। किंतु आजादी के 75 साल बाद वह



कांग्रेस जो आजादी दिलाने में मुख्य भूमिका का निर्वहन करने का दावा करती है, वह अब जातीय विभाजन को हवा देकर देष की अखंडता को खतरा पैदा करने की बात कर रही है। हालांकि जाति के स्तर पर छुआछूत तेजी से खत्म हुआ है। स्त्रियों में आर्थिक स्वावलंबन बढ़ने से अंतरजातीय विवाह भी बढ़े हैं। उच्च वर्ण के माने जाने वाले ब्राह्मण, क्षत्रीय और वैष्य की संतानें पिछड़े, दलित और जनजाति की संतानों से विवाह-बंधन में बंध रहे हैं। इन विवाहों को सामाजिक स्वीकार्यता मिलने लगी है। आमंत्रण-पत्र में छोटी या बड़ी जाति को प्रस्तुत करने का भेद खत्म हो गया है। अलबत्ता कई क्षेत्रों में आरक्षण के लाभ की सुविधा के चलते जाति व्यवस्था कमजोर होने के बाबजूद कायम है।

जाति तो नहीं लेकिन वर्ण की पहचान ऋग्वेद की कतिपय ऋचाओं में मिलती है। हालांकि इसे प्रकृति और पुरुष में समानता का दर्जा देते हुए उल्लेखित किया गया है। कहा है, अखिल ब्रह्मांड एक महामानव अथवा विराट पुरुष है। इस पुरुष का नेत्र सूर्य, मन चंद्रमा, कान और प्राण वायु हैं, मुख अग्नि, नाभि अंतरिक्ष, मस्तक आसमान और उसके पैर पृथ्वी हैं। कालांतर में इसी विराट पुरुश को चार मुख्य श्रेणियों में विभाजित कर दिया। अर्थात मुख से ब्रह्मांड, बाजुओं से क्षत्रिय, जंघाओं से वैश्य और पैरों से शूद्रों की उत्पत्ति मान ली गई। इन्हें ही चातुर्वर्ण्य-व्यवस्था का आधार मान लिया। साफ है, ऋग्वेद में जाति कहीं नहीं है। अतएव बृहत्तर हिन्दू समाज (हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख) में जिस जातीय संरचना को ब्राह्मणवादी व्यवस्था का दुष्चक्र माना जाता है, हकीकत में यह व्यवस्था कैसे आई, इसकी तह में जाना मुष्किल है। इसीलिए संत रविदास के यह कहने के बावजूद कि 'ब्राह्मण मत पूजिए जो होवे गुणहीन, पूजिए चरण चंडाल के जो होवे गुण प्रवीण'।

बावजूद जातीय संरचना अपनी जगह हजारों साल से बदस्तूर है। मुस्लिम समाज में भी जाति-प्रथा पर पर्दा डला हुआ है। आभिजात्य मुस्लिम वर्ग यही स्थिति बनाए रखना चाहता है, जबकि मुसलमानों की सौ से अधिक जातियां हैं, परंतु इनकी जनगणना में भी पहचान का आधार धर्म और लिंग है। षायद इसीलिए आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कहा है कि 'जाति ब्राह्मणवादी व्यवस्था का कुछ ऐसा दुष्चक्र है कि हर जाति को अपनी जाति से छोटी जाति मिल जाती है। यह ब्राह्मणवाद नहीं है, बल्कि पूरी की पूरी एक साइकिल है। अगर यह जातिचक्र एक सीधी रेखा में होता तो इसे तोड़ा जा सकता था। यह वर्तुलाकार है। इसका कोई अंत नहीं है। इससे मुक्ति का कोई उपाय नहीं है।' वैसे भी धर्म के बीज-संस्कार जिस तरह से हमारे बाल अवचेतन में, जन्मजात संस्कारों के रूप में बो दिए जाते हैं, कमोबेश उसी स्थिति में जातीय संस्कार भी नादान उम्र में उड़ेल दिए जाते हैं। इस तथ्य को एकाएक नहीं नकारा जा सकता कि जाति एक चक्र है। यदि जाति चक्र न होती तो अब तक टूट गई होती। राहुल गांधी जैसे नेता इसकी गिरफ्त में न आते।

जाति पर जबरदस्त कुठारघात महाभारत काल के भौतिकवादी ऋषि चार्वाक ने किया था। उनका दर्शन था, 'इस अनंत संसार में कामदेव अलंध्य हैं। कुल में जब कामिनी ही मूल है तो जाति की परिकल्पना किसलिए ? इसलिए संकीर्ण योनि होने से भी जातियां दुष्ट, दूषित या दोषग्रस्त ही हैं, इस कारण जाति एवं धर्म को छोड़कर स्वेच्छाचार का आचरण करो।' गौतम बुद्ध ने जो राजसत्ता भगवान के नाम से चलाई जाती थी, उसे धर्म से पृथक किया। बुद्ध धर्म, जाति और वर्णाश्रित राज व्यवस्था को तोड़कर समग्र भारतीय नागरिक समाज के लिए समान आचार संहिता प्रयोग में लाए। चाणक्य ने जन्म और जातिगत श्रेष्ठता को तिलांजलि देते हुए व्यक्तिगत योग्यता को मान्यता दी।

दृष्टि कोण

# सतत निगरानी व तकनीक रोकेगी स्कूल बस हादसे

कहना कठिन है कि कितने लोगों को 18 नवम्बर, 1997 की वो स्याह सुबह याद है जब बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस दिल्ली में वजीराबाद पुल से यमुना नदी में गिरी थी। दर्दनाक हादसे में 28 बच्चों की मृत्यु हुई व 62 बच्चे तथा स्टाफ घायल हुए। बस में 6 से 14 वर्ष आयु के 112 बच्चे सवार थे। ह्रदय विदारक दुर्घटना के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ मामले में दिसंबर, 1997 में ही स्कूल बसों के सुरक्षित संचालन और प्रबंधन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। जिसमें स्कूल बसों की गति सीमा निर्धारण हेतु स्पीड गवर्नर लगाने, बसों का नियमित रखरखाव-निरीक्षण, चालकों के लिए पांच वर्ष का अनुभव, नियमित प्रशिक्षण व स्वास्थ्य जांच, बसों में प्राथमिक चिकित्सा किट व बच्चों के बैठने की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई। कोर्ट के दिशा-निर्देशों के बाद स्कूली बसों को सुरक्षित बनाने हेतु सम्भवतः पहली बार गंभीर प्रयास हुए। लेकिन इसके बावजूद स्कूल बस दुर्घटनाएं चिंताजनक रूप से अक्सर हुई। वर्ष 2015 में पंजाब के मोगा में स्कूल बस के ट्रक से टकराने से 12 बच्चों की मृत्यु हुई। वर्ष 2018 में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में स्कूल बस के गहरी खाई में गिरने से चालक और 2 शिक्षकों सहित 23 बच्चों की मृत्यु हो गई। वर्ष 2018 में ही उ.प्र. के एटा में स्कूल बस के ट्रक से टकराने से करीब 24 बच्चों की मृत्यु हुई। वर्ष 2019 में उ.प्र. के कुशीनगर में मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से टकराने से बस में सवार 13 बच्चों की मृत्यु हुई। इसी साल 11 अप्रैल को हरियाणा के महेन्द्रगढ़ में कनीना क्षेत्र स्थित जी.एल. पब्लिक स्कूल बस चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही से चलाने से बस पलट गई। हादसे में 6 छात्रों की मृत्यु हुई तथा 32 घायल हुए। चालक नशे में था। पहले भी इस बाबत स्कूल प्रशासन को सचेत करने पर भी अनदेखी से दुखद हादसा हो गया।

दरअसल, दुर्घटनाओं का मुख्य कारण स्कूल बसों का समुचित रखरखाव न होना, बस चालकों का लापरवाही से तेज गति व नशे में गाड़ी चलाना रहा है। हाल ही में हिसार में एक स्कूल बस ब्रेक फेल होने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई, महेन्द्रगढ़ में एक स्कूल बस का पिछला टायर निकल गया तथा फरीदाबाद में स्कूल वैन में शार्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे बताते हैं कि बसों के रख-रखाव को गम्भीरता से नहीं लिया जाता। बस चालकों में अनुशासन व आवश्यक प्रशिक्षण का अभाव, क्षमता से अधिक छात्रों को ले जाना, सुरक्षा मानकों की अनदेखी तथा बसों में सीट-बेल्ट न पहनना व आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक सुरक्षा साधन न होना भी दुर्घटनाओं के कारण हैं।

भारत में स्कूल बस को ट्रांसपोर्ट वाहन माना गया है। सुरक्षित संचालन हेतु प्रावधान मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में दिये गये हैं। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 बसों के लिए विशिष्ट सुरक्षा उपायों को अनिवार्य करते हैं। जैसे गति को 60 कि.मी. प्रति घंटा सीमित करने हेतु स्पीड गवर्नर लगाना, खिड़कियों पर लोहे की ग्रिल और आपातकालीन निकास की आवश्यकता है। राज्य सरकारों व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा भी स्कूल परिवहन हेतु व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें बसों का नियमित फिटनेस प्रमाणन, ड्राइवरों की साख का सत्यापन व उचित प्रशिक्षण, सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन की निगरानी हेतु स्कूलों द्वारा परिवहन समितियां बनाने व बच्चों की सहायता हेतु परिचालक का मौजूद होना शामिल है।

वर्ष 2009 में जसबीर सिंह, उपाध्यक्ष, मानव सेवा मिशन, लुधियाना ने स्कूली बसों की दुर्घटनाओं में हुई मौतों के मुद्दे को उठाया। इसका पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया तथा इसे तत्काल रिट याचिका सीडब्ल्यूपी नं. 6907/2009 के रूप में पंजीकृत किया। उच्च न्यायालय द्वारा पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ को स्कूली वाहनों की सुरक्षा हेतु पॉलिसी बनाने के लिए निर्देश दिए। फलतः वर्ष 2014 में हरियाणा सरकार द्वारा 'सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी' बनाई गई। इसके अंतर्गत नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश, जिला व उपमण्डल स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समितियां बनाने का प्रावधान किया गया। अब हरियाणा सरकार ने मौजूदा 'सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी' में सुधार करने के लिए कुछ संशोधन प्रस्तावित किए हैं। मसौदे के अनुसार, स्कूल प्रबंधन वर्ष में दो बार शपथ पत्र के माध्यम से 'स्व-प्रमाणन' प्रस्तुत करेगा। स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी कि वह छात्रों और छात्रों के अभिभावकों से ड्राइवर/कंडक्टर/अटेंडेंट के आचरण के बारे में समय-समय पर फीडबैक ले और उसका रिकॉर्ड बनाए।

विदेशों में स्कूल बस सुरक्षा हेतु विभिन्न रणनीतियों लागू हैं। अमेरिका स्कूल बसों हेतु विशिष्ट डिजाइन मानकों को अनिवार्य करता है। अमेरिका-आस्ट्रेलिया में स्कूल बसों में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। सुरक्षा हेतु वार्षिक जागरूकता सप्ताह, ओवरलोडिंग के लिए जीरो टॉलरेंस, यू.के. में बस ड्राइवर की निगरानी व छात्रों की सुरक्षा हेतु बसों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य हैं। चालक के लाइसेंस हेतु कड़े नियम हैं।

कुछ अलग

## हमदर्दी भी है दवा

गाहे-बगाहे सख्त फैसलों से नीति-नियंताओं को आईना दिखाने वाले देश के मुख्य न्यायाधीश आम आदमी के प्रति कितने गंभीर और संवेदनशील हैं, बीते शनिवार उनकी टिप्पणी से यह उजागर हुआ। चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित चिकित्सा व शोध संस्थान पीजीआई के 37वें दीक्षांत समारोह में उन्होंने जो कहा वह पूरी चिकित्सा बिरादरी के लिये आत्ममंथन को बाध्य करता है। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले युवा डॉक्टरों से कहा कि उनके लिये मरीज सिर्फ एक केस नहीं हो सकता। मरीजों को आपके स्नेह व दयालुता की उतनी ही आवश्यकता है, जितनी कि चिकित्सा पेश की आपकी विशेषज्ञता की। उन्होंने चिकित्सा के पेशे में आने वाले युवा डॉक्टरों से कहा कि वे मरीजों के साथ स्नेह का रिश्ता बनाएं ताकि वे अपना दर्द-रोग खुलकर बता सकें। उन्होंने बॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का उल्लेख इस संदर्भ में किया कि फिल्म का नायक संवेदना, सहजता व प्रेरक शब्दों के जरिये मरीजों का उपचार करता था। इस तरह जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों को चिकित्सा पेशे में निहित सहानुभूति से उपचार के महत्व का अहसास कराया। उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि कैसे मुन्ना भाई बच्चों के वार्ड में बीमारी से जूझ रहे बच्चों को 'जादू की झप्पी' से भला-चंगा करने का अभिनव प्रयास करते थे। उन्होंने युवा डॉक्टरों से मरीजों के साथ संवेदनशील व अपनेपन का रिश्ता बनाने की बात कही। जिसका मनोवैज्ञानिक रूप से मरीजों के उपचार में सकारात्मक प्रभाव नजर आता है। इन तथ्यों को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में भी स्वीकार किया जाता है। निश्चित रूप से मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने चिकित्सा बिरादरी को इस पवित्र पेशे के सनातन मूल्यों से रूबरू कराया। उन्होंने इस बात का अहसास कराया कि एक मरीज के लिये मीठे व हमदर्दी के बोल उपचार का भी काम करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने न्यायिक व्यवस्था के वास्तविक लक्ष्यों का भी जिक्र किया। जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों से कहा कि कानून व चिकित्सकों का पेशा एक जैसा ही है। जैसे किसी वादी को न्याय देने के लिये हमें जांच रिपोर्ट और साक्ष्यों की जरूरत होती है, उसी तरह चिकित्सा के पेशे में मरीज की जांच रिपोर्ट सही उपचार में निर्णायक होती है। लेकिन इन दोनों पेशों का अंतिम मकसद जनता की सेवा ही है। दोनों व्यवसायों में आम आदमी के साथ न्याय व कल्याणकारी उपचार हेतु ही कार्य किया जाना चाहिए। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत के मुखिया ने बेहद सहजता व साफगोई से चिकित्सा पेशे के मर्म व पेशागत मूल्यों से नवोदित चिकित्सकों का साक्षात्कार कराया। निस्संदेह, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता व हमदर्दी की इसी सोच के चलते डॉक्टरों को दूसरा भगवान भी कहा जाता है। इस विश्वास का घोर व्यावसायिक कारणों से क्षरण महसूस किया जाता रहा है। यह भी हकीकत है कि पीजीआई जैसे चिकित्सा संस्थानों में कई राज्यों के मरीजों के भारी दबाव का चिकित्सकों की कार्यशैली पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन पेशागत अहसासों के चलते मरीज उनसे मधुर व हमदर्दी के व्यवहार की उम्मीद हरदम करते हैं। जिसका जस्टिस चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन के जरिये बखूबी अहसास कराया है।

देश दुनिया से

# आजादी के सही मायने की तलाश में

सफेद सूट पर तिरंगे में रंगा दुपट्टा या परना ओढ़ कर तिरंगा झंडा लहराते हैं, स्पीकर पर देशभक्ति के फिल्मी गीत बजाते हैं। देश भक्ति के गीतों पर हो हल्ला मचाते हैं। ओह! एक जरूरी बात तो रह ही गई कि इन सबकी फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर अपना स्टेटस बनाते हैं। क्या वाकई बस, इतना भर ही है आजादी का मतलब और उसे मनाने का पर्व, या इससे आगे भी और बहुत कुछ है? है तो क्या हम भूलते जा रहे हैं? और फिर अगले दिन जब छोटे-छोटे तिरंगे यहां-वहां सडक़ों पर, कूड़े के ढेरों के आसपास गिरे पड़े दिखते हैं तो कई बार खुद से ही पूछना पड़ता है कि क्या हम उस आजादी को समझ पाए हैं जिसके लिए हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानी हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे, वो आजादी जिसके लिए आज भी हमारे वीर जवान सरहद पर तैनात हैं और हंसकर अपने सीने पर गोली खाकर भी वंदे मातरम्‌ का जयघोष करते हैं।

चलो स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं, सफेद सूट पर तिरंगे में रंगा दुपट्टा या परना ओढ़ कर तिरंगा झंडा लहराते हैं, स्पीकर पर देशभक्ति के फिल्मी गीत बजाते हैं। देश भक्ति के गीतों पर हो हल्ला मचाते हैं। ओह! एक जरूरी बात तो रह ही गई कि इन सबकी फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर अपना स्टेटस बनाते हैं। क्या वाकई बस, इतना भर ही है आजादी का मतलब और उसे मनाने का पर्व, या इससे आगे भी और बहुत कुछ है? है तो क्या हम भूलते जा रहे हैं? और फिर अगले दिन जब छोटे-छोटे तिरंगे यहां-वहां सडक़ों पर, कूड़े के ढेरों के आसपास गिरे पड़े दिखते हैं तो कई बार खुद से ही पूछना पड़ता है कि क्या हम उस आजादी को समझ पाए हैं जिसके लिए हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानी हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे, वो आजादी जिसके लिए आज भी हमारे वीर जवान सरहद पर तैनात हैं और हंसकर अपने सीने पर गोली खाकर भी वंदे मातरम्‌ का जयघोष करते हैं। या कि आजादी का पर्व हमारे लिए मात्र मजाक बन कर रह गया है? सवाल वाजिब होने के साथ-साथ लाजिमी भी है, जो इस पर सोचा जाए तो। लेकिन इस बारे सोचना भी जरूरी है। और आगे तक इस बारे टाला नहीं जा सकता। क्या ये वाकई आजादी ही है जहां हम अपने अधिकारों की मांग करते हुए ट्रेन, बस, इमारतों को जलाते हुए अपने देश के बारे में न सोचकर केवल और केवल इतना भर सोचते हैं कि मुझे बस, मेरे हक की लड़ाई में जीत मिलनी चाहिए, बल्कि हक से ज्यादा ही मिलनी चाहिए और वो भी सबसे पहले। उस हक की लड़ाई में भले ही मेरा देश हार जाए तो हार जाए। मुझे मेरा हक मिले, पर मुझसे कोई मेरे फर्ज की बात न करे। जहां सारे हक तो मेरे हों, पर जब देश के प्रति फर्ज की या कुछ करने की बात आए, तो उसे व्यवस्था का हवाला देकर सरकार या किसी और की तरफ घुमाया जा सके। अजीब लगता है जब हम अपने अधिकारों की बात कर कत्तव्यों को भूल जाते हैं। क्या हमने केवल अधिकारों के लिए आजादी पाई है? क्या केवल अपने अधिकारों की जंग लडना ही आजादी है? क्या हुआ अगर मेरे देश का आम नागरिक बिल्कुल हाशिए पर धकेल दिया गया है और उसकी हालत दिन पर दिन बद से बदतर होती जा रही है। ये मेरे आजाद देश का वो तबका है जिसकी वोट से लोग सत्ता के मजे लेते हुए उसे ही भूल जाते हैं क्योंकि वो और उसका वोट है भी तो इतना सस्ता कि जिसे कुछ झूठे प्रलोभनों, कुछ पैसों, कुछ कागजी स्कीमों और कई बार तो कुछ बोतलों में भी मजे से खरीदा जा सकता है। जिस लोकतंत्र में लोक मुखिया होना चाहिए, उसी लोकतंत्र में सरकार बनते ही लोक हाशिए पर चला जाता है, आखिर क्यों? कुछ अपवादों को छोड दें तो आज की राजनीति में जनता की सेवा की जगह जनता को लूटने ने ले ली है और अफसर अपनी बेलगाम अफसरशाही के अंधेरे कमरों में बंद हो रहे हैं। ऐसे में हम कहां हैं, देश कहां है और आजादी कहां? और ये जो देशभक्ति की बड़ी बड़ी बातें हो रही हैं, ऐसे में इनका अर्थ क्या रह जाता है? एक ओर जहां आम आदमी को उत्पीडन और अन्याय से बचाने के लिए बनाए गए पुलिस और न्याय मंदिरों से ही हो रहे उत्पीडन की खबरें गाहे बगाहे मीडिया की सुर्खियां बनती रहती हैं तो वहीं दूसरी ओर सरकारी दफ्तरों में फैला भ्रष्टाचार एक दर्दनाक प्यारा हादसा होकर रह गया है। ईमानदारी और कर्मठता के लिए मिलने वाले ईनाम पाने के लिए लगाई जाने वाली बेईमानी और भ्रष्टाचार की दौड़ भी पूरी तरह से हमारी व्यवस्था का हिस्सा बन गई है। रिश्तों में घुली मतलब की बयार आपसी संबंधों को आज कमजोर बना रही है। ऐसा भी नहीं है कि हमने इतने सालो में कुछ भी अच्छा नहीं किया। हम कई क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं, हम अंतरिक्ष की यात्रा कर आए हैं। और ये सब हम देशवाशियों की दिन-रात की मेहनत, देश के प्रति कुछ कर गुजरने के जज्बे और कुशल नेतृत्व का ही कमाल है। परंतु हम इस बात को भी नजरअंदाज तो नहीं कर सकते कि पल-पल गरीब-अमीर के बीच खाई और चौड़ी होती जा रही है। हम लाख कोशिशों के बाद भी इस सत्य से मुंह नहीं मोड़ सकते कि जात-बिरादरी-धर्म-मतलबों, मजहबों में बंटे हुए समाज में रहना दिन-दिन दूभर होता जा रहा है। हम इसे भी अनदेखा नहीं कर सकते हैं कि भाषा, जाति, नस्ल और ऐसे ही अन्य मुद्दों पर धर्मनिरपेक्षता के नाम पर लड़ते रहें। किसी भी देश को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यकता होती है कंधे से कंधा मिला कर चलने की। संकीर्ण जातीय, सांप्रदायिक, लैंगिक, भाषायी मतभेदों और निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर आपस में मिलकर रहने की वैचारिक-राजनीतिक इच्छाशक्ति की। आपसी सद्भाव और प्यार की, देश के प्रति सच्चे लगाव की। सिर्फ कोरी जुबान से नहीं, अपितु मन की गहराइयों से इसकी माटी और भूमि को मां मानने और उसी मां के प्रति होने वाले लगाव, प्यार और चिंता के भाव की। देश को भी प्रगति और समृद्धि के पथ पर ले जाने के सपनों और संकल्पों की और उन सपनों और संकल्पों को पूरा करने के लिए हर तरह से समर्पित होने की।

आप का नजरिया

## तिनकों की दाढ़ी

झुन्नू लाल अपने आंगन में ज़ोर-ज़ोर से गा रहे थे, 'चोर की दाढ़ी रहती, तिनकों की भरमार। कुछ तो जिह्वा से झरें, कुछ पैरों की मार।' अपने कौतुहल को रोक पाने में असमर्थ रहने पर मैं अपनी छत से उतर कर उनके घर जा पहुंचा। मुझे देखते ही वह चहकते हुए बोले, 'आओ महारथी! तुम्हारा ही इंतज़ार था। मैं बोला कि मैंने तो चोर की दाढ़ी में तिनका ही सुना था। पर आप चोर की दाढ़ी में तिनकों की भरमार बता रहे हैं। मामला क्या है?' वह हंसते हुए बोले, 'अब इस दोहे को भी बदलने का समय आ गया है। अब दाढ़ी में तिनकों की भरमार नहीं। लोगों की दाढ़ी ही तिनकों वाली हो गई है। उनका अंग-अंग तिनकों से भरा रहता है। अगर ऐसा नहीं होता तो भारत का खेल मंत्री संसद में बिना पूछे ही वजन के कारण महिला कुश्ती के फाइनल में अयोग्य ठहराई गई विनेश फोगाट के ऊपर सरकार द्वारा ख़र्च की गई राशि का ब्यौरा क्यों देता।' मैं बोला कि कमाल है अगर सरकार किसी खिलाड़ी के ऊपर ख़र्च करे तो क्या वह उसका एहसान भी न जतलाए। झुन्नू लाल तमकते हुए बोले, 'किसी मंत्री या प्रधान सेवक के बाप का पैसा है। टैक्स पेयर का पैसा है। हम जो अपनी तनख्वाह का क़रीब पचपन परसेंट टैक्स भर रहे हैं, उसी के बल पर यह सभी माननीय ऐश कर रहे हैं। कभी किसी मंत्री ने संसद में बताया कि सरकारी ख़र्चे पर जो चुनावी रैलियां आयोजित होती हैं, उस पर कितना ख़र्च आता है या खेल मंत्री ने संसद में बताया कि गुजरात से जो दो सूरमा ओलिम्पक्स से ख़ाली हाथ बजाते हुए वापिस लौटे, उन पर सरकार के कितना ख़र्च किया। तुम एहसान की बात करते हो। तुम्हारे प्रधान सेवक ने गुजरात के अपने दोनों खिलाडयों को ओलिम्पक्स में जाने से पहले ही कहा था कि तुम दोनों खेल भावना से खेलना। सोना लाने की चिंता मत करना। सोने के लिए हम जो हैं। पिछले दस सालों से देश की समस्याओं पर चद्दर तान कर सो ही तो रहे हैं। बस तुम तो यह ख्याल रखना कि तुम्हारे जीतने से किसी दूसरे देश के खिलाड़ी की भावनाएं आहत न हों। जब अपने देश में कोई खेलने आए तो अतिथि देवो भवः का ध्यान रखना और कहीं बाहर खेलो तो किसी मेजबान का दिल मत दुखाना। हमारे लिए हार-जीत मायने नहीं रखती। खेल मायने रखता है। लेकिन खेल वही, जो हम खेलते हैं। जहां खेल भी हमारा होता है और शर्तें भी हमारी। फिर चाहे संसद हो, चुनाव आयोग हो, संवैधानिक संस्थाएं या फिर आम जनता। सरकारों को गिराना हो या उनकी ख़रीद-ओ-फरोख्त। खेल हमीं खेलते हैं। देखो हमारी पार्टी की सरकार में दूसरी पार्टियों के ख़रीदे हुए कितने नेता सांसद हैं। अगर वह न होते तो हम डेढ़ सौ तक भी नहीं पहुंचते। फिर हमारा चुनाव आयोग का खेल देखो। अगर हम चुनाव में नहीं खेलते तो आज पचास भी न होते। हमने खेल को खेल ही नहीं रखा। उसे कला का दरजा दिया है। गुजरात के दो खिलाडियों ने पूरे देश में तहलका मचा दिया है। अगर हमारे खिलाड़ी हमारी तरह खेलें तो हर ओलिम्पक्स के कम से कम आधे गोल्ड हमारे हों।



# बांग्लादेश में हिंसा जारी : ढाका में शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान की बरसी मनाने वालों को छात्रों ने पीटा

**ढाका, 16 अगस्त। (एजेंसियां)।** बांग्लादेश के ढाका में अवामी लीग के कार्यकर्ताओं की प्रदर्शनकारी छात्रों ने जमकर पिटाई कर दी। अवामी लीग के कार्यकर्ता देश के पहले राष्ट्रपति और शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर्रहमान की बरसी मनाने गुरुवार को इकट्ठा हुए थे। 15 अगस्त 1975 को शेख मुजीबुर्रहमान की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से हर साल इस दिन उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल में नरसंहार और मानवता के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में इसकी जांच करवाएगी। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में अवामी लीग के कार्यकर्ताओं पर हमले हुए। ये सभी देश के पहले राष्ट्रपति और शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर्रहमान की बरसी मनाने के लिए यहां इकट्ठा हुए थे। 15 अगस्त 1975 को शेख मुजीबुर्रहमान की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से हर साल इस दिन उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती रही है लेकिन इस बाद हिंसा के डर से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। शहर भर में दुकानें बंद रहीं।

### अवामी लीग के समर्थकों पर लाठियों से किया हमला

इसी बीच शेख मुजीबुर्रहमान को श्रद्धांजलि देने आए अवामी लीग के समर्थकों पर छात्रों ने लाठियों से हमला किया। सुबह से ही सैकड़ों छात्र ढाका में मुजीब के पुराने घर के पास सड़कों पर घूम रहे थे और लोगों की पहचान कर थे। संदिग्ध नजर आने वाले की पिटाई की जा रही थी। उन्हें पकड़कर सेना के हवाले कर रहे थे। एक दिन पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 15 अगस्त की छुट्टी कैंसिल कर दी थी। वहीं बांग्लादेश में छात्रों के प्रदर्शन के बीच हुई हिंसा की जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र अपनी एक टीम बांग्लादेश भेज रहा है। चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने इसकी जानकारी दी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउवा रविवार से भारत दौरे पर



**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउवा रविवार को भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचेंगी। डॉ. राणा उपचार के सिलसिले में नई दिल्ली जा रही हैं लेकिन इस दौरान उनका अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर के साथ मुलाकात होना भी तय माना जा रहा है। नेपाल के कैबिनेट ने उनके दौरे को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। विदेश मंत्री के सचिवालय के मुताबिक चार महीने पहले ही डॉ. राणा की दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में हाइपर पाराथोडिज्म का ऑपरेशन हुआ था। उसी सिलसिले में चेकअप के लिए उनको दिल्ली बुलाया गया था। नेपाली दूतावास के मुताबिक मेडिकल ट्रिटमेंट के लिए दिल्ली का दौरा होने के बावजूद डॉ. राणा की यात्रा को औपचारिक बनाते हुए भारत की यात्रा कराई जा रही है। इस दौरान भारतीय विदेश मंत्री के अलावा कुछ अन्य प्रमुख लोगों से मुलाकात भी होना तय है। इसी हफ्ते भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री के नेपाल यात्रा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. राणा को भारत की यात्रा का औपचारिक निमंत्रण दिया गया था। डॉ. राणा नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा की पत्नी हैं। समानुपातिक कोटे से सांसद डॉ. राणा की ओली सरकार के गठन में अहम भूमिका है।

### दक्षिणी यमन में आत्मघाती हमला, 14 सैनिक मारे गए

**अदन, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** यमन स्थित अल-कायदा शाखा से कथित रूप से जुड़े एक आत्मघाती हमलावर ने शुक्रवार को देश के अशांत दक्षिणी अबयान प्रांत में कार बम विस्फोट कर दिया जिसमें कम से कम 14 सैनिक मारे गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एक स्थानीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि अबयान प्रांत के मुदियाह जिले में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग सात बजे दक्षिणी अंतरिम परिषद (एसटीसी) के साथ गठबंधन करने वाले तीसरे ब्रिगेड बलों को निशाना बनाकर आत्मघाती हमला किया गया। इस आत्मघाती विस्फोट में अनेक लोग हताहत हुए। प्रारंभिक चिकित्सा रिपोर्टों से पता चलता है कि इसमें कम से कम 14 सैनिकों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि विस्फोटकों से लदे वाहन को चला रहे हमलावर ने अलफरीद स्कूल के मुख्यालय में कार बम विस्फोट करने से पहले सैन्य चौकियों को तोड़ दिया, जो वर्तमान में मुदियाह में एसटीसी के बलों के लिए एक अस्थायी बेस के रूप में कार्य करता है। स्थानीय यमनी सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि चिकित्सा दल गंभीर रूप से घायल सैनिकों का इलाज कर रहे हैं। अल-कायदा की यमन स्थित शाखा ने फिलहाल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमले की प्रकृति और लक्ष्य को देखते हुए, सुरक्षा अधिकारियों ने इस समूह की संलिप्तता पर गहरा संदेह व्यक्त किया है। यह घटना यमन में एसटीसी बलों और सरकार समर्थक बलों के खिलाफ हिंसक हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है, जो 2014 से गृह युद्ध का दंश झेल रहा है।

### ट्रम्प की सुरक्षा के लिए अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने सुरक्षा बढ़ाई

**वाशिंगटन, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर हुए हाल ही में हत्या के प्रयास के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है और राष्ट्रपति जो बाइडेन की कुछ सुरक्षात्मक टीम को तैनात किया है। यह जानकारी न्यूयॉर्क टाइम्स ने मामले से जुड़े कई लोगों के हवाले से दी है।

एक सीक्रेट सर्विस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर अखबार से कहा कि राष्ट्रपति की टीम को किसी उम्मीदवार के लिए नियुक्त करना असामान्य है, लेकिन श्री ट्रम्प और राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान बढ़ते खतरों ने इसे आवश्यक बना दिया है। इसके अलावा, सीक्रेट सर्विस आगामी आउटडोर रैलियों में श्री ट्रम्प की सुरक्षा में सुधार लाने के लिए बुलेट प्रतिरोधी ग्लास का उपयोग करेगी।

उल्लेखनीय है कि 20 वर्षीय संदिग्ध थॉमस मैथ्यू क्रुक्स ने 13 जुलाई को पेन्सिलवेनिया राज्य में एक चुनावी रैली में श्री ट्रम्प की हत्या करने की कोशिश की थी।

## ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमैनी की चेतावनी

# इज़राइल से किसी कीमत पर समझौता नहीं, ऐसा हुआ तो भुगतना होगा दंड



**ईरान, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** पश्चिम एशिया में तनाव और इस्राइल पर ईरान के हमले की चेतावनी को लेकर बनाए जा रहे दबाव को लेकर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस्राइल से समझौता करना या पीछे हटना ईरान के लिए घातक होगा और उसे इसका दंड भुगतना होगा।

हमास प्रमुख इस्माइल हानिया की हत्या के बाद ईरान ने इस्राइल के खिलाफ हमला करने की तैयारी कर ली है। मगर अमेरिका समेत कई अन्य देश युद्ध को रोकने के लिए ईरान पर दबाव बना रहे हैं। इसे लेकर अयातुल्ला अली खामेनेई ने शत्रु देशों के मनोविज्ञान की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस्राइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की किसी योजना को लेकर ईरान पर दबाव डालना या उसे रोकना ठीक नहीं है। उन्होंने ईरान को चेताया कि सैन्य, राजनीतिक या आर्थिक किसी भी तरह की वापसी की जाती है तो ईरान को गंभीर दैवीय दंड झेलना होगा।

खामेनेई ने कहा कि सरकार को विश्व की प्रमुख शक्तियों की मांग के आगे झुकने की जरूरत नहीं है। वह इस दबाव का अपने लोगों की ताकत का लाभ उठाकर और विरोधी की क्षमता का आकलन करके सामना करना सकती है। उन्होंने दुश्मन की शक्ति को बढ़ा चढ़ाकर बताने और 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान को कमजोर करने के अमेरिका, ब्रिटिश और इस्राइल के प्रयासों का उदाहरण भी दिया।

वहीं ईरान अब तक अपनी जवाबी कार्रवाई के समय को लेकर फैसला नहीं ले पा रहा है। विश्लेषक इसे रणनीतिक विराम मान रहे हैं। हालांकि ईरानी अधिकारी पश्चिमी देशों के संयम बरतने के आह्वान को खारिज कर चुके हैं। साथ ही इन देशों के दोहरे मानकों को धता बता रहे हैं। ईरान का पश्चिमी देशों पर आरोप है कि वह गाजा में इस्राइल की कार्रवाई पर चुप बैठ जाते हैं और ईरान से चाहते हैं कि वह हानिया की हत्या का बदला तक न ले। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने खामनेई के रुख का समर्थन किया है।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन की नाटो को धमकी दुश्मनों को पूरी तरह बर्बाद कर दूंगा



**मॉस्को 16 अगस्त (एजेंसियां)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन और नाटो को कड़ी चेतावनी देकर कहा है कि अब तक रूस ने धैर्य से काम लिया, लेकिन अब उनके पास कोई और विकल्प नहीं बचा है। पुतिन ने कहा कि अब वे अपने दुश्मनों को पूरी तरह से बर्बाद कर दूंगा।

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। कीव शासन और उनके नाटो मास्टर्स ने हमारे देश को आतंकित करने का फैसला किया है। वे हमारे क्षेत्रों में घुसपैठ कर रहे हैं, हमारे नागरिकों को मार रहे हैं, और अत्याचार कर रहे हैं। वे सोचते हैं कि इसका कोई जवाब नहीं मिलेगा। हम लंबे समय से धैर्यवान रहे, आशा करते रहे कि स्थिति सामान्य हो जाएगी। लेकिन कीव और उनके नाटो समर्थकों ने संघर्ष को चरम पर ले जाने का फैसला किया है। अब, हमारे दुश्मन नष्ट हो जाएंगे। रूस ने पिछले 24 घंटों में यूक्रेन पर 38 ड्रोन और दो इस्कंदर-एम बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। इस हमले के जवाब में यूक्रेनी एयर डिफेंस सिस्टम पूरे समय सक्रि रहे और उन्होंने आठ इलाकों में 30 ड्रोन मार गिराए। पुतिन की धमकी के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन कुर्स्क इलाके में हमले बंद कर देगा और रूस के अन्य शहरों की ओर बढ़ना भी रोक देगा, जिसमें मॉस्को भी शामिल है। लेकिन इसके लिए पुतिन को शांति समझौता करना होगा और विवादित क्षेत्रों को, जिसमें क्रीमिया भी शामिल है, वापस करना होगा। जेलेंस्की का मानना है कि इस शांति समझौते से संघर्ष का समाधान हो सकता है।

# पाक : विदेशी महिला को बंधक बनाकर पांच दिनों तक गैंगरेप करने के बाद सड़क पर फेंका



**इस्लामाबाद, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में विदेशी महिला के साथ पांच दिनों तक गैंगरेप के बाद सड़क पर फेंकने की भयावह घटना सामने आई है। यह 28 वषीर्य विदेशी महिला बेल्जियम की है।

जानकारी के मुताबिक बेल्जियम की 28 वर्षीय सिल्वी स्टिना नामक इस महिला को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बंधक बनाकर पांच दिनों तक उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद उसे इस्लामाबाद के जी-6 क्षेत्र में बंधी हालत में छोड़ दिया गया। स्थानीय निवासियों में से एक ने महिला को इस दयनीय स्थिति में देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को मुक्त कराया और उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा। सिल्वी ने आरोप लगाया कि उसके साथ पांच दिनों तक यौन शोषण किया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने तमीजुद्दीन नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। तमीजुद्दीन को उसकी निवास से गिरफ्तार किया गया और उसे भी मेडिकल जांच के लिए उसी अस्पताल भेजा गया जहां पीड़िता को भेजा गया था।

### यूक्रेनी सेना के लिए फंड जुटाने वाली महिला को 12 साल की जेल

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच एक रूसी महिला को दुश्मन देश के लिए फंड जुटाने पर कड़े दंड का प्रावधान करते हुए 12 साल की सजा सुनाई गई है। रूस की एक अदालत ने गुरुवार को अमेरिका और रूस की दोहरी नागरिकता रखने वाली केन्सिया खवाना को 12 साल जेल की सजा सुनाई है। केन्सिया को यह सजा यूक्रेनी सेना के लिए धन जुटाने के आरोप में सुनाई गई है। उस पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। खवाना को फरवरी में येकातेरिनबर्ग में गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्टों में कहा गया है कि उसने पिछले सप्ताह बंद कमरे में चल रही सुनवाई में अपना गुनाह कबूल कर लिया। खवाना ने कथित तौर पर एक अमेरिकी से शादी करने और लास एंजिलिस जाने के बाद अमेरिकी नागरिकता प्राप्त की। वह परिवार से मिलने के लिए रूस लौटी थी। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने कहा कि उसने यूक्रेनी संगठनों में से एक के हित में सक्रिय रूप से धन एकत्र किया था। इसका उपयोग बाद में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के लिए चिकित्सा आपूर्ति, उपकरण, हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए किया गया।

# नेपाल के राष्ट्रपति, पीएम सहित प्रमुख नेताओं ने स्वतंत्रता दिवस पर भारत को दी बधाई



**काठमांडू, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** नेपाल के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री सहित सभी प्रमुख नेताओं ने गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस पर अपने भारतीय समकक्षों को बधाई दी।

नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखित संदेश भेज कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामना दी है। अपने संदेश में पौडेल ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति मुर्मु और जनता को बधाई देते हुए आने वाले वर्षों में भारत के तीव्र विकास एवं समृद्धि की कामना की है। नेपाल और भारत के बीच रहे विशेष संबंधों की चर्चा करते हुए पौडेल ने दोनों देशों के बीच और अधिक प्रगाढ़ संबंध होने तथा तेज गति से हो रहे आर्थिक समृद्धि का फायदा नेपाल और नेपाली जनता को मिलने की उम्मीद जताई है।

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी को एक्स के जरिए बधाई दी। ओली ने नेपाल और भारत के बीच रही मित्रता को और अधिक मजबूत करने की कामना की है। उन्होंने लिखा है कि नेपाल और भारत के बीच रहे अद्वितीय संबंध को और आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हूं। ओली के बधाई संदेश को रिट्वीट कर प्रधानमंत्री मोदी ने उनको धन्यवाद देते हुए दोनों देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की भावना पर अपनी सहमति जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर ओली को जवाब देते हुए लिखा है कि स्वतंत्रता दिवस पर आपके द्वारा दिए गए शुभकामना के लिए कृतज्ञ हूं। भारत और नेपाल के बीच मजबूत मित्रता रहने की आपकी बात से सहमत हूं। नेपाल के विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउवा ने अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर को बधाई दी। डॉ. राणा ने एक्स के जरिए अपने बधाई संदेश में भारत की शांति, समृद्धि और विकास की कामना की है। जयशंकर ने डॉ. राणा को उनके बधाई के लिए धन्यवाद दिया है। नेपाल के अन्य प्रमुख दलों के नेताओं ने भी एक्स के जरिए भारतीय स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी है।

# चीनी रॉकेट फटा, 700 से ज्यादा टुकड़े अंतरिक्ष में सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर के लिए खतरा



**वाशिंगटन, 16 अगस्त। (एजेंसियां)।** नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर दो माह से ज्यादा समय से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में फंसे हुए हैं। अभी उन दोनों के वापसी की कोई संभावना नहीं दिख रही है, बल्कि ऐसी आशंका है कि अभी 6 माह तक दोनों को अंतरिक्ष में ही रहना होगा है। इस बीच नई रिपोर्ट बताती है कि इन अंतरिक्ष यात्रियों के लिए स्पेस में चीनी खतरा मंडरा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में विस्फोट हुए चीन के रॉकेट का मलबा इन अंतरिक्ष यात्रियों की ओर बढ़ रहा है, इसकारण अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है।

ताइयुआन सैटेलाइट लांच सेंटर से लांच चीन का लॉन्ग मार्च 6एक रॉकेट 18 जी 60 उपग्रहों को तैनात करने के ठीक बाद फट गया था। इस रॉकेट के मलबे के 700 से ज्यादा टुकड़े अंतरिक्ष में घूम रहे हैं। इसका मलबा इतना ज्यादा है कि 1000 से अधिक उपग्रहों को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, एक रिपोर्ट में अमेरिका की स्पेस कमांड के हवाले से बताया गया है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कोई खतरा नहीं है।

लॉन्ग मार्च 6ए रॉकेट में पृथ्वी की सतह से 810 किलोमीटर ऊपर विस्फोट हुआ था। यह आईएसएस से की पृथ्वी से ऊंचाई 408 किलोमीटर से काफी ऊपर है। अभी तक ये पता नहीं चल गया है कि चीनी रॉकेट में विस्फोट किस कारण है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन मलबे की निगरानी कर रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि, चीन ने आवश्यक उपाय किए हैं और संबंधित कक्षीय क्षेत्रों की बारीकी से निगरानी कर डेटा का विश्लेषण कर रहा है। बयान में कहा गया है कि चीन बाहरी अंतरिक्ष पर्यावरण की सुरक्षा को बढ़ावा देता है और बाहरी अंतरिक्ष गतिविधियों की दीर्घकालिक स्थिरता बनाए रखता है। चीनी रॉकेट में विस्फोट की यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले 2022 में भी इसी तरह की घटना की सूचना मिली थी, जब एक अन्य लॉन्ग मार्च 6ए रॉकेट में विस्फोट हुआ था, जिससे अंतरिक्ष में मलबे के 500 से ज्यादा टुकड़े बिखर गए थे। इन टुकड़ों से उपग्रहों और दूसरे अंतरिक्ष पिंडों से टकराने का खतरा बढ़ गया था।

# यूक्रेनी सेना का रूसी सीमा पर ड्रोन हमला, रूस बोला-हमारी सुरक्षा प्रणाली ने सबको नष्ट कर दिया

**कीव, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** रूस के बेलगोरोद सीमा क्षेत्र में यूक्रेन की सेना की गोलाबारी के चलते आपातकाल लगा रखा है। वहीं यूक्रेन ने चार रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर ड्रोन हमला बोला। रूस के वोरोनिश कुर्स्क सवासलेका और बोरिसोग्लबस्क हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया। हमले का उद्देश्य यूक्रेन पर बम हमलों के लिए युद्धक विमानों का उपयोग करने की मास्को की क्षमता को कमजोर करना था। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हमारी हवाई सुरक्षा प्रणाली ने 117 यूक्रेनी ड्रोन और चार मिसाइलों को नष्ट कर दिया है।

**यूक्रेन ने रूस के चार हवाई अड्डों पर किया ड्रोन अटैक**

यूक्रेनी सेना लगातार दूसरे सप्ताह निकटवर्ती कुर्स्क क्षेत्र में सीमा पार से बड़े पैमाने पर घुसपैठ की कोशिश कर रही है। इस बीच, यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि उनके देश का रूसी क्षेत्र पर कब्जा करने का कोई इरादा नहीं है। बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने क्षेत्र की स्थिति को "बेहद कठिन और तनावपूर्ण" बताया क्योंकि हमलों में घर नष्ट हो गए हैं तथा आम लोग हताहत हुए हैं।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बच्चों को सुरक्षित स्थानों की ओर ले जाया जा रहा है। ग्लैदकोव ने बताया कि लगभग 5,000 बच्चे सुरक्षित क्षेत्रों में शिविरों में हैं। उन्होंने कहा था कि लगभग 11,000 लोग अपना घर छोड़कर भाग गए हैं, जिनमें से लगभग 1,000 लोग अस्थायी आवास केंद्रों में रह रहे हैं।

रूसी धरती पर छह अगस्त को शुरू हुए यूक्रेन के आश्चर्यजनक हमले ने क्रेमलिन को हिलाकर रख दिया है। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि यूक्रेन का कुर्स्क अभियान द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद रूस पर सबसे बड़ा हमला है और इसमें बख्तरबंद वाहनों तथा तोपखाने से लैस



10 हजार से अधिक यूक्रेनी सैनिक शामिल हो सकते हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि रूसी सेना, विमान, ड्रोन आदि ने यूक्रेन की बख्तरबंद गाड़ियों को ओबशची कोलोदेज, स्नागोस्ट, कौचुक और एलेक्सेयेव्स्की की कुर्स्क बस्तियों के पास रूस में अंदर तक बढ़ने से रोक दिया।

इस बीच, यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही तेखयी ने कहा कि सीमा पार अभियान का उद्देश्य कुर्स्क से किए गए लंबी दूरी के हमलों से यूक्रेनी भूभाग की रक्षा करना है।

सूत्रों के अनुसार, तेखयी ने कहा, "यूक्रेन की कुर्स्क क्षेत्र को कब्जे में लेने में कोई दिलचस्पी नहीं है। हम बस अपने लोगों के जीवन की रक्षा करना चाहते हैं।" उन्होंने दावा किया कि रूस ने हाल के महीनों में कुर्स्क क्षेत्र से विमान रोधी मिसाइल, तोप, मोर्टार, ड्रोन, 255 ग्लाइड बम और 100 से अधिक मिसाइलों से दो हजार से अधिक हमले किए हैं।

यूक्रेन की सेना के कमांडर ओलेक्सांद्र सिरस्की ने मंगलवार को राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के लिए पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि यूक्रेन का अब कुर्स्क क्षेत्र में 74 बस्तियों पर कब्जा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की सेना लगातार आगे बढ़ रही है और पिछले 24 घंटे में उसने 40 वर्ग किलोमीटर (15 वर्ग मील) क्षेत्र पर नियंत्रण हासिल कर लिया है।वहीं खार्किव के स्थानीय गवर्नर ने कहा कि कुर्स्क में हमले के बाद से रूसी बलों ने यूक्रेन के उत्तरपूर्वी खार्किव में सीमावर्ती बस्तियों पर गाइडेड बम हमलों की संख्या कम कर दी है। साथ ही, रूस के बेलगोरोद सीमा क्षेत्र में यूक्रेन की ओर से भारी गोलाबारी के कारण बुधवार को आपातकाल घोषित कर दिया गया। बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने स्थिति को बेहद कठिन और तनावपूर्ण बताया। हमलों ने घरों को नष्ट कर दिया और नागरिक हताहत हुए।

इस बीच, रूस ने यूक्रेन में ऊर्जा सुविधाओं पर हमला बोला है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि कीव की सेनाएं कुर्स्क में बढ़त हासिल कर रही हैं और बुधवार को एक से दो किलोमीटर और आगे बढ़ गई है। छह अगस्त को हजारों यूक्रेनी सैनिक रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुस गई थी।

इस अवधि में 100 से अधिक रूसी युद्ध बंदी बनाए गए हैं। यूक्रेन के शीर्ष कमांडर अलेक्जेंडर सिर्स्की ने कहा कि रूसी शहर सुद्जा, जो यूक्रेन के माध्यम से यूरोप में रूसी प्राकृतिक गैस का ट्रांसशिपमेंट केंद्र है, पूरी तरह से यूक्रेन के नियंत्रण में है। यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस के 1,000 वर्ग किमी क्षेत्र उसके नियंत्रित में है। पुतिन के लिए वास्तविक दुविधा पैदा हो गई है।



# केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मनु भाकर को किया सम्मानित, 10 लाख रुपए का दिया चेक

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपने आवास पर दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को सम्मानित किया और उन्हें 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

इससे पहले पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ने इतिहास रच दिया था जब वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। भाकर और उनके साथी सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ मैच में दक्षिण कोरिया के ली वोनहो और ओह ये जिन को 16-10 से हराया। मनु और सरबजोत दोनों ने दक्षिण कोरियाई निशानेबाजों के खिलाफ श्रृंखला में लगातार 10 अंक बनाए और भारत के लिए दूसरा पदक जीता। भाकर ने महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल करके ओलंपिक में भारत का पदक खोला, इसके बाद, सरबजोत सिंह और भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल (मिश्रित टीम) स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जो भारत का पहला शूटिंग टीम पदक था।

अपने अंतिम इवेंट में, वह ऐतिहासिक तीसरे पदक से चूक गईं और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। वह ओलंपिक में तीन पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का अवसर चूक गईं।

भाकर स्वतंत्रता के बाद पेरिस ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली भारतीय एथलीट हैं। इससे पहले 1900 ओलंपिक में, नॉर्मन प्रिचर्ड ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दो पदक जीते थे, दोनों ही 200 मीटर और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक थे।

### केंद्रीय खेल मंत्री ने दिए 30 लाख

इससे पहले युवा मामले और खेल मंत्रालय ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन के लिए शीर्ष निशानेबाज मनु भाकर को 30 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दे चुके हैं। भाकर ने केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से मुलाकात करने के बाद लिखा था माननीय मंत्री जी को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देना चाहती हूं। उनके निरंतर प्रयासों से देश के खिलाड़ी और भी अधिक ऊंचाइयों को छू सकते हैं!

## न्यूज़ ब्रीफ

### डब्ल्यूबीबीएल के अगले दो सीज़न के लिए पर्थ स्कॉर्चर्स में बने रहेंगी सोफी डिवाइन

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सोफी डिवाइन शुक्रवार को प्री-ड्राफ्ट साइनिंग पूरा करने के बाद महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के अगले दो सत्रों के लिए पर्थ स्कॉर्चर्स में बनी रहेंगी। पिछले साल मेलबर्न रेनेगेड्स ने डिवाइन को ऑलराउंडर मारिजने कप्प के ऊपर पर्थ स्कॉर्चर्स द्वारा रिटेन किया था। पिछले सीजन में दाएं हाथ की बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने 37.61 की औसत से 489 रन बनाए थे, जिसमें ब्रिसबेन हीट के खिलाफ शतक भी शामिल था। कीवी खिलाड़ी ने अपने अभियान में 14 विकेट भी चटकाए। बेथ मूनी और एलीस विलानी के बाद डिवाइन डब्ल्यूबीबीएल के इतिहास में तीसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से डिवाइन ने कहा, मेरे लिए पर्थ वापस आना कोई बड़ी बात नहीं थी। मैंने पिछले चार सत्रों में खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ एक ख़ास रिश्ता बनाया है, और मैं कहीं और खेलने की कल्पना भी नहीं कर सकती। हालाँकि मूनी का स्कॉर्चर्स के साथ नया करार अभी तक घोषित नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया की यह सलामी बल्लेबाज़ टीम के साथ ही रहेगी। ऑफ-सीज़न के दौरान, उन्होंने ब्रिसबेन हीट से मिकायला हिंकले को भी खरीदा। इंग्लिश तिकड़ी एमी जोन्स, नैट साइवर-ब्रंट और लॉरेन विनफील्ड-हिल पिछले सीज़न में स्कॉर्चर्स के लिए विदेशी खिलाड़ी भी थीं। अपने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के कारण, साइवर-ब्रंट पहले ही इस लीग से हट चुकी हैं। डब्ल्यूबीबीएल महिला टी-20 विश्व कप के सात दिन बाद शुरू होने वाला है। नवंबर के अंत में इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका का दौरा भी करेगी, उसी समय लीग भी चल रही होगी।



### नागरिक एकादश ने प्रशासन एकादश को चार विकेट से किया पराजित

**नवादा।** नवादा के हरिशचंद्र स्टेडियम के मैदान में शुक्रवार को प्रशासन एकादश तथा नागरिक एकादश के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया,जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों तथा समाज के खिलाड़ियों ,पत्रकारों ,बुद्धिजीवियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में नागरिक एकदश ने प्रशासन एकादश को चार विकेट से हराकर विजेता का खिताब जीत लिया । जिला प्रशासन उप विजेता बने। प्रशासन एकादश की कप्तानी एसपी अंबरीश राहुल ने की। नागरिक एकादश की कप्तानी नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी ने की ।दोनों ओर के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने की ।मौके पर उप- विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ,एडीएम चंद्रशेखर आजाद सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित थे। क्रिकेट टूर्नामेंट में एसपी अंबरीश राहुल को बेस्ट बैट्समैन तथा पत्रकार डॉक्टर संजय कुमार सुमन उर्फ साकेत बिहारी को बेस्ट बॉलर के किताब से नवाजा गया। डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने दोनों पक्ष के खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड देकर सम्मानित किया ।उन्होंने कहा कि खेल भाईचारा का सबसे बड़ा माध्यम है। इस तरह के खेल के आयोजन से प्रशासन और नागरिकों के बीच मधुर संबंध बनते हैं, जिस कारण प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त बनी रहती है उन्होंने कहा कि कई मौके आएंगे जब नागरिक एकादश तथा जिला प्रशासन एकादश के बीच टूर्नामेंट के साथही कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी ।



### मेगा नीलामी समाप्त करने पर अंतिम फैसला बोर्ड करेगा : जय शाह

**मुम्बई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल मेगा नीलामी को लेकर सभी से बात हुई है। कुछ टीमें इसे समाप्त करने के पक्ष में हैं जबकि कुछ जारी रखना चाहती हैं। जय शाह ने कहा कि ऐसे में बोर्ड अंतिम फैसला सभी बातों पर विचार करने के बाद ही लेगा। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई सभी की बातों को बराबर महत्व देगा। शाह ने कहा, हमने सभी फ्रेंचाइजी की बातें सुनी है। हमारे लिए कुछ लोगों की राय भी इसमें अहम रहेगी। इस मामले में फैसला बीसीसीआई के पदाधिकारियों को करना है। अभी जिनके पास अच्छी टीम है, उनका कहना है कि कहा कि बड़ी नीलामी की कोई जरूरत नहीं है जबकि जिनके पास अच्छी टीम नहीं है, वे बड़ी नीलामी चाहते हैं। शाह ने कहा कि मेगा नीलामी को पूरी तरह से समाप्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, खेल के विकास के लिए फेरबदल के साथ-साथ निरंतरता भी अहम है। इसके अलावा अगले सत्र में मैचों की संख्या 74 से बढ़ाकर 84 करने पर भी फैसल होगा। शाह ने कहा, अभी कुछ भी तय नहीं है। हम मिलकर कोई फैसला लेंगे। हमें खिलाड़ियों के कार्यभार और विंडो को भी ध्यान में रखना होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि बोर्ड महिला प्रीमियर लीग में छठी टीम जोड़ने पर भी विचार कर रहा है पर ये पर्याप्त खिलाड़ियों की उपलब्धता पर आधारित रहेगा। इसके अलावा बीसीसीआई ने यह भी कहा है कि आईसीसी खेल के सबसे लंबे प्रारूप के लिए एक समर्पित कोष बनाए क्योंकि टेस्ट मैच आयोजित करना काफी महंगा काम है।



पेरिस से स्वदेश लौटे भारतीय खिलाड़ियों से पीएम मोदी ने की मुलाकात

# पीएम ने पीआर श्रीजेश से उनके संन्यास पर कहा- टीम आपको हमेशा याद करेगी

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने आवास पर भारतीय पेरिस ओलंपिक दल से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान एथलीटों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। श्रीजेश ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ मिलकर पीएम मोदी को अपनी मुलाकात के दौरान भारत की जर्सी और हॉकी भी भेंट की।

खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने श्रीजेश के संन्यास के फैसले के बारे में पूछा, 'श्रीजेश, क्या आपने पहले ही संन्यास लेने का फैसला कर लिया था?'

श्रीजेश ने जवाब में कहा, 'मैं पिछले कुछ सालों से संन्यास लेने के बारे में सोच रहा था। मेरे साथी खिलाड़ी अक्सर मजाकिया अंदाज में पूछते थे, तुम कब जा रहे हो? 'मैंने पहली बार 2002 में राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया और 2004 में जूनियर स्तर पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। तब से, मैं 20 वर्षों से अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं।'

पेरिस ओलंपिक से पहले मुझे लगा लगा कि ओलंपिक जैसे भव्य मंच पर संन्यास लेना, जहां पूरी दुनिया एक साथ आती है, मेरे करियर को समाप्त करने का सबसे सही तरीका होगा। इसलिए मैंने इस मंच पर संन्यास लेने का फैसला किया था। प्रधानमंत्री ने श्रीजेश से कहा, टीम आपको याद करेगी, और उन्होंने आपको शानदार विदाई दी है।

श्रीजेश ने आगे कहा, 'सेमीफाइनल हारने के बाद, टीम थोड़ी निराश थी। लेकिन जब हम आखिरी मैच के लिए मैदान पर उतरे, तो मेरे साथी एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाते रहे, कहते रहे, हमें श्रीजेश भाई के लिए यह जीतना है। मैंने उस ओलंपिक पोडियम से उनका शुक्रिया अदा किया और हमारी जीत के बाद अपने संन्यास की घोषणा की।'



पेरिस में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ ही भारतीय पुरुष टीम ने 1972 के म्यूनिख ओलंपिक के बाद पहली बार हॉकी में लगातार दो पदक जीते और अपना कुल 13वां ओलंपिक पदक हासिल किया।

इससे पहले पीएम मोदी ने इन सभी को लाल किले पर हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित भी किया था। इस मौके पर पीएम ने पूरे भारतीय दल की प्रशंसा की और उन सबको चैंपियन का तगमा दिया। खास तौर पर भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश की पीएम ने जमकर तारीफ की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीजेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम उन्हें याद करेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ अपने करियर का शानदार अंत किया।

### प्रधानमंत्री ने विनेश की प्रशंसा करते हुए कहा- हमें उन पर गर्व है



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर पेरिस ओलंपिक से लौटे खिलाड़ियों से मुलाकात की है। खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने महिला पहलवान विनेश फोगाट की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें गर्व उनपर गर्व है। है। प्रधानमंत्री ने कहा, विनेश कुश्ती में फाइनल तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं और उनके इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। विनेश को 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण ओलंपिक फाइनल से पहले अयोग्य करार देकर बाहर किर दिया गया था। इस मामले में उन्होंने खेल पंचाट में अपील कर संयुक्त रुप से रजत पदक दिये जाने की अपील की थी जो खारिज हो गयी। प्रधानमंत्री से जिस भारतीय दल ने मुलाकात की थी। उसमें विनेश शामिल नहीं थीं क्योंकि वह अभी पेरिस से नहीं लौटीं हैं। भारत ने इस बार पेरिस ओलंपिक में 1 रजत और 5 कांस्य पदक जीते हैं। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सभी एथलीट्स की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विनेश शनिवार सुबह स्वदेश पहुंचेंगी। जिसके बाद वह सबसे पहले चरखी दादरी में अपने गांव बलाली जाएंगी। इस दौरान रास्ते में विनेश का कई जगह पर स्वागत होगा।

पीकेएल नीलामी-2024

# गुरदीप को पटना पाइरेट्स ने 59 लाख रुपए में खरीदा

**मुंबई, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** प्रो कबड्डी लीग 2024 की नीलामी के दूसरे दिन शुक्रवार को मुंबई में गुरदीप को पटना पाइरेट्स ने 59 लाख रुपये में खरीदा। सातवें सीजन में यूपी योद्धा के साथ पदार्पण करने वाले इस ऑलराउंडर ने पिछले साल तक इसी फ्रैंचाइजी के साथ काम किया। पीकेएल के आठवें सीजन में योद्धा चौथे स्थान पर रहे, जो लीग के इतिहास में उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।



हालांकि, पिछले सीजन में योद्धा 11वें स्थान पर रहे, जो तेलुगु टाइटन्स से थोड़ा ऊपर था। पीकेएल 10 में गुरदीप ने 16 मैच खेले और 30 अंक अर्जित किए, जिसमें उनका टैकल स्ट्राइक रेट 51 प्रतिशत रहा।

इसके अलावा पटना ने दक्षिण कोरियाई रेडर जैंग कुन ली को 17.50 लाख रुपये में खरीदा। इस तरह रेडर की चार साल बाद भारत वापसी हुई। ली ने आखिरी बार पीकेएल में सीजन सात में खेला था, संयोग से उस समय भी वह पटना पाइरेट्स के साथ ही थे। उस सीजन में, पाइरेट्स अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहे।

दक्षिण कोरियाई रेडर ने उद्घाटन सत्र में बंगाल वॉरियर्स के साथ लीग में पदार्पण किया और फ्रैंचाइज़ी के साथ छह सीज़न पूरे किए।

जब बंगाल वॉरियर्स ने उन्हें 80.30 लाख रुपये की कीमत पर रिटेन करने का फैसला किया, तो वह पांचवें सीजन में सबसे महंगे पिक थे। बंगाल की टीम के साथ उनका सबसे अच्छा सीजन छठा सीजन था, जब टीम प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन एलिमिनेटर में बाहर हो गई।

### डब्ल्यूबीबीएल : अटापट्टू ने सिडनी थंडर के साथ तीन सत्र के लिये किया करार



**सिडनी।** सिडनी थंडर ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2024-25 से पहले प्री-ड्राफ्ट साइनिंग के जरिए अगले तीन सत्र के लिए श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के साथ करार किया है। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। अटापट्टू , जो पिछले सीज़न में थंडर के लिए एक अनड्राफ्टेड खिलाड़ी के रूप में खेली थीं, ने उनके रोस्टर में चौथा विदेशी स्लॉट भरा। उन्होंने थंडर के चौथे स्थान पर रहते हुए प्लेयर-ऑफ़-द-टूर्नामेंट प्रदर्शन के साथ सीज़न का समापन किया, जिसमें उन्होंने 42.46 की औसत से 552 रन बनाए और नौ विकेट लिए। अटापट्टू ने एक बयान में कहा, 卐अगले तीन सत्रों के लिए सिडनी थंडर के साथ जुड़ना एक आसान निर्णय था, क्योंकि मैं इस क्लब के विजन में विश्वास करती हूं और मैं इसकी भविष्य की सफलता का हिस्सा बनना चाहती हूं। उन्होंने कहा, मेरे सिडनी थंडर परिवार में प्यार करने के लिए बहुत कुछ है। मेरे साथी सिर्फ़ सहकर्मी नहीं हैं; वे दोस्त हैं जो हर दिन एक-दूसरे को बेहतर बनने के लिए प्रेरित करते हैं, जो मेरे लिए महत्वपूर्ण है।

# भाग्यश्री और सुमित होंगे पेरिस पैरालंपिक में भारत के ध्वजवाहक

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** पेरिस में 28 अगस्त से शुरु हो रही पैरालंपिक खेलों में भाग्यश्री जाधव और सुमित अंतिल भारत के ध्वजवाहक होंगे। इस बार के पैरालंपिक खेलों में भारत 84 सदस्यीय दल भेज रहा है। यह पैरालंपिक इतिहास में भारत का सबसे बड़ा दल है। इससे पहले टोक्यों ओलंपिक में 54 पैरालंपिक एथलीटों ने शिरकत की थी।



भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने बताया कि इस बार भारत तीन नए स्पर्धा पैरा साईकिलिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो में भी हिस्सा ले रहा है। इन तीनों खेलों को मिलाकर भारत पैरालंपिक में कुल 12 खेलों में चुनौती पेश करेंगे। महाराष्ट्र की भाग्यश्री ने 2022 एशियाई पैरा खेलों में गोला फेंक एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीता था और टोक्यो पैरालंपिक में सातवें स्थान पर रही थीं। उन्होंने फेजा विश्व कप और विश्व पैरा एथलेटिक्स खेलों में भी पदक जीते थे। स्टार पैरा भाला फेंक एथलीट सुमित ने 2020 टोक्यो पैरालंपिक में 68.55 मीटर के विश्व रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उन्होंने 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता तथा 2022 एशियाई खेल में 73.29 मीटर के थ्रो के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

# दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले संस्करण के लिए तैयार ईशांत शर्मा, ऋषभ पंत

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के उद्घाटन संस्करण में भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी ऋषभ पंत और ईशांत शर्मा अपने शानदार कौशल से प्रशंसकों को चकित करने के लिए तैयार हैं। दोनों खिलाड़ी पुरानी दिल्ली 6 टीम का हिस्सा हैं। डीपीएल शनिवार से नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू होने वाला है।

पुरानी दिल्ली 6 डीपीएल के अपने शुरुआती मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स (डीपीएल) का सामना करेगी। यह डीपीएल का भी पहला मैच होगा। पुरानी दिल्ली 6 में विस्फोटक विकेटकीपर पंत और अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा के इर्द-गिर्द बनी एक जबरदस्त टीम है। फ्रैंचाइज़ी ने ऑलराउंडर ललित यादव और बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम शर्मा को भी टीम में शामिल किया है। पुरानी दिल्ली 6 ने 20 वर्षीय सलामी बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर अर्पित राणा और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को भी टीम में शामिल किया।



पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने फ्रैंचाइज़ी की प्रेस रिलीज़ के हवाले से कहा, 'हम इस तरह के रोमांचक लाइनअप के साथ डीपीएल की शुरुआत करके रोमांचित हैं। ईशांत शर्मा और ऋषभ पंत के होने से हमारे पास जबरदस्त अनुभव और कौशल है, जिसने हमारे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। हमें विश्वास है कि पुरानी दिल्ली 6 लीग में एक मजबूत प्रभाव डालेगी।'

दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में 40 मैच होंगे, जिसमें 33 पुरुष और 7 महिला खेल शामिल हैं, जो सभी प्रतिष्ठित श्री अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह टूर्नामेंट 17 अगस्त से 8 सितंबर, 2024 तक चलेगा, जिसमें प्रशंसकों और खिलाड़ियों दोनों के लिए रोमांचक क्रिकेट एक्शन का वादा किया गया है।

**पुरानी दिल्ली 6 टीम-** ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

### बॉर्डर-गावस्कर सीरीज ऑस्ट्रेलिया जीतेगी : पोंटिंग

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ेगा। पोंटिंग के अनुसार इस दौरे में मेहमान टीम अधिक से अधिक एक मैच ही जीत पायेगी। पोंटिंग के इस बयान को उनके भारतीय टीम पर मनोवैज्ञानिक रणनीति बनाने की नीति भी माना जा रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल 16 अक्टूबर से एक टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। दोनों टीमों के बीच इस बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के तहत पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

# कैमरून ने फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2024 के लिए घोषित की टीम

**याउंडे, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** कैमरून फुटबॉल महासंघ (फेकाफुट) ने गुरुवार को अगले महीने कोलंबिया में होने वाले फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2024 के लिए टीम घोषित कर दी है। कैमरून की राजधानी याउंडे में प्री-टूर्नामेंट प्रशिक्षण शिविर के पूरा होने के बाद 24 खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप दिया गया। इसमें मुख्य रूप से घरेलू लीग में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

खेल विश्लेषक जेम्स मालू ने सिन्हुआ से कहा, स्पेन और फ्रांस में खेलने वाले कुछ ही खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा हैं, जिसका मतलब है कि कैमरून कोलंबिया में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान अपनी स्थानीय प्रतिभाओं को दिखाना चाहता है। ये लड़कियां अच्छी हैं और अच्छा प्रदर्शन करने का वादा करती हैं। टीम की अगुआई मिडफील्डर नाओमी एटो करेंगी।



एटो ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में कहा, हमें ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको और मेजबान कोलंबिया से बने एक कठिन समूह में रखा गया है। जब हम वहां जाएंगे तो हमारा ध्यान अपने काम पर रहेगा। हम वहां जीतने के लिए भी जा रहे हैं क्योंकि हम जीत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह पहली बार है जब इंडोमिटेबल लायनेसेस 24 टीमों के टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

### कैमरून की अंडर-20 टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर-** बिया कैथी, एनजीओले चेल्सी, एनजीए कैलिस्टे चैंटल।

**डिफेंडर्स-** माग मैरिएन इनेस, एस्सिमी इवौडो मार्लेन, डजची सेनिंग ऑर्लाइन, नगासेह एमबेले बर्नाडेट, एमबीएंडजी सूजी, यंगा जेह एस्टेले लिन्सी, एनजीओनो मैरी विक्ट्री।

**मिडफील्डर्स-** एनजॉक पौहे निकोल, दिवाविसा टोडौ तोइरे, टोको नजोया अख्ता, अजांग मवेम्बे बेरेनिस सिमोन, नाओमी एटो, मेगुयेप न्युयेप एंजेला, एनजीओक मोनिक।

**फॉरवर्ड्स-** कैमिला यवेटे दाहा, मेंडौआ ग्रेस डेविला, न्गुएलु सूफिया नीना, लामिन माना, एंगनेम्बेन एनी फ़ेलिशिया टाउटिना, मेवा किकी क्रिस्टियन, एनजीओ बिलोंग एंड्री एम.।

### दो ड्रॉ के साथ नए ला लीगा सीज़न की हुई शुरुआत

**मैड्रिड।** एथलेटिक क्लब बिलबाओ और गेटाफे ने गुरुवार रात एथलेटिक के सैन मैम्स स्टेडियम में 1-1 से ड्रॉ के साथ नए ला लीगा सीज़न की शुरुआत की। एथलेटिक के आक्रामक मिडफील्डर ओइहान सैंसेट ने 27वें मिनट में मैच का पहला गोल किया, हालांकि क्रिसेंटस उचे, जो पहली बार ला लीगा में खेल रहे थे, ने 64वें मिनट में हेडर के जरिये गोल कर अपनी टीम को 1-1 से बराबरी दिला दी। स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निको विलियम्स 20 मिनट के खेल के बाद एथलेटिक के लिए मैदान पर आए और कुछ मिनटों तक जादू दिखाया, लेकिन गेटाफे के गोलकीपर डेविड सोरिया ने कुछ महत्वपूर्ण बचाव किए। अंत में मैच 1-1 से ड्रा रहा। पिछले सीजन में तीसरे स्थान पर रहने वाली गिरोना को सेविले के बेनिटो विलामारिन स्टेडियम में बेटिस के खिलाफ एक अंक से संतोष करना होगा। मार्क बार्ट्रा ने कॉर्नर के बाद खेल के पांचवें मिनट में ही बेटिस को आगे कर दिया।




# दुनिया की पहली सीएनजी बाइक बजाज की फ्रीडम 125 अब दिल्ली एनसीआर में भी उपलब्ध

**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां)।** बजाज फ्रीडम 125 बनी दुनिया की पहली सीएनजी सिलेंडर-इंटीग्रेटेड बाइक है। खुशी की बात ये है कि ये बाइक अब दिल्ली एनसीआर में भी उपलब्ध है। बता दें बाइक 5 जुलाई को लांच हुई थी और इसकी पहली डिलीवरी भी शुक्रवार 16 जुलाई को पूणे में हो चुकी है।

अगर बाइक क्षमता और रेंज की बात करें तब बजाज फ्रीडम 125 में 2 किलो सीएनजी सिलेंडर और 2 लीटर का ऑक्सिलियरी पेट्रोल टैंक है, जो इसकी रेंज को 330 किलोमीटर तक बढ़ाता है। यह पेट्रोल बाइक की तुलना में चलाने की लागत को लगभग 50 प्रतिशत तक कम कर देती है।

बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रेसिडेंट सारंग कनडे ने बताया कि ग्राहक की बढ़ती मांग को देखकर दिल्ली एनसीआर में भी लांच कर दिया है। उनका मोटिव ये है कि भारत इस नई तकनीक का फायदा ज्यादा से ज्यादा उठा सके। बाइक की विशेषताओं पर बात की जाए तब फ्रीडम 125 में मोनो-लिंक्ड सस्पेंशन, लंबी और आरामदायक क्विल्टेड सीट, एलईडी हेडलाइट्स, डिजिटल स्पीडोमीटर और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं हैं। इसके सीएनजी टैंक और किट की सुरक्षा की कड़ी जांच की जाती है। यह मोटरसाइकिल तीन वेरिएंट्स में उपलब्ध है, जिनकी शुरुआती कीमत 94,995 है। फ्रीडम 125 को पांच रंगों में लाया गया है, जिसमें एबोनी ब्लैक, कैरेबियन ब्लू, साइबर व्हाइट, रेसिंग रेड, और पैटू ग्रे शामिल हैं। बजाज ऑटो का लक्ष्य देश के हर कोने में फ्रीडम 125 की उपलब्धता बढ़ाना है, और यह मोटरसाइकिल पर्यावरण की सुरक्षा और ईंधन लागत की बचत में भी बहुत बड़ा योगदान करेगी।

**फ्रीडम 125 में मोनो-लिंक्ड सस्पेंशन, लंबी और आरामदायक क्विल्टेड सीट, एलईडी हेडलाइट्स, डिजिटल स्पीडोमीटर और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं हैं**

## न्यूज ब्रीफ

### यूपीआई के नए फीचर में एक ही बैंक खाते से दो लोग कर सकते हैं भुगतान



**मुंबई।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई)प्लेटफॉर्म पर एक नया फीचर पेश किया है, जिससे ग्राहक अपने यूपीआई अकाउंट्स को दूसरों के साथ साझा कर सकेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई सर्कल डेलिगेट पेमेंट्स एक ऐसा फीचर है जिसमें यूपीआई अकाउंट का मास्टर एक्सेस अकाउंट होल्डर के पास रहता है लेकिन वह किसी और को भी भुगतान करने के लिए अकाउंट का एक्सेस दे सकता है। बैंक ऑफ बड़ौदा के डिजिटल बैंकिंग संचालन के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि यह फीचर परिवार के सदस्यों या परिचितों को भुगतान करने का अधिकार सौंपने का एक नया तरीका है। इसके जरिए दो व्यक्ति एक ही बैंक खाते से यूपीआई भुगतान कर सकते हैं। इस फीचर के तहत प्राइमरी यूजर सेकेंडरी यूजर के लिए एक मेन्डेट बना सकता है। प्राइमरी यूजर सेकेंडरी यूजर को पूरी या आंशिक रूप से भुगतान करने का अधिकार दे सकता है। यदि पूरा अधिकार दिया जाता है, तो सेकेंडरी यूजर को प्राइमरी यूजर द्वारा निर्धारित राशि का सीधे भुगतान करने का अधिकार होगा। आंशिक अधिकार की स्थिति में, सेकेंडरी यूजर को हर लेनदेन के लिए प्राइमरी यूजर से अनुमति का अनुरोध करना होगा। प्राइमरी यूजर सेकेंडरी यूजर के लिए ट्रांजेक्शन लिमिट भी सेट कर सकता है। एनपीसीआई के मुताबिक पूरे अधिकार पर अधिकतम मासिक सीमा 15,000 रुपए होगी।


### टेक कंपनी सिस्को 6,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी




**मुंबई।** सिस्को अपने वैश्विक कार्यबल में 7 फीसदी की कटौती करने की योजना बना रही है। यह दूसरी बार है जब टेक कंपनी ने इस साल छंटनी की घोषणा की है। इससे पहले फरवरी में सिस्को ने करीब 4,000 कर्मचारियों की छंटनी की थी। इन दिनों कई कंपनियों में छंटनी का दौर जारी है। इसी कड़ी में सिस्को में भी छंटनी की योजना पर काम हो रहा है। कंपनी ने फाइलिंग में कहा कि सिस्को ने प्रमुख विकास अवसरों में निवेश करने और अपने व्यवसाय में अधिक दक्षता लाने के लिए एक पुनर्गठन योजना की घोषणा की है। इस पुनर्गठन योजना से सिस्को के वैश्विक कार्यबल के लगभग 7 प्रतिशत पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।फाइलिंग में बताया गया है कि सिस्को छंटनी और अन्य उपायों के माध्यम से लागत में 1 बिलियन डॉलर की कटौती करने की योजना बना रहा है। इस प्रक्रिया में विच्छेद और अन्य एकमुश्त समाप्ति लाभ के साथ-साथ अतिरिक्त अन्य लागतें शामिल होंगी, जैसा कि कंपनी ने उल्लेख किया है, सिस्को को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में इन शुल्कों में से लगभग 700 मिलियन से 800 मिलियन की पहचान होगी और शेष राशि वित्त वर्ष 2025 के शेष समय के दौरान पहचानी जाने की उम्मीद है। टेक उद्योग ने 2024 में छंटनी की लहर देखी है। हाल ही में, इंटेल ने 15,000 नौकरियों में कटौती की घोषणा की, जबकि माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़ॅन और गूगल सहित बड़ी टेक कंपनियों ने भी अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती की है।

### रिलायंस की वायकॉम18 अपने कुछ टीवी चैनल कर सकती है बंद

**मुंबई।** रिलायंस की मीडिया कंपनी वायकॉक 18 अपने कुछ हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के चैनलों को बंद करने पर विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार वॉल्ट डिज्नी और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने विलय प्रस्ताव के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी लेने हेतु स्टार इंडिया और वायकॉम18 के कुछ हिंदी और क्षेत्रीय चैनलों को बंद करने की पेशकश की है। विलय के बाद दोनों कंपनियां प्रमुख हिंदी जीईसी चैनलों जैसे स्टार प्लस और कलर्स को बनाए रखते हुए कुछ अन्य चैनल बंद कर सकती हैं। इसके अलावा यह कन्नड़, मराठी और बांग्ला भाषा के बाजारों में चैनल बंद करने की योजना बना रही है। विलय के बाद बनने वाली स्टार और वायकॉम18 की यूनिट हिंदी, जीईसी, कन्नड़, बांग्ला और मराठी बाजारों में 40 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी होगी। स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टिंग तो इसका एकाधिकार होगा। उसके पास सभी प्रमुख क्रिकेट और नॉन-क्रिकेट खेलों को ब्रॉडकास्टिंग राइट्स होंगे। अगर किसी भी एंटिटी के पास किसी भी कैटगरी में 40 फीसदी से अधिक बाजार हिस्सेदारी होती है तो सीसीआई की नजर में यह वर्चस्व माना जाता है। इस मामले में आरआईएल और डिज्नी ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।




## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### ...तो क्यों ...

संबोधित करते हुए डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने कहा, इकबाल के बारे में सभी को अपने विचार रखने का अधिकार है, लेकिन दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) देश की एकता और अखंडता के साथ समझौता नहीं करेगा। डीयू में महात्मा गांधी, भीमराम अंबेडकर, विनायक दामोदर सावरकर के बारे में पढ़ाया जाएगा, लेकिन देश के विभाजन के लिए जिम्मेदार इकबाल के बरे में अब नहीं पढ़ाया जाएगा।डीयू के कुलपति ने कहा, शिक्षा और शोध के साथ-साथ विश्वविद्यालयों को ऐसे विचारवानों को भी तैयार करना चाहिए, जो राष्ट्र पर कभी संकट आने पर देश के लिए एकजुट खड़े हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि कोई नहीं चाहता था कि भारत का बंटवारा हो, लेकिन किसी ने भी इसके खिलाफ विरोध नहीं किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे।मोहम्मद इकबाल ने अपनी रचनाओं में इस्लामिक कट्टरपंथ को बढ़ावा दिया। तराना ए मिल्ली में उसने लिखा है कि काबा-पहला घर, जिसे बुतपूजकों से मुक्त करा लिया है। हम इसके संरक्षक हैं और यह हमारा रक्षक है। इकबाल के लाहौर से निकल कर ब्रिटेन जाने के बीच साल 1904-1910 के बीच उसमें वैचारिक परिवर्तन आया। वह रैडिकल इस्लामिस्ट बन गया और इंग्लैंड में भी जाकर कट्टरपंथी विचार फैलाए। पाकिस्तान के निर्माण की वैचारिक बीज उसी के दिमाग की उपज थी। उसने 29 दिसंबर 1930 को मुस्लिम लीग के अधिवेशन में अध्यक्षीय भाषण दिया था और साफ कहा था कि वो मुस्लिमों के लिए अलग देश की मांग करता है। उसने कहा था कि हिंदुस्तान में इस्लाम की रक्षा नहीं हो सकती और न ही मुस्लिमों की, ऐसे में अलग देश ही एकमात्र उपाय है।उल्लेखनीय है कि साल 2023 में ही डीयू की समिति ने एक प्रस्ताव पारित कर बीए-सेकंड इयर के सिलेबस में शामिल रहे इकबाल पर आधारित सामग्री हटाने की सिफारिश की थी। दिल्ली यूनिवर्सिटी एग्जीक्यूटिव काउंसिल की स्वीकृति के बाद इक़बाल को सिलेबस से हटाने की प्रक्रिया चल रही थी, जिसे बाद में हटा दिया गया।

### ...और धर्मांधों ...

साथ ही वह मंजे हुए कलाकार और पटकथा लेखन में भी माहिर थे। ऋत्विक घटक का जन्म 4 नवंबर साल 1925 में अविभाजित भारत के ढाका में हुआ था। ऋत्विक घटक ने सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत 1957 में ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म मुसाफिर से की थी। इसकी स्क्रिप्ट भी उन्होंने लिखी थी। ऋत्विक घटक ने भारतीय सिनेमा को बेहतरीन फिल्में दी थीं। उनमें मधुमती को काफी ख्याति मिली थी। उनकी प्रसिद्ध फिल्मों में मेघे ढाका तारा (1960), कोमल गंधार ई फ्लैट (1961) और सुवर्णरेखा (1962) मुख्य थीं। 6 फरवरी 1976 को सिनेमा के इस बहुमूल्य रत्न ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके काम में विभाजन की विभीषिका साफ दिखती रही है। वो देश के विभाजन के समय कोलकाता चले आए थे। साल 1976 में कोलकाता में उनका देहांत हो गया था। उन्होंने पुणे के एफटीटीआई में भी पढ़ाया था।ऋत्विक घटक ने सत्यजीत रे, तपन सिन्हा और मृणाल सेन जैसे प्रमुख समकालीन बंगाली फिल्म निर्माताओं के साथ काम किया। उनके सिनेमा को मुख्य रूप से सामाजिक वास्तविकता, विभाजन और नारीवाद के सूक्ष्म चित्रण के लिए याद किया जाता है। उन्हें जुक्ति तक्को आर गप्पो के लिए सर्वश्रेष्ठ कहानी के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का रजत कमल पुरस्कार मिला था। भारत सरकार ने ऋत्विक घटक को 1970 में कला के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया था। उस विभूति की बांग्लादेश के धर्मांध इस्लामपंथियों ने कीमत नहीं समझी और उनके घर को ध्वस्त कर दिया।

### जम्मू कश्मीर में...

मतदान हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर को पहले चरण का मतदान होगा। 25 सितंबर को जम्मू कश्मीर में दूसरे फेज की वोटिंग होगी। जम्मू कश्मीर में तीरसे चरण का मतदान एक अक्टूबर को होगा। चार अक्टूबर को मतगणना होगी।जम्मू कश्मीर में पहले फेज के लिए गजट नोटिफिकेशन 20 अगस्त को जारी होगा, वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 27 अगस्त होगी। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अगस्त होगी। 18 सितंबर को चुनाव होंगे। दूसरे फेज के लिए गजट नोटिफिकेशन 29 अगस्त को जारी होगा। नामांकन की आखिरी तारीख 5 सितंबर होगी और नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 9 सितंबर होगी। 25 सितंबर को चुनाव होंगे। तीसरे चरण के लिए गजट नोटिफिकेशन 5 सितंबर को जारी होगा। नामांकन की आखिरी तारीख 12 सितंबर होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 17 सितंबर होगी। एक अक्टूबर को चुनाव होंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, हाल ही में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। जम्मू कश्मीर के लोग चुनाव के लिए बेहत उत्सुक थे। जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव के दौरान वहां मतदान केंद्रों पर लंबी-लंबी कतारें जम्हूरियत की ताकत का बेहतरीन उदाहरण पेश करने वाली थीं। कश्मीर घाटी के तीन निर्वाचन क्षेत्रों में अच्छा मतदान हुआ। घाटी ने हिंसा को नकारा और बुलेट और बहिष्कार के बदले बैलेट को चुना। कश्मीरी प्रवासियों के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की गई थी ताकि हर नागरिक को पूरा अवसर मिला। तब सरलीकरण किया गया था। तब फॉर्म एम में ढील दी गई थी।

जम्मू-कश्मीर में चुनाव के दौरान पुनर्मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। कोई बड़ी हिंसा नहीं हुई। गड़बड़ी रोकने के लिए जम्मू-कश्मीर में 100 करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती भी हुई थी। जम्मू-कश्मीर में 90 निर्वाचन क्षेत्र हैं। यहां 87.09 लाख मतदाता हैं। 44.46 लाख पुरुष और 42.63 लाख महिला मतदाता होंगी। यहां पहली बार मतदान करने वालों की संख्या 3.71 लाख होगी। साथ ही कुल 20 लाख से ज्यादा युवा मतदाता होंगे। जम्मू-कश्मीर में 90 निर्वाचन क्षेत्र हैं। यहां 87.09 लाख मतदाता हैं। 44.46 लाख पुरुष और 42.63 लाख महिला मतदाता होंगी। यहां पहली बार मतदान करने वालों की संख्या 3.71 लाख होगी। साथ ही कुल 20 लाख से ज्यादा युवा मतदाता होंगे।370 हटने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे। 2019 में अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया गया था। उसके बाद से ही वहां के राजनीतिक दल लगातार राज्य का दर्जा वापस दिए जाने की मांग कर रहे थे। उधर, सरकार की ओर से कहा जा रहा था कि पहले राज्य में चुनाव होंगे और उसके बाद ही राज्य का दर्जा वापस दिया जाएगा।मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में जम्मू कश्मीर के हालात में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। आयोग को प्रदेश की जनता पर पूरा यकीन है। उन्होंने कहा कि आयोग ने अमरनाथ यात्रा के साथ-साथ सेब के किसानों और कारोबारियों की जरूरतों का पूरा ध्यान रखा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि लोकतंत्र के प्रति समर्पित जनता तमाम चुनौतियों का मिलकर मुकाबला करेगी।दूसरी तरफ, हरियाणा में विधानसभा की 90 सीटें हैं। इनमें से 73 सीटें सामान्य और 17 आरक्षित सीटें हैं। प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 2.01 करोड़ हैं, जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1.06 करोड़, महिला मतदाताओं की संख्या 0.95 करोड़ है। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा। चार अक्टूबर को रिजल्ट आएगा। वोटर सूची 27 अगस्त को जारी होगी। इस बार हरियाणा में स्लम और मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में अलग से पोलिंग बूथ लगाए जाएंगे। गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत में सोसाइटी में पोलिंग स्टेशन बनेंगे।हरियाणा में 20,629 पोलिंग स्टेशन होंगे। सभी पोलिंग स्टेशन सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे और वोटर हेल्पलाइन की वेबसाइट जारी रहेगी। हरियाणा विधानसभा में 90 सीटें हैं। बहुमत के लिए 46 का आंकड़ा चाहिए। पिछली बार भाजपा 40 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। इसके बाद भाजपा ने दस सीटें जीतने वाली जजपा के साथ मिलकर सरकार का गठन किया था। कांग्रेस को 31 सीटें मिली थीं। एक-एक सीट इनेलो और हलोपा के खाते में आई थी। सात सीटें निर्दलीयों ने जीती थी। इनेलो इस बार बसपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। वहीं लोकसभा चुनाव में एक साथ मैदान में उतरी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग ही चुनाव लड़ेंगी।निर्वाचन आयोग ने दो दिन के दौरान हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. एस एस संधू के साथ दो दिन में राजनीतिक दल, जिला निर्वाचन अधिकारी और 20 केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की।हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल की ओर से आयोग की टीम को बताया गया कि दो अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची के अनुसार राज्य में कुल 2.01 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें लगभग 1.06 करोड़ पुरुष और 95 लाख महिला मतदाता हैं। राज्य में 4.52 लाख से अधिक मतदाता (18-19 वर्ष) पहली बार मतदान करेंगे। 85 वर्ष से अधिक आयु के 2.55 लाख मतदाता और 1.5 लाख दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। 100 साल की आयु के 10 हजार से अधिक मतदाता हैं। अंतिम मतदाता सूची 27 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी।मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल के मुताबिक राज्य में कुल 20,629 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो 2019 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले 817 अधिक है। इनमें से 13,497 ग्रामीण क्षेत्रों में होंगे, जबकि 7,132 शहरी मतदान केंद्र होंगे। प्रति मतदान केंद्र औसतन 977 मतदाता होंगे। इनमें से 125 मतदान केंद्र महिलाओं की ओर से संचालित किए जाएंगे और 116 मतदान केंद्रों का प्रबंधन युवा कर्मचारी करेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र पर दिव्यांग को भी तैनात किया जाएगा। हाई राइज सोसाइटीज/कवर्ड कैंपस और झुग्गी बस्तियों में भी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। विधानसभा चुनाव में पहली बार 85 साल से ऊपर मतदाता और 40 फीसदी विकलांगता वाले दिव्यांगों को घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया जाएगा।

### महाराष्ट्र और झारखंड ...

विधानसभा चुनाव होने हैं, उसमें जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली शामिल है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने साफ किया कि सुरक्षा बलों की जरूरत के आधार पर निर्वाचन आयोग ने फिलहाल दो राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का फैसला किया है। उन्होंने चुनाव न कराने के दूसरे फैक्टर के रूप में महाराष्ट्र में भारी बारिश और आने वाले हफ्तों में कई त्यौहारों का भी जिक्र किया।

### हिंदुओं और...

बांग्लादेश को लोकतांत्रिक, स्थिर और शांतिपूर्ण देश बनाने के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ढाका में भारत के उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन के अधिकारियों के साथ बात कर भारत की चिंताओं से अवगत कराया है। हम हालात पर नजर रखे हुए हैं। जब तक हालात सामान्य नहीं होते, हमारी यह चिंता बनी रहेगी।विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि बांग्लादेश के साथ सामान्य वीजा सेवाएं फिलहाल बहाल नहीं की गई हैं। भारत ने कहा कि पूर्ण वीजा सेवाएं कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक होने पर ही बहाल होंगी। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में रहने के समय और उनकी भावी योजनाओं से जुड़े सवाल पर विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार की जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र की टीम बांग्लादेश पहुंच रही है। यह जानकारी अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने खुद अपने सोशल मीडिया फोरम से जरिए साझा की है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में जुलाई और इस महीने की शुरुआत में हुई छात्र क्रांति के दौरान हुए अत्याचारों की जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र अगले सप्ताह एक जांच टीम भेज रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की टीम प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे से पहले और बाद में हुई प्रदर्शनकारियों की हत्याओं और हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों पर हुए अत्याचार की जांच करेगी। टीम के बांग्लादेश दौरे की घोषणा बृहस्पतिवार को की गई। 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद यूएन की टीम पहली बार मानवाधिकारों के हनन की जांच करने के लिए पहुंचेगी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने बुधवार देर रात मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस को फोन करके इस फैसले की जानकारी दी।वोल्कर तुर्क ने बांग्लादेश सरकार को अपने समर्थन का आश्वासन दिया और कहा कि एक समावेशी, मानवाधिकार-केंद्रित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करेगा कि परिवर्तन सफल हो। मोहम्मद यूनुस ने कहा, मानव अधिकार उनके प्रशासन की आधारशिला होंगे और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मानवाधिकारों को बनाए रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र से सहयोग मांगा है। मुख्य सलाहकार ने बांग्लादेश के छात्रों की क्रांति का समर्थन करने और छात्र प्रदर्शनकारियों की अभूतपूर्व और विनाशकारी हत्याओं के दौरान उनके अधिकारों की वकालत करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को धन्यवाद दिया।

### हाईकोर्ट ने बंगाल...

नाकामी बताया है। हाईकोर्ट की पीठ ने कहा, आम तौर पर पुलिस के पास खुफिया शाखा होती है। हनुमान जयंती पर भी ऐसी ही घटना हुई। अगर 7,000 लोग इकट्ठा हो जाते हैं तो यह मानना मुश्किल होता कि राज्य पुलिस को पता नहीं था। आप किसी भी कारण से सीआरपीसी की धारा 144 के आदेश पारित करते हैं।

पीठ ने कहा, जब इतना हंगामा हो रहा हो तो आपको (राज्य सरकार एवं पुलिस को) पूरे इलाके की घेराबंदी कर देनी चाहिए थी। यह राज्य की मशीनरी की पूरी तरह से विफलता है। क्या इस बर्बरता को रोका जा सकता था, यह सवाल बाद में आता है। सभी सुविधाओं को तोड़ने का क्या कारण हो सकता है? हाईकोर्ट की पीठ ने कहा, हमारे विचार से पुलिस को घटना के लिए जिम्मेदार घटनाओं का पूरा क्रम रिकॉर्ड में दर्ज करना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टर, जो वर्तमान में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा दी जानी चाहिए। हमने पहले भी डॉक्टरों को मरीजों का इलाज करने के उनके दायित्व की याद दिलाई थी। न्यायमूर्ति शिवगनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने जूनियर डॉक्टर से रेप एवं हत्या वाली जगह पर मरम्मत के सवाल को लेकर भी राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया। पीठ ने राज्य सरकार से उन आरोपों पर जवाब देने को कहा, जिसमें अपराध स्थल से सबूत मिटाने के लिए नवीनीकरण का काम करने का आरोप लगाया गया है।इस पर पश्चिम बंगाल की ओर से पेश वकील ने इन आरोपों का खंडन किया और कहा, ये सभी आरोप कि पीओ (घटनास्थल) को ध्वस्त कर दिया गया है, नष्ट कर दिया गया है। यह सही नहीं हैं। जो विध्वंस कार्य हुआ वह पीओ के पास नहीं था। राज्य के वकील ने कहा कि नवीनीकरण का काम डॉक्टरों के लिए एक शौचालय के लिए था। हालांकि, अदालत ने इस कदम के समय पर सवाल उठाया। इस पर न्यायालय ने सवाल किया, आखिर इतनी जल्दी क्या थी? आप किसी भी जिला न्यायालय परिसर में जाइए, देखिए कि महिलाओं के लिए कोई शौचालय है या नहीं! मैं यह जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं। पीडब्ल्यूडी ने क्या किया है? हम मरीजों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कर देंगे और (आरजी कर) अस्पताल को बंद कर देंगे। यही सबसे अच्छा होगा।

राज्य की ओर से पेश महाधिवक्ता ने कहा कि अपराध स्थल के अवशेषों को सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा, मुद्दा पी.ओ. का है। अभी तक पीओ पर कोई तोड़फोड़ नहीं हुई है। इसके बाद पीठ ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार को घटनास्थल का तस्वीरों के साथ हलफनामा दायर करने के लिए कहा, ताकि यह दिखाया जा सके कि अपराध स्थल अभी भी बरकरार है। मुख्य न्यायाधीश शिवगनम ने राज्य सरकार को लताड़ते हुए कहा, पश्चिम बंगाल के नागरिक के रूप में आपको भी परेशान होना चाहिए। आप यहीं पैदा हुए और पले-बढ़े हैं! इससे आपको भी दुख होना चाहिए! इससे मुझे भी दुख होता है!उल्लेखनीय है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर की रेप के बाद उसकी क्रूरता से हत्या कर दी गई थी। इसके विरोध में पूरे देश के डॉक्टर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन के दौरान 14 अगस्त को हजारों की भीड़ वाली उपद्रवियों ने प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों पर हमला कर दिया था। इसके साथ अस्पताल में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की थी।

### डॉक्टरों की...

शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हिंसा की घटनाएं सामने आईं है। किसी भी तरह की हिंसा और हमले की रिपोर्ट संस्थान प्रमुख को 6 घंटे में करनी होगी। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एफआईआर दर्ज कराने की जिम्मेदारी पूरी तरह से संस्था प्रमुख की होती है। यह आदेश सभी एम्स और मेडिकल कॉलेजों के लिए लागू होगी।

### इसरो का ...

है, जो आपदा निगरानी से लेकर आग का पता लगाने और ज्वालामुखी गतिविधि अवलोकन तक के अनुप्रयोगों को सक्षम बनाता है। जीएनएसएस-आर पेलोड महासागर की सतह की हवा के विश्लेषण, मिट्टी की नमी के आकलन और बाढ़ का पता लगाने के लिए अभिनव रिमोट सेंसिंग क्षमताओं को प्रदर्शित करता है।ईओएस-08 में कई स्वदेशी रूप से विकसित घटक भी शामिल हैं, जिनमें सौर सेल निर्माण प्रक्रियाएं और माइक्रोसैट अनुप्रयोगों के लिए एक नैनो स्टार-सेंसर शामिल हैं। इसरो ने कहा था कि नवाचार के लिए मिशन की प्रतिबद्धता बेहतर प्रदर्शन के लिए एक्स-बैंड डेटा ट्रांसमिशन सिस्टम तक फैली हुई है। इसरो ने कहा था, अपने नियोजित एक वर्ष के मिशन जीवन के साथ, ईओएस-08 महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करने के लिए तैयार है, जो पृथ्वी की प्रणालियों की समझ को बढ़ाएगा और समाज और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए लाभकारी अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला का समर्थन करेगा।

### 370 हटने के ....

आखिरी बार जम्मू-कश्मीर में 2014 में विधानसभा चुनाव हुए थे। पांच चरणों में हुई वोटिंग के बाद पीडीपी को 28 सीटें मिली थीं, भाजपा भी 25 सीटें जीतने में कामयाब रही। वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस को 15 सीटें हासिल हुई थीं, कांग्रेस को सिर्फ 12 सीटों से संतोष करना पड़ा था। 2014 के विधानसभा चुनाव में किसी एक पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिल सका था। इसके बाद पीडीपी-भाजपा ने गठबंधन कर प्रदेश सरकार बनाई थी। जून 2018 में भाजपा के समर्थन वापस ले लेने से सरकार गिर गई थी। तबसे जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार नहीं है।2019 में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेश-जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बदल दिया गया। 370 हटने के बाद अब विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। जम्मू कश्मीर में 2014 में कुल 111 सीटें थीं। इनमें से 24 सीटें पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर के लिए निर्धारित हैं। बाकी 87 सीटों पर चुनाव हुआ था, जिसमें लद्दाख की भी चार सीटें शामिल थीं। 2014 में पीडीपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई थी। लेकिन पीडीपी भी बहुमत का जादुई आंकड़ा नहीं जुटा सकी थी। ऐसे में सामने आया पीडीपी ने भाजपा के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई थी।जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव 2024 में कुल वोट प्रतिशत 65.52 प्रतिशत रहा था। इसमें पीडीपी को 22.7 प्रतिशत, भाजपा को 23 प्रतिशत, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) को 20.8 प्रतिशत, कांग्रेस को 18 प्रतिशत, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस को 1.9 प्रतिशत, सीपीआईएम को 0.5 प्रतिशत वोट मिले थे।2020 में परीसीमन के बाद जम्मू संभाग में 6 सीटें और कश्मीर संभाग में 1 सीट जोड़ी गई। इससे विधानसभा की कुल सीटें बढ़कर 114 हो गईं, जिनमें से 24 सीटें पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर (पीओजेके) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के लिए तय हैं। बाकी 90 सीटों में से 43 सीटें जम्मू संभाग में और 47 सीटें कश्मीर संभाग में हैं। इस बार इन 90 सीटों पर मतदान होगा। दोनों संभागों की 9 सीटें एसटी के लिए और 7 सीटें एसटी के लिए आरक्षित हैं।



## रक्षाबंधन पर रहेगा भद्रा का साया

# सावन सोमवार होने से मिलेगा शिव जी का आशीर्वाद



- राखी बांधने के लिए दोपहर 2:07 से रात्रि 8:20 तक सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त
- रक्षाबंधन पर सर्वार्थ सिद्धि और रवियोग का महासंयोग

सावन माह की शुरुआत 22 जुलाई से हो चुकी है, जो कि 19 अगस्त तक चलेगा। जिस दिन सावन महीना खत्म होगा। उसी दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार रक्षाबंधन पर्व 19 अगस्त को मनाया जाएगा। इस साल भी रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा। रक्षाबंधन पर भद्रा का साया सुबह 5:53 से शुरू होगा, जो कि दोपहर 1:32 तक रहेगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि पंचांग के अनुसार, इस साल सावन के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 19 अगस्त सोमवार को रात 3:04 से शुरू हो रही है। यह 19 अगस्त को ही रात 11:55 पर समाप्त हो रही है। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार 19 अगस्त को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर भद्रा का साया सुबह 5:53 से शुरू होगा, जो कि दोपहर 1:32 तक रहेगा। भद्रा का वास पाताल लोक में है। इस बार राखी पर सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। रक्षाबंधन पर तीन शुभ योग भी बन रहे हैं। शोभन योग पूरे दिन रहेगा। वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 5:53 से 8:10 तक रहेगा और रवि योग भी सुबह 5:53 से 8:10 तक रहेगा। सोमवार के दिन श्रवण नक्षत्र की साक्षी भी इस शुभ दिन को खास बना रही है।

भारतीय ज्योतिष शास्त्र में वार, तिथि, योग, नक्षत्र व करण का अपना विशेष प्रभाव होता है। पंचांग के इन्हीं पांच अंगों से किसी भी त्यौहार की श्रेष्ठ स्थित तथा पर्व को खास बनाने वाले योगों का निर्धारण होता है। इस बार श्रावणी पूर्णिमा 19 अगस्त को सोमवार के दिन श्रवण उपरांत धनिष्ठा नक्षत्र तथा शोभन योग की साक्षी में आ रही है। सोमवार के दिन श्रवण नक्षत्र के होने से सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस साल भी रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा। रक्षाबंधन पर भद्रा का साया सुबह 5:53 से शुरू होगा, जो कि दोपहर 1:32 तक रहेगा। भद्रा का वास पाताल लोक में है।

हिंदू पंचांग के मुताबिक रक्षाबंधन सावन महीने की पूर्णिमा का हर साल मनाया जाता है। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का यह त्योहार पूरे भारत वर्ष में उत्साह के साथ मनाया जाता है और बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई की लंबी उम्र की कामना करती है, वहीं भाई भी बहन की रक्षा करने का संकल्प लेता है। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक रक्षाबंधन का पर्व भद्रा काल में नहीं मनाना चाहिए। धार्मिक मान्यता है कि भद्रा काल के दौरान राखी बांधना शुभ नहीं होता है। पौराणिक कथा के अनुसार लंकापति रावण को उसकी बहन ने भद्रा काल में राखी बांधी थी और उसी साल प्रभु राम के हाथों रावण का वध हुआ था। इस कारण से भद्रा काल में कभी भी राखी नहीं बांधी जाती है।

### पूर्णिमा तिथि

सावन के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 19 अगस्त सोमवार को रात 3:04 से शुरू हो रही है। यह 19 अगस्त को ही रात 11:55 पर समाप्त हो रही है। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार 19 अगस्त को मनाया जाएगा।





डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान, जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

### इस समय तक रहेगा भद्रा का साया

इस साल भी रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा। वैदिक पंचांग के अनुसार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया सुबह 5:53 से शुरू होगा, जो कि दोपहर 1:32 तक रहेगा। भद्रा का वास पाताल लोक में है। भद्रा काल में रक्षा सूत्र बांधने शुभ नहीं माना जाता है। ऐसे में 19 अगस्त को दोपहर में 1:32 मिनट के बाद रक्षा सूत्र बांधा जाएगा।

### बन रहा ये अद्भुत संयोग

ज्योतिष गणना के अनुसार, इस दिन कई शुभ संयोग भी बन रहे हैं। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ रवियोग और शोभन योग का निर्माण हो रहा है। इतना ही नहीं इस दिन सावन महीने का आखिरी सोमवार भी है। शोभन योग पूरे दिन रहेगा। वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 5:53 से 8:10 तक रहेगा और रवि योग भी सुबह 5:53 से 8:10 तक रहेगा। सोमवार के दिन श्रवण नक्षत्र की साक्षी भी इस शुभ दिन को खास बना रही है।

### राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

रक्षाबन्धन पर्व श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को भद्रा रहित तीन मुहूर्त या उससे अधिक व्यापिनी पूर्णिमा को अपराह्ण काल व प्रदोष काल में मनाया जाता है।

यथा पूर्णिमायां भद्रारहितायां त्रिमुहूर्त्ताधिकोदय व्यापिन्यामपराले प्रदोषे वा कार्यम् ( धर्मसिन्धु )

श्रावण शुक्लं पूर्णिमा दिनांक 19 अगस्त 2024 को रक्षाबन्धन है। इस दिन पूर्णिमा तिथि मध्यरात्रि 11:55 तक है। इस दिन भद्रा दोपहर 01:32 तक रहेगी, अतः भद्रा प्रारम्भ के समाप्ति के पश्चात् रक्षासूत्र (राखी) बाँधने हेतु चर-लाभ-अमृत-चर दोपहर 02:07 से रात्रि 08:20 तक रहेगा। इसके अतिरिक्त दोपहर 01:48 से अपराह्ण 04:22 तक विशेष मुहूर्त रहेगा। प्रदोष काल सायं 06:57 से रात्रि 09:10 तक तक रहेगा।

### 20 अगस्त शुरू हो जाएगा भाद्रपद मास

भाद्रपद मास 20 अगस्त 2024 से प्रारंभ होकर 18 सितंबर 2024 को समाप्त होगा।

### पूजा विधि

रक्षाबंधन के दिन अपने भाई को इस तरह राखी बांधें। सबसे पहले राखी की थाली सजाएं। इस थाली में रोली कुमकुम अक्षत पीली सरसों के बीज दीपक और राखी रखें। इसके बाद भाई को तिलक लगाकर उसके दाहिने हाथ में रक्षा सूत्र यानी कि राखी बांधें। राखी बांधने के बाद भाई की आरती उतारें। फिर भाई को मिठाई खिलाएं। अगर भाई आपसे बड़ा है तो चरण स्पर्श कर उसका आशीर्वाद लें। अगर बहन बड़ी हो तो भाई को चरण स्पर्श करना चाहिए। राखी बांधने के बाद भाइयों को इच्छा और सामर्थ्य के अनुसार बहनों को भेंट देनी चाहिए। ब्राह्मण या पंडित जी भी अपने यजमान की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधते हैं।

**ऐसा करते वक्त इस मंत्र का उच्चारण करना चाहिए**

**ॐ येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः।**

**तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल।।**

### भद्रा में नहीं बांधनी चाहिए राखी

भद्रा को शनि देव की बहन और क्रूर स्वभाव वाली है। ज्योतिष में भद्रा को एक विशेष काल कहते हैं। भद्रा काल में शुभ कर्म शुरू न करने की सलाह सभी ज्योतिषी देते हैं। शुभ कर्म जैसे विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, रक्षा बंधन पर रक्षासूत्र बांधना आदि। सरल शब्दों में भद्रा काल को अशुभ माना जाता है। मान्यता है कि सूर्य देव और छाया की पुत्री भद्रा का स्वरूप बहुत डरावना है। इस कारण सूर्य देव भद्रा के विवाह के लिए बहुत चिंतित रहते थे। भद्रा शुभ कर्मों में बाधा डालती थीं, यज्ञों को नहीं होने देती थी। भद्रा के ऐसे स्वभाव से चिंतित होकर सूर्य देव ने ब्रह्मा जी से मार्गदर्शन मांगा था। उस समय ब्रह्मा जी ने भद्रा से कहा था कि अगर कोई व्यक्ति तुम्हारे काल यानी समय में कोई शुभ काम करता है तो तुम उसमें बाधा डाल सकती हो, लेकिन जो लोग तुम्हारा काल छोड़कर शुभ काम करते हैं। तुम्हारा सम्मान करते हैं। तुम उनके कामों में बाधा नहीं डालोगी। इसी कथा की वजह से भद्रा काल में शुभ कर्म वर्जित माने गए हैं। भद्रा काल में पूजा-पाठ, जप, ध्यान आदि किए जा सकते हैं।

# पहली बार कर रही हैं कजरी तीज का व्रत तो जरूर रखें इन बातों का ध्यान

हिंदू पंचांग के अनुसार, कजरी तीज का व्रत हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि पर किया जाता है। कई स्थानों पर कजरी तीज को कज्जली तीज या सातुड़ी तीज के नाम से भी जाता है। इस दिन मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही इस दिन पर नीमड़ी माता के भी उपासना करने का भी विधान है।

### कजरी तीज शुभ मुहूर्त

भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि का प्रारम्भ 21 अगस्त, 2024 को शाम 05 बजकर 06 मिनट पर हो रहा है। वहीं इस तिथि का समापन 22 अगस्त, 2024 को दोपहर 01 बजकर 46 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, कजरी तीज का व्रत गुरुवार, 22 अगस्त को किया जाएगा।

### इस विधि से करें पूजा

कजरी तीज व्रत के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि से निवृत हो जाएं और निर्जला व्रत करने का संकल्प करें। इसके बाद पूजा स्थल की साफ-सफाई करने के बाद एक चौकी पर लाल या पीले रंग का कपड़ा बिछाएं। अब इस चौकी पर भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।

इस दिन शिव-पार्वती की मूर्ति मिट्टी से बनाने का भी विधान है। इसके बाद गौरी-शंकर की विधि-विधि पूर्वक पूजा करें। माता गौरी को 16 शृंगार की सामग्री अर्पित करें। साथ ही भगवान शिव को बेलपत्र, दूध, गंगा जल आदि अर्पित करें। इसके बाद कजरी तीज की कथा का पाठ करें। रात में चंद्र देव की पूजा कर उन्हें अर्घ्य दें और इसके बाद अपना व्रत खोलें।




### अशुभ मानी जाती हैं ये चीजें

कजरी तीज के दिन व्रत करने वाली महिलाओं को सफेद और काले रंग के वस्त्र पहनने से बचना चाहिए। ऐसा करना अशुभ माना जाता है। इस दिन मुख्य रूप से हरे, पीले और लाल रंग के कपड़े पहनने शुभ माने जाते हैं। वहीं व्रत के दिन महिलाओं को हाथों में मेहंदी जरूर लगानी चाहिए। साथ ही हाथ में चूड़ियां भी जरूर पहननी चाहिए, क्योंकि इस दिन खाली हाथ रखना अशुभ माना जाता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

कजरी तीज व्रत के दिन महिलाओं को अपने पति से लड़ाई-झगड़ा नहीं करना चाहिए। इस दिन किसी का अपमान न करें और न ही किसी से अपशब्द कहें। इस दिन गुस्सा आदि करने से भी बचना चाहिए, वरना इससे व्रत का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।

# रक्षाबंधन की तिलक थाली में क्या-क्या रखना है जरूरी?

रक्षा बंधन, जिसे राखी के नाम से भी जाना जाता है यह एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है, जिसका भारत में बहुत अधिक महत्व है। यह पर्व भाई-बहन के बीच के अटूट प्रेम का प्रतीक है। रक्षाबंधन शब्द का अर्थ है - सुरक्षा का बंधन। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बहनें इस दिन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और बदले में भाई अपनी बहन की रक्षा करने की कसमें खाते हैं, तो आइए पूजा से जुड़ी प्रमुख बातों को जानते हैं।

### रक्षाबंधन की थाली में शामिल करें ये चीजें

रक्षाबंधन की थाली में रोली, अक्षत, हल्दी, नारियल, राखी, दीपक, मावा से बनी मिठाई या फिर खीर आदि चीजों को शामिल करें। ऐसा कहा जाता है कि इनके बिना पूजा अधूरी होती है। साथ ही इन सभी चीजों का थाली में होना आवश्यक होता है, क्योंकि यह पूजा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।



ऐसा माना जाता है कि ये चीजें समृद्धि और शुभता का प्रतीक है, जिसे शामिल करने से भाई के जीवन में सौभाग्य और खुशहाली आती है।

### रक्षाबंधन शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार, सावन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि 19 अगस्त को रात्रि 03 बजकर 43 मिनट तक रहेगी। इसके पश्चात पूर्णिमा तिथि की शुरुआत हो जाएगी। सावन पूर्णिमा तिथि 19 अगस्त को देर रात 03 बजकर 43 मिनट पर शुरू होगी।

वहीं, इसका समापन 19 अगस्त को होगा। आपको बता दें, इस दिन भद्रा का साया भी रहेगा। ऐसे में समय को देखते हुए ही अपने भाई को राखी बांधें।

# रक्षाबंधन पर क्या करें क्या न करें ? शुभ परिणाम के लिए ध्यान रखें जरूरी नियम

भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व 19 अगस्त को मनाया जाएगा। इस पर्व को हिंदू धर्म में विशेष स्थान दिया गया है। भाई-बहनों को इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार रहता है। प्रत्येक वर्ष सावन माह की पूर्णिमा तिथि पर यह पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व पर राखी बांधने के दौरान कई बातों का ध्यान रखना चाहिए। इन नियमों के बारे में आपको यहां बताते हैं।

कब बांधी जाएगी राखी

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार वर्ष 19 अगस्त (सोमवार) को रात 3 बजकर 4 मिनट पर पूर्णिमा तिथि की शुरुआत होगी और इस दिन देर रात 11:55 बजे इस तिथि का समापन होगा। इस दौरान दोपहर 1 बजकर 32 मिनट से शाम 4 बजकर 20 मिनट तक राखी बांधने का शुभ समय रहेगा। इसके बाद प्रदोष काल में शाम 6 बजकर 56 से रात 9 बजकर 8 मिनट तक रहेगा।

## रक्षा बंधन पर क्या न करें

### टूटे अक्षत का उपयोग न करें

रक्षाबंधन पर राखी बांधने से पहले तिलक लगाया जाता है। इसमें अक्षत यानी चावल का उपयोग होता है। तिलक लगाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अक्षत टूटे हुए नहीं होने चाहिए। टूटे हुए अक्षत अशुभ माने जाते हैं।



### काले कपड़े न पहनें

हिंदू धर्म में पूजा-पाठ के दौरान काले कपड़े पहनना अशुभ माना जाता है। ऐसे में रक्षाबंधन के दिन काले रंग के वस्त्रधारण नहीं करने चाहिए।

### शुभ मुहूर्त में बांधें राखी

भाई को शुभ मुहूर्त में ही राखी बांधना चाहिए। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा, ऐसे में ध्यान रहे कि भद्र के दौरान भाई को राखी न बांधें। यह अशुभ समय माना जाता है।

## रक्षा बंधन पर क्या करें

### भगवान को अर्पित करें राखी

रक्षाबंधन पर भगवान को शुभ मुहूर्त में राखी अपर्ति करना चाहिए। इस दौरान भगवान को कुमकुम और चावल का तिलक लगाना चाहिए।

### तीन गांठ लगाएं

भाई को राखी बांधते समय तीन गांठ लगाना चाहिए। हिंदू मान्यता के अनुसार, यह गांठे ब्रह्मा, विष्णु और महेश को समर्पित मानी जाती है, तो शुभता का प्रतीक है।

### सिर ढंके

हिंदू धर्म में पूजा-पाठ के दौरान सिर ढंका जाता है। ध्यान रहे ही राखी बांधते समय भाई का सिर रुमाल अथवा टोपी से ढंका होना चाहिए।

### दाहिने हाथ में राखी बांधें

रक्षाबंधन के दिन भाई को दाहिने यानी हाथ में राखी बांधना चाहिए। हिंदू धर्म में दाहिने हाथ को कर्मों से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में सीधे हाथ में राखी बांधना शुभ माना जाता है।

# मुफासा-द लायन किंग का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज


## शाहरुख और उनके बेटे आर्यन-अबराम ने अलग-अलग किरदारों को दी आवाजें




बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान एक बार फिर से डिजनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म मुफासा: द लायन किंग में मुफासा के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म का हिंदी ट्रेलर रिलीज़ हो चुका है जिसमें न सिर्फ शाहरुख खान की वापसी देखने को मिल रही है बल्कि उनके बेटे आर्यन और अबराम भी इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं। ट्रेलर में जहां आर्यन खान ने सिम्बा को अपनी आवाज दी है वहीं अबराम ने युवा मुफासा की आवाज़ दी है। बारी जेन्किंस द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत में 20 दिसंबर को अंग्रेज़ी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज़ होगी।फिल्म और अपने बेटों के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए शाहरुख खान ने कहा, मुफासा: द लायन किंग, मुफासा के जीवन को बचपन से लेकर एक अद्भुत राजा बनने तक दिखाती है, और इस किरदार को फिर से निभाना असाधारण रहा है। डिजनी के साथ मेरा यह एक विशेष सहयोग है, खासकर इसलिए क्योंकि मेरे बेटे आर्यन और अबराम इस यात्रा का हिस्सा हैं और उनके साथ इस अनुभव को साझा करना वास्तव में सार्थक है।फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं और शाहरुख खान के साथ उनके बेटों की जोड़ी को देखने के लिए उत्सुक हैं।शाहरुख खान को बड़े पर्दे पर आखिरी बार जवान फिल्म में देखा गया था और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। उनकी आगामी फिल्म किंग है जिसमें वे बेटी सुहाना के साथ दिखाई देंगे।

# शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी की फिल्म अमरन की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

## 31 अक्टूबर को होगी रिलीज




साई पल्लवी, शिवकार्तिकेयन की अमरन की रिलीज डेट तय हो गई है। शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी की फिल्म अमरन 31 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है, इसलिए देशभक्ति के जोश से भरी दिवाली के लिए तैयार हो जाइए। यह फिल्म भारतीय सेना की राजपूत रेजिमेंट के एक कमीशन प्राप्त अधिकारी मेजर मुकुंद वरदराजन के जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल ड्रामा है, जो बहादुरी और बलिदान के लिए एक शक्तिशाली श्रद्धांजलि है।आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपनी वीरता के लिए मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित मेजर वरदराजन को शिवकार्तिकेयन ने जीवंत किया है, जो उनकी सामान्य हास्य भूमिकाओं से हटकर है। साई पल्लवी इस मार्मिक कहानी में उनके साथ शामिल होती हैं, और इस परियोजना में अपने निर्विवाद करिश्मे और अभिनय कौशल को जोड़ती हैं।अमरन के लिए उत्सुकता लगातार बढ़ रही है, निर्माताओं ने फिल्म की तीव्रता की झलकियों के साथ प्रशंसकों को चिढ़ाया है। आधिकारिक रिलीज की तारीख की घोषणा के साथ-साथ शिवकार्तिकेयन की विशेषता वाले एक भयंकर पोस्टर की हाल ही में रिलीज ने उत्साह को और बढ़ा दिया है।

अमरन उद्योग के दिग्गजों का एक संयुक्त प्रयास है, जिसमें निर्देशक राजकुमार पेरियासामी (जिन्हें रंगून के लिए जाना जाता है), उलगनयागन कमल हासन, आर महेंद्रन और सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस शामिल हैं, जो इस परियोजना को बड़े पैमाने पर समर्थन दे रहे हैं। संगीत स्कोर प्रतिभाशाली जीवी प्रकाश कुमार द्वारा रचित है।अपनी बहुभाषी रिलीज के साथ, अमरन पूरे भारत और उसके बाहर दर्शकों तक पहुंचने के लिए तैयार है, जो वीरता और देशभक्ति का संदेश फैलाएगा। मेजर मुकुंद वरदराजन की प्रेरक कहानी से प्रभावित होने और इस दिवाली अमरन की सिनेमाई चमक का अनुभव करने के लिए तैयार हो जाइए।

# भूमि पेडनेकर-ईशान खट्टर की द रॉयल का ऐलान

## नेटफ्लिक्स की मल्टीस्टारर सीरीज में दिखेंगे नामचीन स्टार्स




भूमि पेडनेकर, ईशान खट्टर और जीनत अमान स्टारर नेटफ्लिक्स सीरीज द रॉयल्स का अनाउंसमेंट हो चुका है जिसकी पहली झलक सामने आई है। नेटफ्लिक्स ने हाल ही में अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर द रॉयल्स की झलक शेयर की जिसमें हम कई सितारों को रॉयल्टी को प्रेजेंट करते हुए देखा जा सकता है। यह शो जल्द ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।नेटफ्लिक्स ने अपने ऑफिशियल अकाउंट पर शो की पहली झलक शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, आपकी आंखों के लिए एक शाही दावत, द रॉयल्स की घोषणा, जल्द ही आ रही है केवल नेटफ्लिक्स पर। इस सीरीज में ईशान खट्टर, भूमि पेडनेकर, जीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, मिलिंद, डिनो मोरिया, चंकी पांडे, विहान सामत जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।

नेटफ्लिक्स ने जैसे ही द रॉयल्स की अनाउंसमेंट की नेटिजन्स ने कमेंट सेक्शन में अपनी एक्साइटमेंट दिखाई। एक ने लिखा-वॉव कितना खूबसूरत है अब और इंतजार नहीं कर सकते। एक ने लिखा- शो ऑफ द ईयर। एक ने कमेंट किया-वाह मैं इसके लिए काफी एक्साइटेड हूं। एक ने कमेंट किया-ट्रेलर देखकर लग रहा है शो कितना सही होगा।द रॉयल्स को फोर मोर शॉट्स प्लीज फेम नूपुर अस्थाना और द नाइट मैनेजर फेम प्रियंका घोष ने निर्देशित किया है। फिलहाल शो की रिलीज डेट सामने नहीं आई है लेकिन यह जल्द ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

# श्रद्धा कपूर ने रेड आउटफिट में गिराई बिजली

## एक्ट्रेस की खूबसूरती ने फैंस को बनाया दीवाना



एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिल्म स्त्री 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। श्रद्धा अपनी फिल्म का प्रमोशन लाल रंग के कपड़ों में ही कर रही हैं क्योंकि यही फिल्म की थीम है। अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस रेड आउटफिट पहनी हुई दिखाई दे रही हैं।एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इन दिनों वो अपनी फिल्म स्त्री 2 को लेकर लगातार चर्चाएं बटौर रही हैं।श्रद्धा कूपर की फिल्म स्त्री 2 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। और वो लगातार अपनी फिल्म का प्रमोशन लाल रंग के कपड़ों में ही कर रही हैं क्योंकि यही फिल्म की थीम है।अब हाल ही में उनके लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने रेड कलर की शर्ट और क्रॉप टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा स्टनिंग और ग्लैमरस नजर आ रही हैं।ओपन हेयर को स्टाइलिश लुक देकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस बॉसी लुक में पोज देते हुए सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। बता दें कि श्रद्धा जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटो पर दिलखोलकर लाइक्स करते हैं।बता दें कि इन दिनों एक्ट्रेस ना सिर्फ अपनी बल्कि पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चाओं में हैं। अफवाहें है कि श्रद्धा कपूर ने अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी से ब्रेकअप कर लिया है।




# खतरों के खिलाड़ी ने दूर किया ऊंचाई का डर

## अब कभी नहीं बनेगा रुकावट : निमृत कौर अहलूवालिया



रोहित शेट्टी का स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी 14 इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं। इसमें बतौर कंटेस्टेंट शामिल होने वाली निमृत कौर अहलूवालिया ने खतरनाक स्टंट के जरिये ऊंचाई के अपने डर पर काबू पाया। एक्ट्रेस ने बताया कि यह डर अब उनके लिए कभी बाधा नहीं बनेगा।खतरों के खिलाड़ी 14 के पहले सप्ताह में निमृत ने एक स्टंट में अपने डर का सामना किया, जिसमें उन्हें ऊंचाई के डर को मात देनी थी। उन्होंने कहा कि शो में हिस्सा लेने से उन्हें अपने बारे में ज्यादा जानने का मौका मिला, जिससे वह पहले से ज्यादा मजबूत बन गईं।निमृत ने कहा, मेरे लिए खतरों के खिलाड़ी में हिस्सा लेना बेहद खास रहा है। ऊंचाई के डर पर काबू पाना कुछ ऐसा है, जिसके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। यह शो मुझे मेरी सीमाओं से आगे लेकर गया।अपने डर का सामना करने के बारे में उन्होंने कहा, मैंने अपने बचपन के डर का सामना किया और खतरनाक स्टंट को पूरा किया, जिससे अब मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया है। मैं अपने आगे के सफर को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं। अब ऊंचाई का डर मेरे रास्ते में कभी बाधा नहीं बनेगा।निमृत ने 2018 में फेमिना मिस मणिपुर का खिताब अपने नाम किया। पहली बार वह बी प्राक के गाने मस्तानी में दिखाई दीं। इसके बाद उन्होंने प्रियकांत लैशराम की फिल्म हु सेड बॉयज कांट वियर मेकअप? में काम किया।उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो भी किए, लेकिन उन्हें पहचान मिली साल 2019 में टीवी ड्रामा छोटी सरदारनी से। इस शो में उन्होंने मेहर ढिल्लों और सहर गिल का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी पहचान बनाई।कलर्स टीवी के रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 16 का हिस्सा बनने के बाद उनकी लोकप्रियता बढ़ी है। वह शो में छठे नंबर पर रहीं। इस सीजन के विजेता एमसी स्टेन रहे। उन्हें साल 2023 में श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा के म्यूजिक वीडियो जिहाल-ए-मिस्किन में देखा गया।

# ममता कानून व्यवस्था एवं महिला सुरक्षा में विफल, देना चाहिए इस्तीफा : भाटिया

## निर्ममता के राज में में गुंडागर्दी चरम पर, कानून व्यवस्था ध्वस्त

## ममता बनर्जी सहित इंडिया गठबंधन राजनीतिक गिद्धों का समूह

**जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को निर्ममता करार देते हुए आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल में गुंडा राज चरम पर है, कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है, महिला सुरक्षित नहीं हैं एवं संविधान का गला घोंटा जा रहा है और वह अपनी जिम्मेदारी नहीं संभाल पा रही है ऐसे में उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए

श्री भाटिया शुक्रवार को यहां भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में यह आरोप लगाते हुए यह मांग की। उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, मनीष सिसौदिया, उद्धव ठाकरे आदि पर पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डाक्टर दुष्कर्म हत्या मामले में चुप्पी साध लेने का आरोप लगाते हुए इन नेताओं को राजनीतिक गिद्ध करार दिया और कहा कि इन्हें वोटबैंक से उपर उठकर ऐसे जघन्य अपराध पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि इनको यह चुप्पी बहुत भारी पड़ेगी। ये लोग राजनेता या जननेता नहीं है ये तो राजनीतिक गिद्ध है जो बहन-बेटियों के अपराध में भी राज्य सरकार देखकर बोलते है।

उन्होंने सुश्री बनर्जी सहित इंडिया गठबंधन को राजनीतिक गिद्धों का समूह बताते हुए कहा कि सुश्री ममता बनर्जी को निर्ममता कहना चाहिए क्योंकि पश्चिम बंगाल में गुंडा राज चरम पर पहुंच गया और कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सुश्री बनर्जी को पीड़ित के साथ खड़ा होना चाहिए था लेकिन इस मामले में उन्होंने जांच को सीबीआई को ट्रांसफर करने में देरी की ताकि मौके से साक्ष्यों को नष्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की इस घटना ने देश को अंदर तक झकझोर दिया है जिससे देश इस घटना के बाद आक्रोशित और आंदोलित है वहीं टीएमसी के लोगों द्वारा न्याय के लिए शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे



लोगों पर आक्रमण कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया। क्राइम सीन से साक्ष्य मिटाने के साथ सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने का प्रयास किए गए। ममता सरकार ने क्राइम सीन के पास मरम्मत कार्य शुरू करवाकर अपने चेहतों को बचाने का प्रयास किया है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि बंगाल में गुंडा राज चरम पर है, कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई और अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने इस मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि सुश्री बनर्जी अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रही है और ऐसे में उन्हें अपना पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्ता की भूख की वजह से हमारी बहन-बेटियों के साथ अन्याय हो रहा हैं और ममता बनर्जी से प्रदेश संभल नहीं रहा है।

श्री भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी एवं अखिलेश यादव सहित इंडिया गठबंधन के नेता संविधान हाथ में लेकर तो घूमते है लेकिन इसे पढते नहीं और देश में इस तरह के जघन्य अपराध पर ना बोलकर उसी संविधान की आत्मा की हत्या कर रहे है। उन्होंने कहा कि सुश्री ममता बनर्जी के निर्ममता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस मामले में परिजनों को घंटों तक पार्थिव शरीर तक देखने नहीं दिया गया। इतना ही नहीं, गैंगरेप को आत्महत्या करार देकर मामले को रफा दफा करने तक का प्रयास किया गया। ममता सरकार ने मामला बिगड़ने पर एक व्यक्ति को आरोपी बनाया जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से लगता है कि सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ममता सरकार ने सामूहिक दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध को बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन भाजपा बहन बेटियों के साथ हो रहे अन्याय, उत्पीडन को सहन नहीं करेगी और देशभर में प्रेसवार्ता कर मीडिया के माध्यम से ममता सरकार के काले कारनामों को उजागर करने का प्रयास करेगी।

# हरियाणा में चुनाव के लिये भाजपा कार्यकर्ता तैयार : धर्मेन्द्र प्रधान

**चंडीगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव के लिये तैयार हैं। निर्वाचन आयोग ने आज ही हरियाणा विधानसभा चुनाव एक अक्तूबर को कराने की घोषणा की है। नतीजे चार अक्तूबर को घोषित होंगे।



उन्होंने गुरुग्राम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी है। भाजपा का कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है और कार्यकर्ताओं के जज्बे के दम पर हरियाणा में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने जा रही है। उन्होंने प्रदेश की नायब सैनी सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुये कहा कि 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी भाजपा सरकार ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार ने कृषि पद्धति को सशक्त करने के लिए 133.55 करोड़ रुपये के ऋण माफ किया ताकि किसान बिना चिंता के फसलें उगा सकें। श्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा, अग्निवीरों को 10 प्रतिशत नौकरी में आरक्षण और 5 लाख रुपये तक बिना ब्याज के ऋण मुहैया कराना नायब सरकार का ऐतिहासिक निर्णय है।

श्री प्रधान ने कहा कि कांग्रेस के समय में बिना पैसे के नौकरियां नहीं मिलती थी वहां केवल पर्ची और खर्ची चलती थी लेकिन भाजपा की सरकार ने पारदर्शी और ईमानदार शासन व्यवस्था लागू करके युवाओं को योग्यता के आधार पर एक लाख 40 हजार से ज्यादा नौकरियां दी हैं और पर्ची तथा खर्ची का सिस्टम समाप्त किया है। इससे पूर्व विधानसभा चुनावों की घोषणा होते ही हरियाणा भाजपा ने एक्स पर लिखा 4 अक्तूबर : हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार।

# चार अक्टूबर को भाजपा हरियाणा से बाहर : हुड्डा

**चंडीगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव का ऐलान होने पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अक्टूबर चार, भारतीय जनता पार्टी हरियाणा से बाहर।

श्री हुड्डा ने प्रेस वार्ता में दावा किया कि प्रदेश की जनता हरियाणा से भाजपा की विदाई और कांग्रेस की सरकार लाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आने वाली सरकार के कामों का रोड मैप भी तैयार कर लिया है। सरकार बनते ही एक साल के भीतर एक लाख पक्की भर्तियां की जाएंगी। हरियाणा से पेपर लीक और भर्ती माफिया का सफाया करके मेरिट के आधार पर नौकरियां दी जाएंगी। भर्ती प्रक्रिया और उसकी पारदर्शिता में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भर्तियों में अनियमितता के खिलाफ कड़े कानून लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बुजुर्गों को 6000 पेंशन, कर्मचारियों को ओपीएस, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 300 यूनिट मुफ्त बिजली जैसे वादे किए गए हैं। जल्द ही पार्टी का घोषणापत्र जारी होगा जिसमें पांच साल की सरकार के कामों का पूरा रोडमैप होगा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने किसानों पर लाठी, डंडे बरसाए हैं। युवाओं को पेपर लीक, भर्ती घोटाले, कौशल निगम और अग्निवीर जैसी ठेका प्रथा दी। खिलाड़ियों का उत्पीड़न करवाया।

## दसवीं कक्षा के छात्र ने सहपाठी छात्र को चाकू मारकर किया घायल

**उदयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान में उदयपुर शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र के भट्टियानी चौहट्टा स्थित सरकारी विद्यालय में शुक्रवार को दसवीं कक्षा में अध्ययनरत दो छात्रों के झगडे. में चाकूबाजी से एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मटियानी चोहट्टा में कक्षा दसवीं के दो छात्रों में आपसी कहासुनी के बाद एक छात्र ने अपने सहपाठी देवराज को चाकू मार दिया। घटना के बाद आरोपी छात्र मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्कूल में अफरातफरी मच गयी तथा विद्यालय प्रशासन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना में गंभीर रूप से घायल छात्र देवराज को उपचार के लिये महाराणा भोपाल सार्वजनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने बताया कि पुलिस आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है। घायल छात्र को अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बहुकोणीय मुकाबले में क्या होगी भाजपा की हैट्रिक?

**चंडीगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** चुनाव आयोग के एक अक्तूबर को हरियाणा विधानसभा चुनाव करवाने की घोषणा के साथ ही चुनावी बिगुल बज चुका है और राज्य में बहुकोणीय मुकाबला होगा जिसमें यह देखना दिलचस्प होगा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) क्या तीसरी बार सरकार बना पाती है या नहीं।

हरियाणा में 2104 से भाजपा का शासन रहा है। कुल 90 सदस्यीय विधानसभा में पिछले चुनाव यानी 2019 में पार्टी ने 40 सीटें जीतीं थीं और चौटाला परिवार में फूट के बाद बनी जननायक जनता पार्टी (जजपा) के 10 व निर्दलीय विधायकों के समर्थन से एक बार फिर मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। लोकसभा चुनाव से एन पहले, मार्च में भाजपा ने अचानक जजपा से नाता तोड़ दिया। पार्टी ने मुख्यमंत्री भी बदला और नायब सिंह सैनी को राज्य की कमान सौंपकर श्री खट्टर को लोकसभा चुनाव लड़वाया। वह करनाल से चुनाव जीतकर केंद्र में मंत्री बन चुके हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा झटका लगा था और प्रदेश की दस में से पाँच सीटें कॉंग्रेस ने उससे छीन लीं। यह देखने वाली बात होगी कि विधानसभा चुनाव में इसका क्या असर होता है।

कॉंग्रेस जहां लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित है और 'लोकसभा चुनाव में भाजपा को हाफ किया, विधानसभा चुनाव में साफ करेंगे' के दावे कर रही है, वहीं विधानसभा चुनावों में उसकी राह भी उतनी आसान नहीं लग रही। लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और कॉंग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा था। आप के हिस्से में एक सीट कुरुक्षेत्र आई थी, जहां से कड़े मुकाबले में भाजपा जीत गई। आप विधानसभा चुनाव अकेले अपने बूते लड़ रही है और दिल्ली व पंजाब के बाद हरियाणा में सरकार बनाने की महत्वकांक्षा पाले है।

सत्तारोधी वोट के दावेदार और भी हैं। जजपा भी पूरे दम-खम से चुनाव लड़ेगी और इनेलो, जिसे पिछले विधानसभा में केवल एक सीट (ऐलानाबाद) मिली थी, बहुजन समाज पार्टी के साथ मिलकर जोर आजमाइश की तैयारी कर रही है। भाजपा को विपक्ष में वोट बंटवारे का लाभ मिलने की उम्मीद है क्योंकि लोकसभा क्षेत्र बड़े होने से वोट कटने से किसी प्रमुख उम्मीदवार को उतना फर्क नहीं पड़ता जितना विधानसभा क्षेत्र छोटे होने के कारण पड़ता है। यहाँ हार-जीत का अंतर अपेक्षाकृत कम होता है।

अधिकारिक सूत्रों के अनुसार हरियाणा में दो अगस्त को तैयार की गई मसौदा मतदाता सूची के अनुसार दो करोड़ एक लाख मतदाता हैं जिनमें एक करोड़ छह लाख पुरुष हैं और 95 लाख महिलायें। मतदाता सूची को 27 अगस्त तक अंतिम रूप दिया जाएगा। मतदान के लिए 20629 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, इनमें 13,497 ग्रामीण भागों में और 7,132 शहरी इलाकों में होंगे। कुल 125 मतदान केंद्रों का संचालन केवल महिला कर्मचारी करेंगी, 116 मतदान केंद्रों का संचालन युवा कर्मचारी और हर विधानसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र का संचालन विकलांग कर्मी करेंगे। करीब 50 फीसदी मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग की जाएगी। करीब साढ़े चार लाख पहली बार वोट डालेंगे और 10 हजार मतदाता 100 वर्ष से अधिक की उम्र के हैं। इस बार 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्ग मतदाताओं और 40 फीसदी विकलांगता वाले मतदाताओं (जिनकी संख्या दो लाख 55 हजार है) को घर से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। हालांकि वह मतदान केंद्र पर आकर मतदान करना चाहें तो इसकी भी व्यवस्था की जाएगी।

## बेसमेन्ट में पानी भरने से तीन लोगों की मौत मामला

# मृतकों के आश्रितों को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में गत एक अगस्त को अतिवृष्टि से विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में बेसमेन्ट में पानी भरने से तीन लोगों की मौत के मामले में मृतक आश्रितों को शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से एक-एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि के चेक दिए।



डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने शासन सचिवालय में श्रीमती अमृता, अशोक सैनी एवं कतवारू सैनी को एक-एक लाख रूपये के आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि गत एक अगस्त को भारी वर्षा के कारण विश्वकर्मा ओद्यौगिक क्षेत्र में रोड नम्बर 17 में ध्वज नगर, वार्ड संख्या पांच के एक घर के बेसमेन्ट में पानी भरने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी। इस घटना पर दिया कुमारी ने मौके पर पहुंच कर पीड़ितों को सांत्वना दी और पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया था।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बारां बंद रहा

## हिंदू संगठनों ने निकाली आक्रोश रैली




**बारां, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में शुक्रवार को विभिन्न हिंदू संगठनों तथा सर्व समाज की और से बारां शहर बंद रहा।

बन्द को व्यापार महासंघ, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन समेत कई समाजों ने भी अपना समर्थन दिया है, जिसके कारण आज सभी स्कूल एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां तक की शहरवासी चाय नाश्ते के लिये भी तरसते रहे। हिंदू संगठनों के द्वारा दोपहर बाद साढ़े 12.30 बजे बाद कृषि उपज मंडी प्रांगण से विशाल आक्रोश रैली निकाली जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई प्रताप चौक पहुंची। बंगलादेश में हिंदू परिवारों एवं हिन्दुओं की बहन बेटियों पर हो रहे अत्याचार को लेकर लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिला था। बंद के आह्वान पर आवश्यक सेवाओं मेडिकल एवं पेट्रोल पम्प को छोड़कर सभी बाजार बंद रहे। चार मूर्ति चौराहा, प्रताप चौक, धर्माडा चौराहा, समेत इंद्रा मार्केट, सदर बाजार, सर्राफा बाजार, घंटाघर समेत विभिन्न बाजारों एवं चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा। बंद को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा, जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर एवं जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने शहर का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## भजनलाल ने अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

**जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से अलंकृत अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें नमन किया।



श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर श्री वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने दूरदर्शी एवं प्रगतिशील नेतृत्व में उन्होंने राष्ट्र को विकास के अभूतपूर्व शिखर तक पहुंचाया। एक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए उनके अथक प्रयासों को सदैव स्मरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनके उदात्त विचारों, आदर्शों और मुलयों का अनुसरण करते हुए हमारी सरकार विकसित भारत 2047, विकसत राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्णत: संकल्पित हैं।

# आज का राशिफल

### मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ़ खींचेगा। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफ़ी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है। आप इस दिन को अपनी ज़िन्दगी में कभी नहीं भूलेंगे, अगर आप प्यार में डूबने के मौक़े को आज यूं ही न गवाएं तो। अगर आपका साथी अपना वादा न निभाए तो बुरा महसूस न करें– आपको बैठकर बातचीत के ज़रिए मामला सुलझाने की ज़रूरत है। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिता सकते हैं। आपका जीवनसाथी किसी ख़ूबसूरत सरप्राइज़ से आपका दिन बना सकता है।

### वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आपको ख़ुद पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि नाराज़गी सभी के लिए नुकसानदेह है और यह सोचने–समझने की ताक़त को ख़त्म कर देती है। इससे सिर्फ़ मुश्किल बढ़ती है। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है. जो अपने प्रिय के साथ छुट्टियां बिता रहे हैं, ये उनकी ज़िन्दगी के सबसे यादगार लम्हों में से होंगे। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आप न चाहते हुए भी कोई गलती कर बैठेंगे जिसकी वजह से आपको अपने सीनियर्स की डांट सहनी पड़ सकती है। कारोबारियों के लिए दिन सामान्य रहने की उम्मीद है।

### मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड,छ,के,को,ह

पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है और आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं। पारिवारिक तनावों को अपनी एकाग्रता भंग न करने दें। बुरा दौर ज़्यादा सिखाता है। आपके प्रिय का मूड ठीक नहीं है, इसलिए सोच–समझ कर कोई भी काम करें। आप लम्बे समय से दफ़्तर में किसी से बात करना चाह रहे थे। आज ऐसा होना मुमकिन है। कार्यक्षेत्र में किसी काम के अटकने की वजह से आज आपका शाम का कीमती वक्त खराब हो सकता है। ज़्यादा ख़र्चे की वजह से जीवनसाथी से खट–पट हो सकती है।

### कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आज के दिन अपने धन का संचय करने का विचार बनाएं। पढ़ाई की क़ीमत पर घर से ज़्यादा देर तक बाहर रहना आपको माता–पिता के गुस्से का शिकार बना सकता है। करिअर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना कि खेलना–कूदना। इसलिए माता–पिता को ख़ुश करने के लिए दोनों में संतुलन बनाना ज़रूरी है। प्यार के मामले में आज आप ग़लत समझे जा सकते हैं। आज जितना हो सके लोगों से दूर रहें। लोगों को वक्त देने से बेहतर है अपने आपको वक्त दें। लेकिन आज सारी शिकायतें दूर हो जाएंगी।

### सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आपका ऊर्जा–स्तर ऊँचा रहेगा। करीबी रिश्तेदारों के घर जाना आज आपकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है। वैवाहिक बंधन में बंधने के लिए अच्छा समय है। आपके प्यार को न सुनना पड़ सकता है। यदि आप नई जानकारी और क्षमताएं विकसित करने की थोड़ी ज़्यादा कोशिश करेंगे, तो आपको बहुत लाभ होगा। सफ़र के लिए दिन ज़्यादा अच्छा नहीं है। लंबे समय से कामकाज का दबाव आपके वैवाहिक जीवन के लिए कठिनाई खड़ा कर रहा है। लेकिन आज सारी शिकायतें दूर हो जाएंगी।

### कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आज आपका ऊर्जा से भरपूर, ज़िंदादिल और गर्मजोशी से भरा व्यवहार आपके आस–पास के लोगों को ख़ुश कर देगा। बाहरी चीज़ों का अब कोई ख़ास मायने आपके लिए नहीं बचा है, क्योंकि आप ख़ुद को हमेशा प्यार की ख़ुमारी में महसूस करते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रतिद्वन्द्वियों को अपने ग़लत कामों का फल मिलेगा। वैवाहिक जीवन के लिहाज़ से यह बढ़िया दिन है। साथ में एक अच्छी शाम गुज़ारने की योजना बनाएं।

### तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

ठूंस–ठूंस कर खाने और ज़्यादा कैलोरी की चीज़ें खाने से बचिए। माली सुधार की वजह से ज़रूरी ख़रीदारी करना आसान रहेगा। ऐसे दोस्तों के पास जाएं, जिन्हें आपकी ज़रूरत है। आज आप कोई दिल टूटने से बचा सकते हैं। पेशेवर तौर पर अपने अच्छे काम की पहचान आपको मिल सकती है। इस राशि के लोगों को आज अपने आप को समझने की जरूरत है। यदि आपको लगता है कि आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गये हैं तो अपने लिए वक्त निकालें और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें।

### वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

अपने पैसे को संचय करने के लिए आज अपने घर के लोगों से आपको बात करने की जरुरत है। उनकी सलाह आपकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मददगार होगी। आम परिचितों से व्यक्तिगत बातों को बांटने से बचें। थोड़े बहुत टकराव के बावजूद भी आज आपका प्रेम जीवन अच्छा रहेगा और आप अपने संगी को खुश रखने में कामयाब होंगे। आज फ़ायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली–भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएं। लंबे अरसे के बाद जीवनसाथी के साथ काफ़ी वक़्त गुज़ारने का मौक़ा मिल सकता है।

### धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फ़ायदेमन्द साबित होंगे। आज आपके माता–पिता में से कोई आपको धन की बचत करने को लेकर लेक्चर दे सकता है, आपको उनकी बातों को बहुत गौर से सुनने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में परेशानी आपको ही उठानी पड़ेगी। दोस्तों और परिवार के साथ मज़ेदार समय बीतेगा। कोई आपको दिल से सराहेगा। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां आपके पक्ष में लगती हैं। जीवनसाथी से अच्छी बातचीत हो सकती है; आप महसूस करेंगे कि आप–दोनों में कितना प्यार है।

### मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

बैंक से जुड़े लेन–देन में काफ़ी सावधानी बरतने की ज़रूरत है। घर में और आस–पास छोटे–मोटे बदलाव घर की सजावट में चार चांद लगा देंगे। आज आपको निराशा हाथ लग सकती है, क्योंकि मुमकिन है कि आप अपने प्रिय के साथ सैर–सपाटे पर न जा पाएं। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है। व्यवसाय के लिए अचानक की गयी कोई यात्रा सकारात्मक परिणाम देगी। सफ़र के लिए दिन ज़्यादा अच्छा नहीं है। कोई व्यक्ति आपके जीवनसाथी में काफ़ी दिलचस्पी दिखा सकता है, लेकिन दिन के आख़िर तक आपको एहसास होगा कि इसमें कुछ ग़लत नहीं है।

### कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

स्वास्थ्य के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिज़ाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है और अपने व्यापार को बेहतर बनाने के लिए आपको पैसा खर्च करना पड़ सकता है। घर पर आपके बच्चे आपके सामने किसी समस्या को तिल का ताड़ बनाकर पेश करेंगे– कोई भी क़दम उठाने से पहले तथ्यों की भली–भांति पड़ताल कर लें। जॉब करने वाले जातकों को आज कार्यक्षेत्र में सोच–समझकर चलने की जरूरत है। आपके जीवनसाथी का मिज़ाज आज बढ़िया है।

### मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. घरेलू काम थका देने वाला होगा और इसलिए मानसिक तनाव की वजह भी बन सकता है। आपको अपने प्रिय के साथ समय बिताने की ज़रूरत है, ताकि आप दोनों एक–दूसरे को अच्छी तरह से जान व समझ सकेंगे। आपका खाली समय आज मोबाइल या टीवी देखने में बर्बाद हो सकता है। इससे आपके जीवनसाथी को आपसे खिन्नता भी होगी क्योंकि आप उनसे बात करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाएँगे।

## शनिवार का पंचांग

दिनांक : 17 अगस्त 2024 , शनिवार
विक्रम संवत : 2081
मास : श्रावण , शुक्ल पक्ष
तिथि : द्वादशी प्रात: 08:07 तक
नक्षत्र : पूर्वाषाढा प्रात: 11:49 तक
योग : प्रीति प्रात: 10:47 तक
करण : बालव प्रात: 08:07 तक
चन्द्रराशि : धनु सायं 05:29 तक
सूर्योदय : 05:59 , सूर्यास्त 06:40 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:07 , सूर्यास्त 06:39 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:59, सूर्यास्त 06:32 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:51, सूर्यास्त 06:30 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

शुभ : 07:30 से 09:00
चल : 12:00 से 01:30
लाभ : 01:30 से 03:00
अमृत : 03:00 से 04:30
राहुकाल : प्रात: 09:00 से 10:30
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : उडद खाकर यात्रा का आरंभ करें दिन विशेष : श्याम बाबा की बारस , शनि प्रदोष व्रत , त्रयोदशी तिथि का क्षय

पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# सहरसा में कोलकाता डॉक्टर दुष्कर्म हत्या कांड के विरोध में ठप रही ओपीडी सेवा

### भटकते रहे मरीज

**सहरसा (एजेंसियां)।** कोलकाता की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में बुधवार को सहरसा के सरकारी और निजी अस्पताल में ओपीडी सेवा ठप रही। खासकर सदर अस्पताल में ओपीडी सेवा ठप रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग इलाज के लिए इधर-उधर भटकते हुए नजर आए।

अस्पताल पहुंचे लोगों ने कहा कि वे लोग सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए थे। लेकिन, यहां आने के बाद ओपीडी बंद होने और हड़ताल की जानकारी मिली। हालांकि, इमरजेंसी सेवा बहाल रहने के कारण जिन मरीजों को आवश्यकता थी, उन्हें चिकित्सक ने सलाह दी।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की देर शाम सदर अस्पताल परिसर से




आईएमए सहरसा शाखा के कई चिकित्सकों ने कैंडल मार्च निकाला था। वे लोग कोलकाता में हुए महिला डॉक्टर की दुष्कर्म हत्या मामले को लेकर मर्माहत और आक्रोशित थे। उन्होंने हत्यारों को फांसी देने की मांग रखी। उनका स्लोगन था 'अभी कैंडल मार्च झांकी है, न्याय नहीं तो आंदोलन बाकी है'। उक्त स्लोगन से उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से जल्द कार्रवाई की भी मांग रखी। साथ ही जल्द करवाई न किए जाने पर और उग्र प्रदर्शन किए जाने की बातें कही।

मौके पर मौजूद आईएमए अध्यक्ष डॉ. केके झा ने बताया कि कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या ड्यूटी के दौरान की गई। वे इमरजेंसी ड्यूटी पर थीं। हम उनके साथ वीभत्स घटना की घोर निंदा करते हैं। आईएमए के सभी सदस्य कैंडल मार्च निकालकर हत्यारों को फांसी की सजा की मांग करते हैं।

वहीं, डॉ. गोपाल शरण सिंह ने बताया कि हम लोग सीमित साधन में सेवा देते हैं। हम लोग लोगों को समुचित सेवा देते हैं। ऐसे में महिला चिकित्सक के साथ अपराध होना सिर्फ डॉक्टर वर्ग में ही नहीं, बल्कि समाज के लोगों के लिए सोचनीय विषय है। हमारा समाज किस ओर जा रहा है। नए समाज की संरचना हो रही है। हम 21वीं सदी की ओर जा रहे हैं। हम लोग पढ़े-लिखे लोग हैं। हमारा देश का स्थान ऊपर जा रहा है। उसमें इस तरह के अपराधों के लिए कोई जगह नहीं है। इसलिए जितना जल्दी से जल्दी हो सके निदान किया जाए और सुरक्षित माहौल दिया जाए।

डॉ. कल्याणी सिंह ने कहा कि कार्य स्थल (वर्किंग प्लेस) पर असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगे। महिला चिकित्सक देवनाथ के मामले में भी एक बाहरी आदमी पर हत्या का आरोप लगा है। ऐसे में अस्पताल परिसर को असामाजिक तत्वों से मुक्त किया जाए। सिक्योरिटी गार्ड की भी पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। महिला चिकित्सकों के लिए आराम करने के लिए भी थोड़ी सी जगह चाहिए। चूंकि जूनियर डॉक्टर लगातार 24 घंटे से 48 घंटे ड्यूटी करते हैं तो ऐसे में बीच में आराम करने के लिए भी उनको एक सुरक्षित जगह उपलब्ध होनी चाहिए।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अगर जल्द से जल्द निर्णय नहीं होगा तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य सरकार और केंद्र सरकार से मांग है कि महिला चिकित्सकों को सुरक्षित माहौल दिया जाए।

# बेऊर जेल से बाहर निकले बाहुबली अनंत सिंह

### कहा- अब बढ़िया लग रहा है, गांव जा रहे



**पटना (एजेंसियां)।** पटना हाई कोर्ट से बड़ी होने के दो दिन बाद ही पूर्व विधायक व बाहुबली आनंद सिंह आज सुबह बेऊर जेल से बाहर निकल गए। जेल के बाहर उनके समर्थकों की भी उमड़ पड़ी थी। जेल से बाहर निकलते ही अनंत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अब बढ़िया लग रहा है। यह कहते हुए वह अपने पैतृक गांव नदमा के लिए रवाना हो गए। यहां उनके समर्थकों ने उनके स्वागत की तैयारी की है। बता दे कि बुधवार को ही पटना हाई कोर्ट ने अनंत सिंह को एके-47 समेत दो बड़े केस में राहत देते हुए बरी कर दिया था।

विधायकी गंवाने वाले बाहुबली और मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह पांच मई को पटना के बेउर जेल से बाहर निकल गये हैं। गृह विभाग से हरी झंडी मिलने के बाद अनंत सिंह को जेल से 15 दिनों के लिए पैरोल मिला था। आनंद सिंह के जेल से निकलने पर उनके समर्थकों में काफी उत्साह का माहौल है। अनंत सिंह के पैतृक गांव नदवां में लोगों ने जमकर पटाखे छोड़े, मिठाइयां बाटी और एक दूसरे को गुलाल लगाये।

बता दें अनंत सिंह लगभग 5 वर्षों से जेल में बंद थे। अनंत सिंह पर एके 47 रखने का आरोप लगा था, जिसके तहत कोर्ट ने उन्हें 10 वर्ष की सजा सुनाई थी। तब से मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह पटना के बेउर जेल में सजायाफ्ता बंदी के रूप में सजा काट रहे थे।

# मोतिहारी में भीषण सड़क हादसा, जीजा-साली की मौत

**पटना (एजेंसियां)।** मोतिहारी में ट्रक और बाइक के जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई है। घटना सुगौली के सिकरहना पुल पास हुई। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार जीजा-साली को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मोत गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया। साथ ही दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि शिरनी मलाही निवासी भुनी लाल महतो के पुत्र रनु महतो अपने ससुराल से साली (पश्चिम चंपारण



के गुदरा गांव निवासी भुवर महतो की पुत्री) को लेकर आ रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ।

बताया जा रहा है कि गुरुवार रात खाना खाने के बाद गुदरा गांव से अपनी साली संध्या कुमारी को गुदरा गांव लेकर निकल रहे थे। जैसे ही सिकरहना पुल के समीप पहुंचे तो छपवा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चपेटे में आने से जीजा-साली की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। घटना की खबर सुन आसपास के ग्रामीणों घटनास्थल पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर परिजन पहुंच कर विलाप करने लगे।

परिजनों ने बताया कि रनु कुमार की पत्नी की तबीयत खराब हो जाने के कारण अपनी साली को ले जाने के लिए गुदरा आया हुआ था। साली को अपने घर ले जाने के क्रम में सिकरहना पुल के पास दुर्घटना में दोनों की मृत्यु हो गई है। रनू महतो अपने पीछे एक पुत्र और पत्नी को छोड़कर चला गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता बंगलौर के कमाने गए हुए हैं। रनू महतो शिरनी मलाही में ही रहकर ट्रैक्टर चालक का कार्य करता था।

# नालंदा में साइबर अपराधियों ने युवक को अगवा कर उतारा मौत के घाट

### पुलिस मुखबिरी को लेकर हत्या की आशंका

**पटना (एजेंसियां)।** नालंदा में 20 साल के एक युवक को अगवा कर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गई। मामला मानपुर थानाक्षेत्र के नेवाजी बीघा के पास गोड़धोबा नदी का है। मृतक की पहचान सिलाव थानाक्षेत्र के डोडाचक निवासी अशोक यादव के बेटे गणेश कुमार (20) के रूप में की गई है। गणेश वर्तमान में अपने ननिहाल नेवाजी बीघा गांव में रह रहा था। शव घर से एक किलोमीटर दूर बरामद किया गया है। पास में ही युवक की मोटरसाइकिल भी जली हुई अवस्था में बरामद की गई है।



घटना को लेकर गणेश कुमार की पत्नी रिया राज ने बताया कि गांव के ही विक्रम कुमार ने गुरुवार की शाम फोन कर उन्हें बाहर बुलाया। फिर गणेश कुमार की हत्या करवा दी गई। पहले अपराधियों ने आंख फोड़ दी, फिर चाभी से शरीर में गोद दिया और बेरहमी से हत्या कर दी।

गणेश के भाई कुंदन कुमार ने बताया कि गांव में कुछ लोग साइबर क्राइम से जुड़े हुए हैं, जिसकी सूचना उसका भाई लोकल पुलिस को देता था। इसकी भनक साइबर अपराधियों को लग गई थी। इसके बाद अपराधी गणेश कुमार की हत्या करने की साजिश में जुट गए। कुंदन ने आगे बताया कि उनका भाई गणेश दीपनगर थानाक्षेत्र के ग्रीन व्यू होटल के पास रुका हुआ था। तभी आठ मोटरसाइकिलों पर सवार कुल 16 लोग आए और उसके भाई को वहां से घसीटते हुए मारपीट करते हुए ले गए। फिर घोड़ाघाट के पास उसकी हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया और उनके भाई की मोटरसाइकिल को भी आग लगा दी गई। शुक्रवार की सुबह भाई का शव बरामद किया गया।

सदर एसडीपीओ नूरुल हक ने पुलिस मुखबिर होने की बात से इनकार करते हुए कहा कि गुरुवार की शाम सूचना मिली थी कि गणेश के साथ गांव में कुछ लोगों द्वारा मारपीट की जा रही है। तत्काल मानपुर पुलिस गांव पहुंची जहां गणेश नहीं मिल सका। परिजन द्वारा गांव के कुछ लोगों का नाम बताया गया, जिनके द्वारा घटना को अंजाम देने की बात कही गई है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। अभी तक परिवार द्वारा लिखित आवेदन नहीं मिला है। लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से छानबीन में जुट गई है।

गणेश कुमार ट्रैक्टर चलवाने का काम करता था। वह पूर्व में दो बार जेल जा चुका है। गणेश दो भाई और एक बहन में दूसरे नंबर पर था। चर्चा है कि साइबर अपराधियों से गणेश कुमार पैसे की मांग करता था। पैसे न देने पर पुलिस को उनके बारे में जानकारी देने की बात कहता रहता था।

# फल्गु नदी में डूब रहे वृद्ध को ग्रामीणों ने निकाला बाहर, एक लापता





### खोज में जुटी एसडीआरएफ की टीम

**गया (एजेंसियां)।** बिहार के गया जिले में फल्गु नदी पार करने के दौरान अचानक पानी बढ़ने से दो लोग डूबने लगे। ग्रामीणों ने एक वृद्ध व्यक्ति को डूबने से बचाया। लेकिन एक व्यक्ति लापता हो गया। उक्त व्यक्ति की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम जुटी है। मिली जानकारी के मुताबिक गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र के हरिदासपुर गांव में फल्गु नदी को पार करने के क्रम में दो वृद्ध पानी में डूबने लगे। जैसे ही दोनों वृद्ध पर ग्रामीणों की नजर पड़ी तो नदी में कूद पड़े। वहीं एक वृद्ध बालेश्वर यादव अभी तक लापता हैर। किसी तरह ग्रामीणों ने दुर्गा चौधरी को बचा लिया। ग्रामीणों के द्वारा फल्गु नदी में काफी खोजबीन की लेकिन लापता वृद्ध नहीं मिल पाए हैं।

शुक्रवार की सुबह एसडीआरफ की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर ढूंढने का कार्य करने में जुटी है। वहीं एक वृद्ध को बचाने का वीडियो ग्रामीणों ने बनाया है को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस संबंध में ग्रामीण योगेंद्र यादव ने बताया कि लारू बाजार में सब्जी लेने के लिए फल्गु नदी को पार कर जा रहा था। तभी नदी में अचानक पानी बढ़ गयी और तेज बहाव से वह नदी में बने गड्ढ में जा फंसे। उन्होंने कहा कि बरसात के पूर्व अवैध बालू माफियाओं के द्वारा अवैध खनन को लेकर नदी में 40 फीट से अधिक कई गड्ढा बना चुका है। अब फल्गु नदी में पानी आ गया है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं हो रही है।

# बेतिया में सड़क हादसे में घायल हुए छात्र की इलाज के दौरान मौत, दूसरे युवक की हालत गंभीर

**बेतिया (एजेंसियां)।** बेतिया में सड़क हादसे में घायल हुए छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि उसके पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बगहा पुलिस जिले के भैरोगंज की है। बताया जा रहा है कि कार-बाइक की टक्कर में छात्र की मौत हुई है। मृत छात्र की पहचान भैरोगंज तोनवा त्रिभवनी निवासी अमरदीन मियां के बेटे सेराज आलम (14) के रूप में हुई है, जो लक्ष्मीपुर हाई स्कूल के वर्ग 9वीं का छात्र है। जबकि पीछे बैठे दूसरे युवक की पहचान नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार, सड़क हादसे का शिकार हुए दोनों छात्र बाइक से किसी अन्य जगह गए हुए थे। वहां से वे अपने घर को वापस लौट रहे थे। बारिश भी हो रही थी। इसी दौरान भैरोगंज पेट्रोल पंप के पास मोड़ के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गई। दोनों घायल सड़क पर छटपटाने लगे। उसके बाद आसपास के लोगों ने दोनों युवकों को आनन-फानन में इलाज के लिए भैरोगंज अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायल सेराज आलम को बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा रेफर कर दिया गया। वहीं, अनुमंडलीय अस्पताल बगहा ले जाने के दौरान गुरुवार की देर रात उसकी मौत हो गई। दूसरे घायल युवक का इलाज भैरोगंज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। हालांकि उसकी पहचान नहीं हो सकी है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर, घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि दुर्घटना स्थल पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दिशा में पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस क्षेत्र में गति नियंत्रण के लिए कदम उठाने की मांग की। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इधर, थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# अपराधियों ने युवक की गोली मारकर की हत्या, दोस्तों पर लगा आरोप

**पटना (एजेंसियां)।** बेखौफ अपराधियों ने पटना में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सुलतानगंज थाना क्षेत्र के पत्थर की मस्जिद के पास की है। मृतक की पहचान बिट्टू उर्फ मोहम्मद राजू के रूप में हुई है।

वह मोटर मैकेनिक का काम करता था। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। परिवार के लोगों ने युवक को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पटना सिटी के सुलतानगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी और पटना सिटी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। बातचीत के क्रम में उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पटना से एफएसएल टीम को बुलाया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को देखा जा रहा है। परिवार के लोगों से भी हत्या से जुड़े मामले में बातचीत की जा रही है।

घटना की जानकारी देते हुए मोहम्मद राजू का भाई मोहम्मद महताब आलम ने बताया कि गुरुवार की शाम मोहम्मद राजू अपनी मां को पटना सिटी के खानकाह में छोड़कर वापस अपने दुकान के लिए लौट गया था। कुछ देर बाद मां ने जब उसे फोन किया तो राजू ने कॉल रिसीव नहीं किया नहीं उठाया। कई बार कॉल करने पर किसी दुसरे शख्स ने फोन रिसीव किया जिसके बाद राजू की मां काफी घबरा गई।

# गिट्टी-बालू व्यवसायी के घर पर गोलीबारी वारदात के बाद से दहशत में परिवार

**पटना (एजेंसियां)।** पटना के राजीव नगर थानाक्षेत्र के रोड नंबर 23 स्थित गिट्टी-बालू व्यवसायी राकेश कुमार के घर पर अपराधियों ने गोलीबारी कर दी। हालांकि इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद परिवार के लोग दहशत के माहौल में हैं। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। घटना को लेकर राकेश कुमार ने मामले की जानकारी राजीव नगर थाना पुलिस को दी।




सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का एक खोखा बरामद किया है। घटना की जानकारी देते हुए राजीव नगर थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को गिट्टी व्यापारी राकेश कुमार ने यह सूचना दी है कि उनके घर पर अपराधियों द्वारा गोलीबारी की गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना के बाद सत्यापन के लिए राजीव नगर थाना से पदाधिकारी को भेजी गई थी। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद राजीव नगर के पदाधिकारी ने मौके से एक खोखा बरामद किया है। घटना का कारण पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि फिलहाल राकेश कुमार से उनकी कोई बातचीत नहीं हो पाई है। इस वजह से घटना के कारण का पता लगाना अभी मुश्किल हो रहा है।

उन्होंने बताया कि जब तक राकेश कुमार से उनकी मुलाकात या बातचीत नहीं हो जाती है, तब तक इस मामले में कुछ भी बता पाना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। घटना के बाद परिवार के लोग डरे-सहमे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com